

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले विराट कोहली ...

लोगों की जिंदगी में बेहतर बदलाव लाना केजरीवाल ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 251 | पटना, बुधवार, 25 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## मुख्यमंत्री ने पूर्वी चंपारण जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में की समीक्षा बैठक

# सूबे के हर क्षेत्र में किया जा रहा है विकास का काम : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चंपारण जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समाहरणालय प्रांगण स्थित डॉ राधाकृष्णन सभा भवन में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। 24 नवंबर 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। हर क्षेत्र में विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। शिक्षा और स्वास्थ्य का काफी बुरा हाल था। प्रायः हिन्दु-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें आती थी। उन्होंने कहा कि जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया, तब से बिहार की स्थिति बदली है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। हमलोग मिलकर लगातार बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। हम दो बार गलती से इधर से उधर चले गए। वे लोग जननायक स्व० कपूर्री ठाकुर जी द्वारा पिछड़ों एवं अतिपिछड़ों को दिए गए आरक्षण को खत्म कर देना चाहते थे इसलिए हम उनसे अलग हो गए, अब आगे ऐसा नहीं होगा। वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। शेष कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। हमलोगों देखा कि मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही है। जिसको देखते हुए मंदिरों की चहारदीवारी कराने का निर्णय लिया गया ताकि मंदिर सुरक्षित रहे। वोट देना जनता का अधिकार है, जनता जिसे चाहे उसे वोट दे लेकिन हमलोग सभी लोगों के लिये काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं।



**बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटा किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। पहले हमलोगों को चंपारण पहुंचने में कम से कम 8 घंटे का समय लग जाता था। अब सड़क मार्ग से भी जल्दी चंपारण पहुंच जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत की गई। वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना, वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना, बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली. स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की जा रही है। नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है। पहले काफी कम संख्या में लड़कियां पढ़ने जाती थी। अब लड़कियों की संख्या लड़कों के लगभग बराबर हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। अब 1 माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वर्ष 2006 से हमलोगों ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा वितरण का काम भी शुरू कराया। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हर जिले में हमलोगों ने इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना कराई है, जिलों में मेडिकल कॉलेज भी खोले जा रहे हैं। हर घर नल का जल, हर घर पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन जैसी मुलभूत सुविधाएं लोगों को पहुंचा दी गई है।

**अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावा 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख लोगों को नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गई है। हमलोगों ने बिहार में जाति आधारित गणना कराई जिसमें 94 लाख गरीब परिवारों को चिहिन्त किया गया है, जो हर जाति से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे जीवीकोपार्जन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने वर्ष 2017 को चंपारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़े कार्य स्थलों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बापू ने इसी चंपारण की धरती से चंपारण सत्याग्रह की शुरूआत की थी। चंपारण की धरती काफी महत्वपूर्ण है। हम यहां आकर लोगों से मिलते रहते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं। आज हमने यहां पुनः लोगों के बीच जाकर उनसे बातचीत की है और उनकी समस्याओं से अवगत हुए हैं। यहां के लोगों ने अपनी जरूरतें हमसे साझा की है।

## समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणायें

यहां आने से पहले भी और आज भी कई गन्ना किसानों ने बताया है कि गन्ने का जो मूल्य उन्हें मिलता है वह कम है। मैंने कल ही पश्चिम चम्पारण जिले की यात्रा के दौरान गन्ना उद्योग विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि गन्ना के मूल्य में कम से कम 20 रु० प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की जाए। 10 रु० प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी पहले ही की जा चुकी है। इसके अलावा 10 रु० प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी इसी सीजन से और की जायेगी जिसका व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। मुझे खुशी है कि अब गन्ना किसानों को पिछले वर्ष की तुलना में 20 रु० प्रति क्विंटल अधिक दाम मिलेगा। आज यात्रा के दौरान मुझे मजुराहा जाने का मौका मिला।

वहां पर धनौती नदी पर पुल बनाने की बात लोगों ने कही है। मुझे स्थल भ्रमण से स्पष्ट दिखा है कि यदि वहां पुल बनाया जाता है तो लोगों को कोटवा जाने में सुविधा होगी। मैंने पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि मोतिहारी शहर को सीधे कोटवा से जोड़ने के लिए धनौती नदी पर पुल का निर्माण करायें। यहां अरेराज में सोमेश्वरनाथ मंदिर अवस्थित है जो पौराणिक महत्व का है। मुझे भी मंदिर जाने का अवसर मिला है।

यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं जिनके लिए मंदिर परिसर में और सुविधाओं की आवश्यकता है तथा आने का रास्ता भी संकीर्ण है। मैंने पर्यटन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि मंदिर परिसर का विकास एवं मंदिर पहुंचने के लिए सुगम सम्पर्क पथ का निर्माण शीघ्र करायें। रक्सौल अनुमंडल में बंगरी नदी पर बाढ़ से बचाव के लिए तटबंध का निर्माण कराया जायेगा। इसके निर्माण से रक्सौल प्रखंड के संबंधित गाँव लाभान्वित होंगे। पूर्वी चम्पारण जिले में बागमती नदी के दाएं तटबंध पर पक्की सड़क का निर्माण किया जायेगा। इससे ढ़ाका-पताही शिवहर-बेलसंड-रुन्नीसैदपुर के बीच आवागमन सुलभ एवं सुचारू होगा। घुड़दौड़ पोखर, पताही का जीर्णोद्धार एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जायेगा। यह पोखर लगभग 750 वर्ष पुराना है। सीताकुंड धाम के परिसर एवं सम्पर्क पथ का विकास किया जायेगा। इसके निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। मेहसी उज्हिलपुर पंचायत के इब्राहिमपुर ग्राम में बूढ़ी गंडक नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा।



इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। चिरैया शांति चौक से भेलवा बाजार घोड़ासहन तक सड़क का निर्माण किया जायेगा। इससे क्षेत्र की जनता के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं को यातायात में सुविधा मिलेगी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य उपकेंद्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलिवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, दाखिल खारिज एवं जल जीवन हरियाली के तहत जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर तथा तालाबों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने क्रिसमस के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का संदेश त्याग, शान्ति, प्रेम एवं करूणा का है जो सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिये है। प्रभु यीशु मसीह के संदेश को हम अपने जीवन में उतारें। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया है कि क्रिसमस का पर्व राज्यवासियों में प्रेम, सद्भाव के साथ-साथ सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आयेगा।

### एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पर जेपीसी की पहली बैठक आठ जनवरी को

नईदिल्ली। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी पहल एक देश एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024, जिसे एक देश, एक चुनाव विधेयक के नाम से जाना जाता है के पारित होने के बाद लोकसभा के साथ-साथ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभाओं के के चुनाव एक साथ कराये जा सकेंगे। यह विधेयक शीतकालीन सत्र के संपन्न होने से पहले लोकसभा में पेश किया गया था और सत्र के अंतिम दिन इसे संयुक्त संसदीय समिति में भेज दिया गया था। सूत्रों के अनुसार इस समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। समिति के 39 सदस्यों में से 27 लोकसभा के तथा 12 राज्यसभा के हैं। समिति को अगले संसद सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट देनी है।

# आरिफ मोहम्मद खान बने बिहार के नए राज्यपाल

प्रात : किरण

पटना। भारत सरकार ने नए राज्यपालों की नियुक्ति की है। बिहार राज्य के नए राज्यपाल के रूप में आरिफ मोहम्मद खान को नियुक्त किया गया है, जबकि केरल राज्य के राज्यपाल के रूप में राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को चुना गया है। ये नियुक्तियां भारतीय राष्ट्रपति द्वारा की गई हैं।



**बिहार के राज्यपाल बदले :** आरिफ मोहम्मद खान पहले केरल के राज्यपाल थे, और अब बिहार के राज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति हुई है। उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी से की थी, और वे भारतीय मुस्लिम समुदाय के प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। वे एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं और अपनी साफगोई और ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी नियुक्ति बिहार में राज्यपाल के रूप में प्रशासनिक परिपक्वता और विकास के नए आयाम लेकर आ सकती है।

**मौजूदा राज्यपाल को भेजा गया केरल:** वहीं, राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का नया राज्यपाल बनाया गया है। आर्लेकर का राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक दृष्टिकोण उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए उपयुक्त बनाता है। वे पहले गोवा के विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं और गोवा में कई वर्षों तक जनता के विश्वास पात्र नेता रहे हैं। आर्लेकर की प्रशासनिक दक्षता और सुलझे हुए दृष्टिकोण से केरल में भी शांति और समृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

# चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस के आरोप खारिज किये

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची से लेकर मतदान प्रतिशत में गड़बड़ी के कांग्रेस पार्टी के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि आयोग ने कांग्रेस के दावों की विस्तार से जांच की है और पार्टी द्वारा लगाये गये आरोप निराधार हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस को लिखे पत्र में उसके सभी दावों तथा आरोपों का तथ्यों के आधार पर विस्तार से जवाब दिया। आयोग ने कहा है कि महाराष्ट्र में चुनाव से पहले मतदाता सूची में जानबूझकर न तो नाम जोड़े गये हैं और न ही हटाये गये हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव से पहले छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में 50 हजार नाम जोड़े गये हैं लेकिन इसके आधार पर यह दावा नहीं किया जा सकता कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति ने इसके कारण 47 विधानसभा क्षेत्रों में जीत दर्ज की है।







## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों ने बनाया क्रिसमस ट्री और सांता क्लॉज

फतुहा। मंगलवार को प्रखंड के भिखुआ, परशुरामपुर स्थित न्यू अनुपम विद्या केंद्र में बच्चों ने क्रिसमस डे संबंधित प्रोजेक्ट वर्क किया। जिसमें बच्चों ने क्रिसमस ट्री और सांता क्लॉज को काफी आकर्षक तरीके से बना कर प्रस्तुत किया। न्यू अनुपम विद्या केंद्र के डायरेक्टर रवि कुमार ने बताया कि क्रिसमस डे पर बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। मौके पर विद्यालय के संचालक रवि कुमार, शिक्षकों में गुड्डू कुमार, विवेक कुमार, विपिन कुमार, प्रिंस कुमार, रोशन कुमार, शिक्षिका सुधा देवी, गुड़िया देवी, निशा कुमारी, सुहानी कुमारी, काजल कुमारी, पूजा कुमारी सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### अपराध-भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना

फतुहा। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पर मानव अधिकार मंच द्वारा एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामयत्न यादव ने किया। धरना दे रहे लोगों ने बिहार में बढ़ते अपराध, भय, भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए कहा कि सुशासन सरकार में आये दिन हत्या, अपहरण, चोरी, डकैती जैसे जघन्य अपराध बढ़ गया है। सरकार का सुशासन कोरा कागज साबित हो रहा है। बिहार में आम-आवाम परेशान है। थाना -अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता परेशान है। यदि सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो हमलोग जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुटता के साथ आंदोलन करेंगे। अवैध शराब बिक्री, घुसखोरी, बढ़ता अपराध पर सरकार जल्द लगाम लगाएं। धरना में डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, इन्द्रदेव मिस्त्री, सिदेश्वर प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह (गांधी जी), संजय कुमार, गुड्डू कुमार यादव, मुन्ना यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

फतुहा। मंगलवार को स्थानीय देवीचक स्थित आचार्य सुदर्शन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। मुख्य अतिथि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. वरुण शर्मा ने खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को शील्ड, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निदेशक डॉ. कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि खेल स्पर्द्धा में भाग लेने के लिए चार टीम बनी थी जिसमें विरासत टीम को प्रथम, संस्कृति टीम को द्वितीय, समृद्धि टीम को तृतीय एवं संस्कार टीम को चतुर्थ पुरस्कार दिया गया। इस दौरान बच्चों ने क्रिसमस डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुतियां दीं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी, जिला महामंत्री अरविंद यादव के अलावा शिक्षक विश्वनाथ सिंह, वीरेंद्र कुमार, भोलानाथ सिंह, निधि, सुमन, किरण, पंकज, जयराज, विनीता, पिंकी, सरिता, कुंदन, राहुल, संजू आदि मौजूद थे।

### नॉर्थ ईस्ट ट्रेन में शराब के नशे में दो यात्री में झड़प, दोनों गिरफ्तार

दानापुर खगौल। नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन में शराब के नशे में धुत दो यात्रियों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दानापुर जीआरपी प्रभारी द्वारा बताया गया कि रेल नियंत्रण कक्ष पटना द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी सं.12506 डाउन नार्थ इस्ट एक्सप्रेस के बोगी एस-3 में दो व्यक्ति आपस में झगड़ा कर रहे है। नार्थ इस्ट एक्सप्रेस को दानापुर प्लेटफार्म सं01 पर आकर खड़ी हुई। जहां दोनों यात्रियों हिरासत में ले लिया गया। जो शराब के नशे में धुत थे। जिनकी पहचान बेगूसराय का रंजीत पासवान व देहरादून का भरत सिंह के रूप में हुई। दोनों आरोपितों को कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। है

### चार साहिबजादों की वीर गाथा से छात्रों को कराया अवगत

पटना सिटी (प्राकि)। सर्वंश दानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार साहिब जड़ों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दक्षिण बिहार प्रांत के सामाजिक समरसता मंच के प्रांत संयोजक अनिल जी एवं वीर बाल दिवस की प्रदेश प्रभारी सरोज जायसवाल तख्तश्री पटना साहिब गुरुद्वारा में गुरुगोविंद सिंह जी महाराज के समक्ष अरदास एवं दर्शन कर मत्था टेका। तत्पश्चात किसलय इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों के बीच गुरु गोविंद सिंह जी के बच्चों के बारे में चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम किया गया। छात्रों को गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार के द्वारा किए गए सांस्कृतिक व साहसिक कार्यों का उद्बोधन किया गया, जिसमें विद्यालय के निदेशक विनोद किसलय, चंदन कुमार, मनोज कुमार, संजय दास आदि उपस्थित थे।

# बिहार के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार द्वारा पटना जीपीओ में नवीनीकृत फिलैटेली ब्यूरो एवं म्यूजियम का लोकार्पण

प्रात :किरण संवाददाता



पटना : आज पटना जीपीओ में एक विशेष और गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ माननीय चीफ पोस्टमास्टर जनरल, श्री अनिल कुमार जी ने फिलैटेली ब्यूरो और फिलैटेली म्यूजियम का भव्य उद्घाटन किया। इस शुभ अवसर पर डाक टिकट संग्रहकताओं, डाक विभाग के उच्च अधिकारियों, और गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। फिलैटेली ब्यूरो और म्यूजियम की स्थापना का मुख्य उद्देश्य डाक टिकटों के माध्यम से भारत के गौरवशाली और समृद्ध इतिहास, संस्कृति और विरासत को आम जनता तक पहुँचाना और प्रदर्शित करना है। यह अनूठा संग्रहालय विभिन्न कालों के डाक टिकटों का एक अद्भुत संग्रह प्रस्तुत करता है, जो भारत की कला, संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम, और विकास यात्रा को दशार्ते हैं। यह संग्रहालय एक तरह की समय यात्रा है जहाँ आगंतुक डाक टिकटों के माध्यम से भारत के अतीत की झलक देख सकते हैं। यहाँ प्रदर्शित टिकटें हमें बताती हैं कि कैसे हमारा देश समय के साथ बदला है, कैसे हमने अपनी स्वतंत्रता हासिल की, और कैसे हमने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है। यह संग्रहालय न केवल डाक टिकट संग्रहकताओं के लिए बल्कि इतिहास, कला और संस्कृति में रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र होगा। यह पहल निश्चित रूप से डाक टिकट संग्रह को बढ़ावा देगी और युवा पीढ़ी को देश की समृद्ध विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उद्घाटन समारोह के दौरान, श्री अनिल कुमार जी ने अपने संबोधन में कहा कि डाक टिकटें केवल डाक प्रणाली का एक हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हमारे राष्ट्र के इतिहास और संस्कृति के जीवंत दस्तावेज हैं जो हमें अपनी विरासत पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ये टिकटें हमें अपने देश के अतीत की याद दिलाती हैं और हमें भविष्य के लिए प्रेरित करती हैं। श्री कुमार ने आगे कहा कि फिलैटेली सिर्फ एक शौक नहीं है, बल्कि यह ज्ञान और जानकारी का एक अथाह सागर है जो हमें विभिन्न संस्कृतियों, ऐतिहासिक घटनाओं और वैज्ञानिक उपलब्धियों से रूबरू कराता है। उन्होंने कहा कि फिलैटेली हमें दुनिया भर के देशों, उनके लोगों, रीति-रिवाजों और परंपराओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है। यह एक ऐसा शौक है जो हमें दुनिया के प्रति अधिक जागरूक और संवेदनशील बनाता है। इस अवसर पर उन्होंने फिलैटेली को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को इससे जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्कूलों और कॉलेजों में फिलैटेली क्लब स्थापित किए जाएंगे ताकि युवाओं को डाक टिकट संग्रह के प्रति जागरूक किया जा सके। इन क्लबों के माध्यम से, छात्रों को डाक टिकटों के बारे में जानकारी दी जाएगी, उन्हें टिकट संग्रह करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, और उन्हें फिलैटेली से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि फिलैटेली को बढ़ावा देने के लिए डाक विभाग द्वारा समय-समय पर प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से, लोगों को अपने संग्रह को प्रदर्शित करने, नए टिकटों के बारे में जानने, और विशेषज्ञों से बातचीत करने का मौका मिलेगा। इससे फिलैटेली के प्रति लोगों की रुचि बढ़ेगी और यह शौक और भी लोकप्रिय होगा। निःसंदेह डाक विभाग कि यह पहल आमजनों को टिकटों कि रंगारंग दुनिया के माध्यम से भारत एवं विश्व के अतीत के प्रति जागरूक करेगी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने पेश किए अनेक मॉडल



● अनुशासन व बड़ों का सम्मान से ही प्रगति का रास्ता : गंगा प्रसाद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुजरी बाजार स्थित सुदर्शन सेंट्रल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर वार्ड पार्षद शोभा देवी, नीलम देवी, डॉ टीपी गोलवारा, डॉ एसए कृष्णा, डॉ महताब अहमद, दीपक कुमार, राजेश बल्लभ, आचार्य सुदर्शन फाउंडेशन उदय शंकर ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों ने कहा कि अपने से बड़ों, शिक्षक का सम्मान करते हुए पढ़ाई पर पूरा फोकस किया जाना चाहिए। शारीरिक गतिविधि के लिए खेल और योग को भी स्थान दिया जाना चाहिए। जरूरत के हिसाब से मोबाइल चलाना चाहिए, ताकि इसके माध्यम से कुछ सीखा जा सके, न कि सिर्फ चैटिंग और खेल को ही प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन विद्यालय के प्राचार्य गौतम कुमार सिंह ने किया। इस दौरान छात्रों ने चंद्रयान, श्रीराम मंदिर, लोटस टेंपल, सोलर सिस्टम, लेयर ऑफ एटमोसफेयर, लेयर ऑफ साइंस, टाइटेनिक, पॉर्लियामेंट, ताजमहल, इंडिया गेट, गेटवे ऑफ इंडिया और एटीएम समेत अन्य मॉडल बना अपनी प्रतिभा को दशार्या।

# किड्जी तारेगना प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !किड्जी तारेगना प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया।इस अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। जिसको सभी ने खूब सराहा।कार्यक्रम के पूर्व किड्जी के निर्देशक सुनील कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया।समारोह में बच्चों द्वारा गीत वं नृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद नन्हे-मुन्नों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर मंत्रमुग्ध कर दिया।बच्चों ने समूह नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे देख अतिथि आनंदित हो उठे। बच्चों ने बॉलीवुड गीतों पर एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर समारोह में समां बांध दिया।बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर भी अद्भुत प्रस्तुति दी। साथ ही क्रिसमस थीम पर भी बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। किड्जी के निदेशक सुनील कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में सबके सामने परफॉर्म करने के डर को निकालना है।उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के शिक्षक और अभिभावक का भी आभार जताया।इस मौके पर सलोनी कुमारी रिया कुमारी निकिता वर्षा आदि मौजूद रहीं।

# अवैध रूप से जुआ गेसिंग खेलते चार गिरफ्तार, नगद व सामान जब्त




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना की पुलिस ने अवैध रूप से गेसिंग कूपन खेलने व खेलवाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सबों के पास से 5,840 नगद, दो बैनर, एक कटा पुर्जा एवं एक नोटबुक भी जब्त किया गया है। इस संबंध में एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि सूचना मिली कि मीना बाजार में गेसिंग कूपन का धंधा किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल का गठन कर छापेमारी की गई। यहां से मीना बाजार साहू कॉलोनी का अशोक कुमार पिता सत्यनारायण, दुर्गा चरण लेने का रोहित कुमार पिता गोपाल साह, बड़ी पटनदेवी के पास का रंजीत कुमार पिता भिखन प्रसाद और बक्सरिया टोला का धर्मेंद्र चौधरी पिता स्व हरि चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उस स्थल से 5,840 रुपया नगद, दो बैनर, एक कटा हुआ पुर्जा एवं एक नोटबुक भी बरामद किया गया है। सहायक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चार अन्य वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है। उन सबों के पास से 60 किलो लोहा भी बरामद हुआ है।

# अधीक्षक ने आदेश नहीं माना, तो निदेशक प्रमुख नर्सिंग ने जारी किया आदेश

● एनएमसीएच में 3 मेट्रॉन व तीन सहायक मेट्रॉन व 23 वार्ड सिस्टर/नर्सिंग सिस्टर के पद पर




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग ने एनएमसीएच में कार्यरत स्टाफ नर्स को वरीयता के आधार पर वार्ड सिस्टर/नर्सिंग सिस्टर के पद पर विहित वेतनमान सहित अस्थाई स्थानापन्न कार्यकारी प्रभाव दिया गया था। उस आदेश के आलोक में फिर से विभागीय पत्रांक 1331(6) नौ अक्टूबर, 2024 द्वारा सभी सिविल सर्जन, अधीक्षक नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को उच्चतर प्रभार प्रदत्त कर्मियों से ही परिचारिका संवर्ग के प्रोन्नति के पद पर सोपान में उच्चतर पद पर कार्य लेने के लिए निदेश किया गया था। इसका किसी भी संस्थान/अस्पताल में अनुपालन की सूचना अब तक अप्राप्त है। स्पष्ट है कि संबंधित नियंत्री प्राधिकारी यथा सिविल सर्जन/अधीक्षक उक्त निर्देश के अनुपालन में कोताही बरत रहे हैं तथा कनीय कर्मी से उच्चतर पद का कार्य लिया जा रहा है। इससे उसी अस्पताल/संस्थान में वार्ड सिस्टर/नर्सिंग सिस्टर के पद पर कार्यकारी प्रभार प्राप्त वरीय कर्मियों में असंतोष पनप रहा है और आए दिन विभाग में इससे संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) डॉ मनोज कुमार चौधरी के द्वारा जारी आदेश में एनएमसीएच में तीन मेट्रॉन और तीन सहायक मेट्रॉन बनाया गया है। इसमें दोर्थी कुमारी, प्रेम कुमारी, जानकी कुमारी को मेट्रॉन, मंजू कुमारी-2, रंजीता कुमारी और गीता कुमारी-3 को सहायक मेट्रॉन बनाया गया है। वार्ड सिस्टर के रूप में अर्चना कुमारी, रेखा कुमारी, विभा कुमारी-2, चंद्रमणि, अर्चना, नीलम कुमारी, सुप्रिया आनंद, अमृता कुमारी, रंजू कुमारी, रानी कुमारी, जानू कुमारा स्वामी, अनिशा चिनॉय, रूपा कुमारी, कुमारी शोभा, कुमारी संयुक्ता सिन्हा, अर्चना कुमारी, सवेरा रानी, कुमारी नेहा, सविता कुमारी, रोहिणी कुमारी, ममता कुमारी, राधा कुमारी, कुमारी माधुरी लता को बनाया गया है। हालांकि अब देखना होगा कि नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेट्रॉन और सहायक मेट्रॉन के कितने पद खाली हैं या कितने पद हैं और उस पर कितने लोग पदस्थापित हैं। यह भी देखना होगा कि जो वार्ड सिस्टर के रूप में प्रोन्नत हुई हैं, उनकी जगह कोई जूनियर अगर है, तो उसे हटा कर इन सबों को वरीयता के आधार पर प्रभारी बनाना होगा।

# रणजीत कुमार उर्फ दही गोप की मंगलवार को अंतिम यात्रा निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर। नगर के अंतर्गत छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रणजीत कुमार उर्फ दही गोप की मंगलवार को अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान दानापुर थाने के अलावा कई थानों की पुलिस टीम साथ रही। अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। मृतक रंजीत के घर के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। पुलिस आवास के पास ड्रोन की मदद से भी लोगों पर नजर रख रही थी। पीएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर दानापुर पहुंचा। इसके बाद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दानापुर की शान, रणजीत भैया अमर रहे के नारों के बीच पार्थिव शरीर दानापुर के पेठिया बाजार स्थित निवास पर पहुंचा। दानापुर विधायक रीतलाल यादव, जेडीयू नेता श्याम रजक, पाटलिपुत्र के पूर्व सांसद राम कृपाल यादव के साथ की कई नेता पहुंचे। घर पहुंच सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।पार्थिव शरीर के घर पर पहुंचते ही परिजन चीत्कार उठे। कुछ देर के बाद पार्थिव शरीर को दानापुर के छावनी परिषद कार्यालय लाया गया। कार्यालय के लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दाह-संस्कार के लिए निकली काफिले में हजारों लोग शामिल हुए। सभी गमगीन आंखों से शव यात्रा में चल रहे थे। इस दौरान कई थाना की टीम सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर तैनात रही।शव सदर बाजार, दानापुर थाना पर होते हुए इमलीतल, शाह टोली, तरकरिया बाजार होते हुए तकियापर पहुंची, जहां पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। शव यात्रा में सबसे आगे दानापुर थानाध्यक्ष के साथ कई थानों की पुलिस चल रही थी। दीघा घाट पर बड़े बेटे तनिष्क ने मुखाग्नि दी। दूसरी तरफ दानापुर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ दही गोप की मौत की सूचना पर थाना पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी थी।मंगलवार की सुबह मौत की सूचना मिलते ही थाने पर विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। सुरक्षा को लेकर पटना पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बलों को भी बुलाया लिया गया था। नगर के हर चौक चौराहों पर पुलिस बलों को तैनात किया गया था। सुबह से ही पेठिया बाजार में रंजीत के घर पर लोगों को भीड़ जुटने लगी थी। तीसरे दिन मंगलवार को भी सदर बाजार, पेठिया बाजार, गांजा रोड, मच्छरहट्टा रोड के सभी दुकानें बंद रही।

### मिस्सा बलिदान पूजा के साथ मनाया गया क्रिसमस

पटना सिटी, पादरी की हवेली स्थित महागिरजा घर चर्च में क्रिसमस को लेकर प्रभु येशु का अवतरण दिवस मनाया गया। चर्च के पल्ली पुरोहित ा की देखरेख में मंगलवार को प्रभु येशु के अवतरण पर्व पर मिस्सा बलिदान पूजा की गई। इस दौरान मदर टेरेसा परिसर में बनायी गई चरणी गोशाला में चर्च के पल्ली पुरोहित ने सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोंरग के सहयोग से येशु समाज के प्रांतीय प्रमुख विमल किशोर ने मिस्सा बलिदान पूजा का अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद यहां से घंटी व कैरोल की धुन के बीच बालक येशु व प्रतीक चिन्ह लिये कैरोल गीत के साथ शोभायात्रा के रूप में चर्च में पहुंची। यहां संस्कार रोशनी का प्रकाश व विशेष प्रार्थना की गई। इसके बाद कैरोल की धुन के बीच बाइबल का पाठ व प्रभु का संदेश फादर ने पढ़ा। फादर ने बताया कि बुधवार की सुबह में मिस्सा बलिदान पूजा होगा। आयोजन में चर्च के सहायक फादर, मदर टेरेसा की धर्म बहनें व ईसाई समुदाय लोग आदि शामिल हुए।

# पंकज बने गायघाट भाजपा मंडल के अध्यक्ष

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र के तहत गायघाट मंडल का पटना महानगर में संगठन पर्व के तहत दुर्गा मंदिर में बैठक की गई। इसमें मंडल के संगठन पर्व सहयोगी बिहार प्रदेश बुनकर प्रकोष्ठ के संयोजक संजीव पटवा, पटना महानगर के महामंत्री विनय केसरी, उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन कुमार सिन्हा एवं पूर्व वार्ड पार्षद लल्लू शर्मा ने सर्वसम्मति से नया मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता को मनोनीत किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी मृत्युंजय बल्दीहार, मंडल अध्यक्ष हरेंद्रनाथ, अशोक कुमार मेहता, गुंजन कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, शंकर कुमार चौधरी, संजय गुप्ता, मुकेश कुमार मंटु, गोपाल कुमार, संजय कुमार गुप्ता, अतुल कुमार, रविशंकर शर्मा, प्रकाश यादव, फैयाज काजमी, अजीत सिंह, शशि शर्मा, यश कंठ, मीना शर्मा, रेशमी भारती, कोमल, अजीत सिंह, अंजीत शर्मा, विप्रो दास, अमित पाण्डेय, सीताराम महतो, रंजीत राणा, शशि कुमार, बाबू भाई आदि कार्यकताओं ने पंकज के निर्विरोध मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई एवं खुशी व्यक्त किया। श्री पंकज के गायघाट मंडल अध्यक्ष बनने से भाजपा को मजबूती मिलेगी एवं कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। चुनाव प्रभारी संजय सिंह ने जल्ला महावीर मंडल में जितेंद्र मेहता, चुनाव प्रभारी बलराम माथुरी ने पहाड़ी मंडल में राहुल मंडल, चुनाव प्रभारी नित्यानंद सिंह ने मनोज यादव को मालसलामी मंडल अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की है। महानगर के मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन आने वाले चुनाव में संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए विजयश्री दिलाएगा।

# प्रवासी पक्षियों का चारागाह राजधानी जलाशय पटना जरूरत है पर्याप्त पानी की

प्रात :किरण संवाददाता



बिहार की राजधानी पटना स्थित पुराना सचिवालय ह्यराजधानी जलाशयह्ल का एक बार फिर से इस मौसम में हजारो किलोमीटर का सफर कर आये प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के कलरव से गुलजार है। इस जलाशय में बाहर से आई पक्षी छोटी सिल्काही या छोटी सिल्ही के साथ-साथ पोंड हेरोंस, गड़वाल, लिटिल कोमोरेंट यानि प्रवासी ईवीएम, यूरेशियन विगॉन, गडवाल सानो जलेवा, प्रवासी नॉब-बिल्ड डक और यूरेशियन कूट सहित अन्य पक्षियों ने अपना बसेरा बना रखा हैं। साथ ही जनवरी माह में सर्दी पड़ते ही और पक्षियों के आने की संभावना है। लेकिन, जलाशय में पानी की कमी प्रवासी पक्षियों को दूर कर सकती है ? एक समय में, पटना के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण तालाब थे जिन्हें पटना के अनुरक्षित और अ-अनुरक्षित तालाबों के रूप में जाना जाता था। 1990 के दशक के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने पटना विश्वविद्यालय पटना के तत्कालीन विश्वविद्यालय प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आर.के.शरण के नेतृत्व में पटना के दो तालाबों अर्थात सचिवालय तालाब और कच्ची तालाब के जैविक जीवों के तुलनात्मक अध्ययन के लिए एक लघु परियोजना प्रायोजित की थी। जाने माने जीव-जंतु विशेषज्ञ, वरिष्ठ वैज्ञानिक और राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ गोपाल शर्मा कहते हैं कि आज इन दोनों तालाबों, सचिवालय तालाब ह्लराजधानी जलाशयह्ल और कच्ची तालाब का बुरा हाल होने वाला है। वजह पानी की कमी का होना महत्वपूर्ण है। कुछ वर्ष पूर्व, बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव दीपक कुमार सिंह (आईएएस) के नेतृत्व में सचिवालय तालाब को काफी प्रयास के साथ एक खूबसूरत और इकोटूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया गया था और उस समय यह तालाब करीब 20 विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी और स्थानीय पक्षियों का आश्रय स्थल हुआ करता था, लेकिन आज इस तालाब में शॉवेलर, यूरेशियन विजन, गडवाल, लिटिल ग्रेब, यूरेशियन कूट सहित कुछ ही दिखाई दे रहे हैं। उम्मीद है कि जनवरी 2025 में कड़ाके की ठंड पड़ेगी और जब राजधानी जलाशय में पर्याप्त पानी होगा, तो प्रवासी पक्षियों की संख्या के साथ-साथ अन्य प्रजातियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। उम्मीद है कि संबंधित प्रशासन जल्द से जल्द इस तालाब में पानी की मात्रा बढ़ाएगा, तो प्रवासी पक्षियों के लिए पटना का एकमात्र पक्षियों का प्रायोगिक प्रयोगशाला फिर से जीवंत हो जाएगा। केयरटेकर की माने तो जलाशय में चार पंप से लगातार पानी डाला जा रहा है। खैर, राजधानी जलाशय के पास पहुँचने से पहले ही स्वागत में पक्षियों के जोरदार कलरव की गूंज सुनाई पड़ने लगती है। ये पक्षी सुबह से शाम तक जलाशय में जलकीड़ा व अठखेली करते, गोता लगाते और तालाब के उपर झुण्ड में उड़ते हुये मनोरम दृश्य बनाते हैं। ऐसे में प्रकृति का अद्भुत नजारे से लबरेज राजधानी जलाशय अपने आप में अद्भुत है। अद्भुत इसलिए कि जहां एक ओर इन खूबसूरत परिंदों का लुफ्त उठाया जाता है वहीं जलाशय के आसपास तरह-तरह के पक्षियों की आवाज और पेड़ों की भरमार जंगल का अहसास कराता है। कंक्रीट के जंगल और प्रदूषण से त्रस्त जीवन के बीच राजधानी जलाशय प्रकृति का खूबसूरत नजारा पेश करता है। प्रकृति के इस खूबसूरत नजारे को पेश करने में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार की भूमिका अहम है। लगभग 12 एकड़ एरिया में फैले इस जगह को खास कर पक्षियों का अधिवास बना दिया गया है। विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव दीपक कुमार सिंह की सूझबूझ का नतीजा है कि इस जलाशय में शहर (1990-1991) का सीवेज गिरता था। पहले यहाँ बिहार सरकार के कई कार्यालय थे, जिन्हें 14 साल पहले हटा दिया गया था। कार्यालयों के हटने के बाद बढ़े हुये पेड़-झाड से यह जंगल जैसा दिखने लगा। वाच टावर भी बनाया गया है, जहां से जलाशय में कीड़ा करते पक्षियों पर नजर रखी जा सके। जलाशय को जाली से घेर कर पक्षियों के लिए इसे पूरी तरह से सुरक्षित कर दिया गया है। प्रवेश द्वार पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना पार्क प्रमंडल, पटना द्वारा ह्यराजधानी जलाशयह्ल के बारे में पक्षी के अंगों का चित्रण करते और यहाँ के पक्षियों की तस्वीरों के साथ आवश्यक सूचना लगाया गया है - ह्ययह क्षेत्र पक्षियों का प्राकृतिक अधिवास है एवं जैव विविधता के दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ शोर गुल करना एवं अनाधिकृत प्रवेश सवार्धा वर्जित है। नियम का उलंघन करते हुये पाये जाने पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कारवाई किया जाएगा।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक श्रेष्ठ नेता के साथ एक श्रेष्ठ विचारक भी थे : अर्जुन गुप्ता

प्रात :किरण संवाददाता



पटना : अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के तत्वधान मे जक्कानपुर स्थित भगवान उत्सव हॉल मे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रेष्ठ कवि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वी जयंती के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमे मुख्य रूप से मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा राष्ट्रीय महासचिव प्रीति पाठक उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा घी का दीया जला की गई कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने कहा की भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक श्रेष्ठ नेता के साथ एक श्रेष्ठ विचारक भी थे श्री गुप्ता ने कहा की अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे नेता थे जिनके विचार का मुरीद न केवल सत्ता पक्ष बल्कि विपक्ष के लोग भी थे उनकी कविताएं आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायक है कार्यक्रम मे मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी अजय कुमार बिनोद पाल उर्फ गणेश जी प्रदेश महासचिव मिना तिवारी धनंजय कुमार मधुरेंद्र गुप्ता प्रदेश सचिव रामबाबू सिंह इंदु जायसवाल पटना महानगर अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष दिलीप कुमार अशोक कुमार चौधरी विष्णु जी भगवान दास प्रवीण जी दिनेश कुमार विकास नंद सुधीर कुमार अभय शंकर मूर्ति प्रदीप चौधरी राजा राम मंटुस कुमार आदि मौजूद थे

## संक्षिप्त खबरें

### अटल सम्मान समारोह एवं काव्यांजलि का होगा आयोजन

पटना। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती 25 दिसंबर को ह्यसुशासन दिवसह्न के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यालय में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर कई कार्यक्रम के आयोजित किए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि 100 वीं जन्म जयंती, हम सभी शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएंगे। इसके तहत एक वर्ष तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसकी शुरूआत भी 25 दिसंबर से हो रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कृति और व्यक्तित्व पर एक प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसके अलावा अटल सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की गिनती बड़े कवि के रूप मे होती है। वे कवि हृदय थे, इस कारण उनकी जन्म जयंती के मौके पर काव्यांजलि का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमे स्थानीय कवि कविता पाठ करेंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों में प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### समर्थकों ने मनाया पप्पू यादव का 57वाँ जन्मदिन



पटना। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके समर्थकों ने मन्दिरी स्थित आवास पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर समर्थकों ने अपने प्रिय नेता के प्रति अपनी स्नेह भावना व्यक्त करते हुए एक साथ मिलकर जश्न मनाया और 21 पाउंड का का केक काटा। मंदिरी स्थित आवास पर विभिन्न इलाकों से आए गरीब माताओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। सभी समर्थकों ने पप्पू यादव के जन्मदिन को सेवा संकल्प और संघर्ष के रूप में मनाया. पप्पू यादव ने केक काटकर गरीब महिलाओं को खिलाया। जन्मदिन के अवसर पर पटना के काई जगहों पर कंबल और भोजन का वितरण किया गया। मौके पर कुम्हार से पूर्व प्रत्याशी राजेश पप्पू, नवल किशोर, हीरेंद्र मिश्रा, ध्रुप यादव, जय प्रकाश, मंजय लाल राय, दिलीप यादव, मनीष यादव, नीतीश सिंह, ई विशाल, रजनीश यादव, अकील अख़्तर सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे।

### समाजसेवी कुणाल किशोर सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल



पटना। भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में आज बरबीघा के युवा समाजसेवी कुणाल किशोर ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसावल ने सभी की सदस्यता ग्रहण करवाई और पार्टी में इनका स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी में आये सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि जब पार्टी का विस्तार होता है तो संगठन मजबूत होता है। उन्होंने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताते हुए कहा कि संगठन पर्व के मौके पर आज पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर कुणाल किशोर और उनके सैकड़ों समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी लोगों ने पार्टी में आस्था व्यक्त की है। उन्होंने आशा व्यक्त करते है कि इन सभी लोगों के आने से पार्टी मजबूत होगी और ये पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जो माहौल है उससे तय है कि आने वाला समय एनडीए मय होगा। इधर, पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा, बीपीएससी के कुछ अभ्यर्थी धरना पर बैठे हैं। आयोग इस बात का आकलन कर रही है कि क्या और किसी परीक्षा केंद्र में ऐसी गड़बड़ी हुई है या नहीं। अभी तक इस तरह का कोई मामला आयोग के पास नहीं है। अगर किसी बात का पुख्ता सबूत आएगा तो आयोग और सरकार निर्णय लेगी। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले की चर्चा करते हुए कहा कि अदालत का भी मानना है कि एक सेंटर के कारण या कुछ अभ्यर्थी के कारण सभी को इसकी सजा नहीं दी जा सकती है। दबाव में कोई फैसला नहीं हो सकता। साक्ष्य के आधार पर ही कुछ फैसला होगा। विपक्ष के नेता के महिला सम्मान दिए जाने पर उन्होंने कहा कि राजद के कार्यकाल में महिलाओं की क्या हालत थी सबको पता है।

## मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली में चल रही विकास योजनाओं का लिया जायजा

# पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं : नीतीश

### जीविका दीदियों के साथ किया संवाद

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को प्रगति यात्रा के दूसरे दिन पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली में चल रहे विकासात्मक योजनाओं का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने सुगौली प्रखंड स्थित उतरी सुगांव पंचायत के वार्ड संख्या-8 में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भवन के ग्राम कचहरी न्यायालय, मुखिया कक्ष, पंचायत सचिव कक्ष, डाकघर का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं लोगों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां काफी अच्छे ढंग से पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो गया है। इससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। हम चाहते हैं कि जून 2025 तक सभी पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण हो जाए। यह मेरा ही कॉन्सेप्ट है कि केंद्र और राज्य सरकार की तर्ज पर पंचायत सरकार का भी अपना भवन हो। हमलोगों ने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, इसके तहत अब तक 4 चुनाव संपन्न हो गये हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं जीतकर आई हैं। नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के समीप स्थित जीविका भवन में होने वाली गतिविधियों के संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जानकारी ली।

प्रगति यात्रा के क्रम में आयोजित जीविका दीदियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। जीविका दीदियों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तथा उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के प्रति प्रसन्नता जाहिर की। संवाद कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने स्वयं सहायता समूह और राज्य सरकार की योजनाओं से मिल रही सहूलियत के संबंध में अपना अनुभव साझा किया। जीविका दीदियों ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के गठन से हम महिलाओं को काफी फायदा हो रहा है, इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

सतत जीविकोपार्जन योजना के साथ ही महिलाओं के उत्थान को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से परिवार में महिलाओं की इज्जत बढ़ी है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य सरकार द्वारा लड़कियों के लिए चलाई जा रही पोशाक योजना, साइकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना, प्रोत्साहन योजना के कारण उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। नशामुक्ति अभियान से महिलाओं के जीवन में शांति कायम हुआ है। समाज में प्रेम का वातावरण बना है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा और प्रताड़ना की घटनाएं अब न के बराबर हो गई है। इसके लिए बिहार के महिलाएं माननीय मुख्यमंत्री जी के आभारी हैं।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, विधायक प्रमोद कुमार, विधान पार्षद खालिद अनवर, पूर्व विधायक श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद सतीश कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सह मोतिहारी के प्रभारी जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, पुलिस उप महानिरीक्षक बेतिया प्रक्षेत्र जयंत कांत, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### हमने ही स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं का नाम जीविका दीदी दिया

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ही स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं का नाम जीविका दीदी दिया। उस समय की केंद्र सरकार ने इससे प्रभावित होकर आजीविका नाम रखा। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो देश के अलग-अलग हिस्सों में जाने का मौका मिला। उस समय हमने देखा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश की महिलाएं काफी अच्छा काम कर रही हैं। उस समय बिहार में काफी कम स्वयं सहायता समूह थे। बिहार के लोगों ने जब 24 नवंबर 2005 से हमें काम करने का मौका दिया तो हमने बिहार के विकास का काम प्रारंभ किया। वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या अधिक से अधिक बढाने का प्रयास किया। अब बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। अब शहरी इलाकों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू किया गया है। इनसे अब तक 26 हजार जीविका दीदियां जुड़ चुकी हैं। महिलाओं के उत्थान के लिए हमलोग हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पुरुष हो या महिला, सबको समान रूप से आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। महिलाओं को सशक्त एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के जो भी जरूरी होगा, वह किया जाएगा ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।

आप सभी इन कामों को भूलिएगा मत। महिलाओं के उत्थान के लिए जो काम हमलोगों ने किया है उसे याद रखियेगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मोतिहारी के बरियारपुर-कचहरी चौक पथ में एल0सी0-159 पर 29.242 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित ऊपरी पुल (आरओबी) सह पथ के संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आरओबी बन जाने से मोतिहारी शहर में लगने वाली जाम की समस्या दूर होगी। लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे समय की भी बचत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ग्राम मजुराहा में धनौती नदी पर पुल निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने निर्मित होने वाले पुल के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पुल के निर्माण का काम यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। इसके बन जाने से सम्पर्कता बढ़ेगी और आसपास के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया।

# डबल इंजन की सरकार में बिहार कालाजार को समाप्त करने के करीब: मंत्री

### 2027 तक बिहार में कालाजार के मरीजों की संख्या 50 से कम करने का लक्ष्य निर्धारित

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। कालाजार उन्मूलन में अपनी अनुकरणीय प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट प्रयासों के लिए जिले के पदाधिकारियों की कौषल क्षमता विकसित करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्थाओं की ओर से डोजियर प्रिपरेशन कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार कालाजार को समाप्त करने के करीब है। हमारा लक्ष्य है कि 2027 तक बिहार में कालाजार के मरीजों की संख्या 50 से कम हो। कालाजार देश के लिए एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती रहा है, विशेष रूप से बिहार जैसे राज्यों में यह बीमारी गरीब और वंचित समुदायों को प्रभावित करती है। भारत सरकार ने कालाजार उन्मूलन के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के 33 जिले कालाजार से प्रभावित हैं। वर्ष 2012 में कालाजार प्रभावित 33 जिलों के 231 प्रखण्ड अत्यधिक प्रभावित की श्रेणी में चिन्हित किए गए थे, जहां प्रति 10,000 की जनसंख्या पर एक से अधिक मरीज प्रतिवेदित होते थे। वर्ष 2022 में यह घटकर शुन्य रह गए हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित कालाजार उन्मूलन लक्ष्य 2026 के विरूद्ध बिहार राज्य द्वारा वर्ष 2022 में ही पूर्ण उन्मूलन लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। जिसे विगत तीन वर्षों से उसी स्तर पर बनाये रखा गया है। इन कालाजार प्रभावित 33 जिलों में से सात वैसे जिले हैं जहां वर्तमान वर्ष 2024 में एक भी कालाजार के मरीज प्रतिवेदित नहीं हुए है। कालाजार पॉजिटिव मरीजों का इलाज सुनिश्चित किया गया।

इलाज के बाद मरीजों की स्थिति की नियमित जांच सुनिश्चित किया गया। बालू मक्खी को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र में साल में दो बार प्रभावी तरीके से छिड़काव अभियान चलाया गया। श्री पांडेय ने कहा कि कालाजार उन्मूलन लक्ष्य की प्राप्ति में कालाजार से पीड़ित मरीजों को बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना से स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रति मरीज ईलाज उपरान्त एक मुश्त 6 हजार 600 रूपय योगदान दिया जा रहा है। साथ ही भारत सरकार द्वारा 500 रुपए का भुगतान भी किया जाता है। अर्थात कुल 7 हजार 100 रुपए भुगतान का प्रावधान है। चमड़ी का कालाजार मरीजों को भारत सरकार द्वारा एकमुश्त 4000 रुपए प्रति मरीज श्रम क्षतिपूर्ति राशि भुगतान का प्रावधान है। इस कार्यक्रम में शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉ. मनोज कुमार चौधरी, निदेशक, प्रमुख स्वास्थ्य विभाग, कृष्णा पाण्डेय, निदेशक, आरएमआरआई, डॉ राजेश पाण्डेय, स्टेट कोऑर्डिनेटर, डब्लूएचओ, डॉ. अशोक कुमार, एसपीओ, कालाजार, विकास सिन्हा, पीरामल, डॉ. रवि शंकर सिंह के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर सम्पर्क अभियान: उपभोक्ताओं से सीधा संवाद !

### सेवा सुधार हेतु वितरण कंपनियों की अभिनव पहल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर को जिन उपभोक्ताओं को रिचार्ज करने में कोई तकनीकी समस्या आने एवम इस कारण उनकी बिजली आपूर्ति बहाल होने में कठिनाई आ रही है उसके समाधान के लिए वितरण कंपनियों, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, ने एक अभिनव पहल, एसपीएम सम्पर्क अभियान, शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं से सीधा संवाद कर न केवल उनकी बिजली आपूर्ति को फिर से बहाल करना है, बल्कि उन्हें बेहतर सेवाओं का लाभ भी पहुंचाना है। इस अभियान के तहत दोनों वितरण कंपनियों की टीमें घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क करेंगी। वे उपभोक्ताओं को अपने मीटर रिचार्ज करने के लिए प्रेरित करेंगी और उनके प्राथमिक मोबाइल नंबर को अपडेट करने में मदद करेंगी। प्राथमिक मोबाइल नंबर अपडेट करना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वितरण कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को बैलेंस, रिचार्ज और योजनाबद्ध बिजली कटौती जैसी जरूरी सूचनाएं इसी माध्यम से दी जाती हैं। साथ ही, इस पहल के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एसपीएम मोबाइल ऐप जैसे सुविधा एवं बिहार बिजली स्मार्ट मीटर ऐप का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह ऐप उपभोक्ताओं को उनके दैनिक बिजली उपभोग और कटौती की जानकारी सरल तरीके से प्रदान करता है। इससे उपभोक्ताओं को अपनी खपत को नियंत्रित करने और पारदर्शी बिलिंग प्रक्रिया का अनुभव करने में मदद मिलेगी। एसपीएम संपर्क अभियान के तहत सभी अंचल के वरीय राजस्व अधिकारी, प्रमंडल के आईटीएम एवं मीटरिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों को ऐप इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दी गई। सभी के लिए इस ऐप के द्वारा प्रत्येक आईसी कार्यों की विस्तृत जानकारी अपलोड करना अनिवार्य है। ऊर्जा सचिव एवं बीएसपीएचसीएल के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने कहा कि एसपीएम सम्पर्क अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना और ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

# पंचतत्व में विलीन हुए रणजीत राय, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

### शव यात्रा में उमड़ा सैलाब, बड़े पुत्र तनिष्क ने दी मुखाग्नि

प्रात : किरण संवाददाता





पटना। दानापुर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत राय का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। दीघा के मीनार घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। बड़े पुत्र तनिष्क ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बिलखते 14 वर्षीय पुत्र द्वारा मुखाग्नि देते देख वहां मौजूद सभी की आंखे नम हो गई। इससे पहले शव यात्रा में सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में शामिल लोगों ने नम आंखों से उनकी अंतिम विदाई दी।

घर से गंगा घाट के बीच करीब 5 किलोमीटर की यात्रा के दौरान घरों की बालकनी से और सड़क के किनारे खड़े होकर लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रंजीत राय अमर रहे... की गगनभेदी नारों से दानापुर शहर गुंजायमान रहा। पेठिया बाजार स्थित उनके आवास से गगनभेदी नारों केसाथ करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित सैफई पांडाल ले जाया गया। शव यात्रा में पूर्व मंत्री सह जदयू नेता श्याम रजक, पर्वू केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, दानापुर के राजद विधायक रीतलाल यादव सहित अन्य हजारों की संख्या में शामिल हुए।

**शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम:** दानापुर पेठिया बाजार स्थित उनके आवास आवास पर शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। शव से लिपटकर रोते-रोते पत्नी बेसुध हो गई। 80 वर्षीय पिता देव प्रसाद राय की आंखें पथरा गई। घर-परिवार से लेकर रिश्तेदार और पड़ोसी तक बिलखते नजर आए।

**आवास के समीम अपराधियों ने मारी थी गोली :** बताते चलें कि पटना के दानापुर में शनिवार की रात अपराधियों ने छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ दही गोप और विकास उर्फ गोरख राय को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। इस वारदात में गोरख की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, रणजीत राय ने पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार देर रात दम तोड़ दिया। यह घटना दानापुर थाना क्षेत्र के पेठिया बाजार उनके आवास के समीप घटी। दही गोप की मौत की पुष्टि अस्पताल प्रबंधक ने की। मंगलवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजा गया। शनिवार की रात घटनास्थल से पुलिस ने खोखे और संदिग्ध हालत में सड़क किनारे खड़ी बाइक बरामद की है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर आकर जांच की। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अपराधियों का पता लगाया जा रहा है।

**श्राद्धकर्म में शामिल होने गए थे रंजीत राय:** बता दें पेठिया बाजार मोहल्ले में अपने आवास के समीप मनोज कुमार के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल होने पहुंचे थे। जहां रणजीत राय को गोली मारी गई। मोहल्ले की गली के मोड़ पर काफी भीड़ थी। रंजीत राय खड़े होकर कुछ लोगों से आपस में बातचीत कर रहे थे।

इसी बीच शूटर भीड़ में शामिल हो हुए और नजदीक से दही गोप को गोली मार दी। उन्हें तीन से चार गोली मारी गई। मिली जानकारी के अनुसार सभी गोलियां गर्दन और उसके ऊपर मारी गई थी। वहीं बचाने के दौरान गोरख के सीने में अपराधियों ने गोली मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना

जल संसाधन विभाग, पटना

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0—38 वर्ष 2024—25

सिंचाई भवन, हार्डिग रोड, पटना में स्थित विभिन्न कार्यालयों में विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य हेतु निबंधित संवेदक/आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

यह कोटेशन दिनांक—31.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य विवरणी :—

Group- 01-Supply and Installation of Battery, Inverter, Air cooler and other miscellaneous work at Residential office of Hon'ble Minister, WRD, Bihar, Patna का कार्य ।

Group- 02-Supply and Installation of Acrylic Photograph, Indoor Plantpot at corridor of first floor Sinchai Bhawan, WRD, Bihar, Patna का कार्य ।

उपरोक्त कोटेशन से संबंधित शर्त एवं विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) एवं मोबाईल संख्या— 9308636962 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल
अनिसाबाद, पटना

PR. No. 015490 (WRD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना

जल संसाधन विभाग, पटना

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0—37 वर्ष 2024—25

सिंचाई भवन, हार्डिग रोड, पटना में स्थित विभिन्न कार्यालयों में विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य हेतु निबंधित संवेदक/आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

यह कोटेशन दिनांक—31.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य विवरणी :—

Group- 01-Part (A) Repairing and makeoverof Additional secretary chamber,W.R.D. Situated at First floor sinchaibhawan, Patna(Civil work). का कार्य ।

Group- 02-Part (B)Repairing and makeover of Additional secretary chamber,W.R.D. Situated at First floor SinchaiBhawan, Patna (Supply of Furniture, Battery, A.C., T.V. etc.). का कार्य ।

Group- 03-Beautification work of Stairs at sinchaibhawan, Patna. का कार्य ।

Group- 04-Miscellaneous work at First floor SinchaiBhawan, Patna. का कार्य ।

उपरोक्त कोटेशन से संबंधित शर्त एवं विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) एवं मोबाईल संख्या— 9308636962 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल
अनिसाबाद, पटना

PR. No. 015489 (WRD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

न इंजेक्शन से करें नशा, न सूई करें साझा, नशा करे परेशान तो OST है समाधान।

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1.सीईआरसी (कारोबार का संचालन) विनियम 1999 और सीईआरसी (टैरिफ की शर्तें और नियम) विनियम 2019 के विनियम—86 के तहत अनुमोदन I) 2019—24 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का सही निर्धारण और II) **याचिका—1:** सासन अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट (यूएमपीपी) से जुड़ी ट्रांसमिशन प्रणाली के तहत संयुक्त परिसंपत्ति, **याचिका—2:** एनटीपीसी की लारा एसटीपीएस—I (2X800 मेगावाट) उत्पादन परियोजना से जुड़ी ट्रांसमिशन प्रणाली के लिए 2024—29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का निर्धारण

2.उपर्युक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी है: (1) एमपीपीएमसीएल, जबलपुर (2) एमपीपीटीसीएल, जबलपुर (3) एमएसईडीसीएल, मुंबई (4) एमएसईटीसीएल, मुंबई (5) जीयूवीएनएल, वडोदरा (6) बिजली विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (7) डीएनएचडीडीपीसीएल, सिलवासा (8) सीएसपीटीसीएल, रायपुर (9) सीएसपीडीसीएल, रायपुर (10) एनटीपीसी लिमिटेड (11) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (12) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (13) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (14) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (15) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (16) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (17) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (18) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (19) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (20) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (21) चंडीगढ़ बिजली विभाग (22) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (23) उत्तर मध्य रेलवे (24) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (25) हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड (26) बिहार राज्य पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, (27) पश्चिम बंगाल राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड, (28) ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ उड़ीसा लिमिटेड, (29) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, (30) विद्युत विभाग, सिक्किम सरकार, गंगटोक, (31) झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, (32) झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

3. टैरिफ विवरण:

ए) 2019—24 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका संख्या | संपत्ति विवरण | डीओसीओ/ईसीओडी | 31—03—2024 तक पूरा होने की लागत | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | | | | |
| याचिका—1 | संयुक्त संपत्ति | 31.12.2012 | 545841.68 | 86701.31 | 84045.13 | 81822.92 | 80369.44 | 78894.22 |
| याचिका—2 | संयुक्त संपत्ति | 23.05.2017 | 34553.46 | 5,632.73 | 5,512.94 | 5,392.69 | 5,301.81 | 5,220.89 |

बी) 2024—29 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका संख्या | संपत्ति विवरण | 31—03—2029 तक पूरा होने की लागत | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वार्षिक निश्चित शुल्क (एएफसी) | | | | |
| याचिका—1 | संयुक्त संपत्ति | 545841.68 | 73,365.67 | 50,766.89 | 50,504.62 | 50,229.70 | 50,155.36 |
| याचिका—2 | संयुक्त संपत्ति | 34600.55 | 5,090.84 | 4,947.40 | 4,809.51 | 4,602.10 | 4,444.99 |

4. इस नोटिस की एक प्रति तथा टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergrid.in** पर पोस्ट की गई है।

5. आवेदन में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, तो लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली — 110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष दायर की जानी चाहिए, जिसकी एक प्रति आवेदक को इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक: 25.12.2024

हस्ता/—
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली—110 016
कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर—29, गुरूग्राम, हरियाणा—122 001
वेबसाईट: www.powergrid.in | सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-176/Advt-224/2024-25/Invicta

## संक्षिप्त खबरें

### पदोन्नत सिविल दारोगा व एएसआई को स्टार लगाकर थानाध्यक्ष ने दी बधाई

समस्तीपुर। नगर थाना में पदस्थापित सिविल जमादार मदन राम के सिविल दारोगा में एवं पीटीसी विनोद कुमार की पदोन्नति एएसआई के रूप में हुई है। इसको लेकर मंगलवार को नगर थाना पर एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने उन्हें स्टार लगाकर नई जिम्मेवारी सौंपी। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्यशैली से अपनी खास पहचान बनाने की सलाह दी। मौके पर नगर थाना में पदास्थापित अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

### देवधा थाना पुलिस ने अलग अलग मामले में शराब वाहन व चोरी मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

मधुबनी देवधा थाना पुलिस के द्वारा अलग अलग मामले में कार्रवाई करते हुए शराब और वाहन व चोरी के मोटरसाइकिल के साथ मामले में एक व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार किया गया। देवधा थाना पुलिस के द्वारा शराब व चोरी के मामले में की गई कार्रवाई को लेकर थाना अध्यक्ष प्रीति भारती के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक समकालीन अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर उसराही स्थित कमला नहर बांध चचरी पुल के पास दो मोटरसाइकिल पर लदे शराब की खेप को बरामद किया गया। शराब समेत वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई हेतू थाना लाया गया। जब्त शराब में कुल 06 बोरियो में 216 लीटर नेपाली देशी शराब है। थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान उसराही स्थित मिश्रीलाल चौक के पास से एक व्यक्ति को चोरी मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल को जब्त कर मामले में गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति को आगे की कार्रवाई हेतू थाना लाया गया। मामले में गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति देवधा थाना क्षेत्र के पीठवाटोल निवासी वीरेन्द्र मुखिया बताया जाता है। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### पंचायत समिति सदस्य ने अनुमंडल अस्पताल के उत्तर वाला सड़क पर जल जमाव की समस्या को लेकर दिया आवेदन

मधुबनी जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के बेलही दक्षिण पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन मांझी के द्वारा अनुमंडल अस्पताल के उत्तर वाला सड़क पर जल जमाव की समस्या के निदान को लेकर जयनगर अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी (उपाधीक्षक) को एक आवेदन दिए जाने की जानकारी दी गई। आवेदन के माध्यम से उन्होंने कहा कि मेरे पंचायत अवस्थित अनुमण्डलीय अस्पताल जयनगर के उत्तर वाली संड़क पर हॉस्पीटल की दिवार से हॉस्पीटल का गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। उक्त सड़क से ही चित्रगुप्त क्लोनि का रास्ता है। उसी रास्ता से कई कोचिंग एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं समेत आम जनो का आवागमन रहता है। सड़क पर सालों भर गंदा बदबूदार पानी जमा रहता है। जिससे महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है।उन्होंने आवेदन के माध्यम से जल्द-जल्द से इस समस्या का समाधान निदान की मांग की है।

### बीडीओ के द्वारा आमजनो व जनप्रतिनिधियों के साथ जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

मधुबनी जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार की अध्यक्षता में प्रखण्ड क्षेत्र के बस्ती पंचायत के बाबा पोखर के समीप स्थित पार्क में पंचायत के आम जनो व जनप्रतिनिधियों साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत के मुखिया जी प्रतिनिधि अनिल सिंह, प्रखंड परियोजना प्रबंधन जीविका, प्रखंड समन्वयक स्वच्छता, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी के साथ जनसंवाद किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से बीडीओ के द्वारा सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत को कचड़ा से मुक्त करने हेतु भी चर्चा किया गया। पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मी को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन प्रत्येक घर से कचड़ा का उठाव करना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक माह के पहली से पांचवीं तारीख तक प्रत्येक घर से 30 रुपैया का स्वच्छता शुल्क कलेक्शन करना सुनिश्चित करेंगे एवं स्वच्छता शुल्क पंचायत के स्वच्छता खाता में जमा कराना भी सुनिश्चित करेंगे। पंचायत स्तरीय सभी कर्मी को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन अपने पंचायत भवन पर उपस्थित रहकर आम जनो का सभी कार्य ससमय निष्पादित कराने को लेकर भी निर्देश दिया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया कि 15 दिनो के अंदर विद्यालय का साफ सफाई रंगरोगन पठन पठान में सुधार लाने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# सीएम के आगमन पर नरौली से समाहरणालय तक रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 27 दिसम्बर को अपनी प्रगति यात्रा पर मुजफ्फरपुर आने वाले हैं। लिहाजा जिला प्रशासन बिल्कुल अलर्ट मोड में है।जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, डीआईजी बाबूराम एवं एसएसपी राकेश कुमार ने जिलास्तरीय अधिकारियों की टीम के साथ मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के मद्देनजर सोमवार को नरौली का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मानक के अनुरूप सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बैरिकेडिंग, ड्रॉप गेट, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन मूवमेंट, पार्किंग आदि पहलू की सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने नरौली से समाहरणालय तक के रूट लाइन का भी निरीक्षण किया तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक एहतियाती सावधानी, सतर्कता एवं कड़ाई का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने बृहद आश्रय गृह का भ्रमण किया तथा भूतल एवं प्रथम तल के कक्ष का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है

कि बृहद आश्रय गृह अनाथ एवं बेसहारा बालक बालिका के लिए 200 बेड का आवासीय गृह है। इस परिसर में मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, और कार्यारंभ कर जनता को समर्पित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नरौली पंचायत सरकार भवन तथा उसके परिसर स्थित आरटीपीएस काउंटर, जीविका भवन, निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा पार्क की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्य में तेजी लाने तथा जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

पंचायत सरकार भवन स्थल पर अपर समाहर्ता आपदा की तैनाती की गई है तथा सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी कार्य ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री की निर्धारित समीक्षा बैठक की तैयारी हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विभागीय कार्य की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों से स्पष्ट एवं विस्तृत प्रतिवेदन की मांग की गई है ताकि संधारित किया जा सके।

## बेनीपुरी जी वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं : जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में सोमवार को रामवृक्ष बेनीपुरी जयंती समारोह का भव्य आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं अतिथियों ने बेनीपुरी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धा निवेदित की। जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कलम के जादूगर रामवृक्ष बेनीपुरी जी के बारे में जितनी बातें की जाए कम है। वह इस पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। रामवृक्ष बेनीपुरी जिन्हें कलम का जादूगर कहा जाता है साहित्य, पत्रकारिता और राजनीति में अपनी विशिष्ट अवदान के कारण जाने पहचाने जाते हैं। उन्होंने अपने अध्ययन काल की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं पढ़ते हुए वह बड़े हुए हैं।

डॉ पूनम सिन्हा ने रामवृक्ष बेनीपुरी जी के जीवन- दर्शन पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने अपने वक्तव्य में बेनीपुरी जी के विलक्षण व्यक्तित्व के हर पहलू की चर्चा की। माटी की मूरतें के रचयिता बेनीपुरी सतत संघर्षरत रहे। बिहार में समाजवाद के प्रथम प्रकल्पक, किसान आंदोलन के अग्रणी, युवाओं के हृदय में गुलामी के खिलाफ संघर्ष को लहरानेवाले, जो ना झुके और न टूटे। डॉ रविंद्र उपाध्याय के उद्बोधन को श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुन रहे थे।

बी आर ए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार राय ने कहा कि बेनीपुरी ने महज 18 वर्ष की उम्र में असहयोग आंदोलन से जुड़कर अपनी दिशा तय कर ली थी। 1921 में उन्होंने तरुण भारत के साथ जुड़कर गुलामी के खिलाफ देश के युवाओं को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया।

डॉ रामप्रवेश सिंह ने भी बेनीपुरी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और दिनकर तथा फणीश्वर नाथ रेणु की आंचलिकता और लोक संस्कृति से जोड़कर बड़े ही अनूठे ढंग से व्याख्यान को प्रस्तुत किया।

शहर के जाने-माने साहित्यकार डॉक्टर संजय पंकज के वक्तव्य से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कौशल्या कला केंद्र की छात्राओं के स्वागत गान से हुआ। व्याख्यान सत्र के मध्य में सत्यम कुमार झा ने ओडिसी नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। युवा कलाकार आशुतोष कुमार के गीत से श्रोता मंत्रमुग्ध थे।

कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी सुष्मिता झा ने किया।

अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी, वरीय उपसमाहर्ता आपदा प्रबंधन, वरीय उपसमाहर्ता विकास प्रशाखा, जिला भविष्य निधि पदाधिकारी एवं जिला योजना पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। अतिथि वक्ता के रूप में डॉक्टर पूनम सिन्हा, डॉक्टर रामप्रवेश सिंह, डॉ रविंद्र उपाध्याय, डॉक्टर संजय पंकज, डॉक्टर सतीश कुमार राय उपस्थित थे।

## नो डिटेंशन पालिसी खत्म होने से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।केंद्र सरकार ने नो डिटेंशन नीति को समाप्त कर दिया है। इससे गुणवत्ता शिक्षा की नींबू मजबूत होगी। पूर्ववर्ती सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 मे परीक्षा के दबाव में छात्रों को स्कूल छोड़ने और ड्राप आउट की दर बढ़ने का हवाला देकर नो डिटेंशन नीति लागू किया था। इसके बाद 2010 से 5वीं और 8वीं कक्षा में फेल करने वाले छात्र भी अगली कक्षा में प्रोन्नत किए जाने लगे। फिर बाद में यह व्यवस्था 1ली कक्षा से ही लागू कर दी गई। इस कारण शिक्षा की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हुई। केन्द्र सरकार के इस फैसले से 5 वीं एवं 8वीं के वर्ग सापेक्ष दक्षता नहीं प्राप्त करने वाले छात्रों को फेल किया जा सकेगा। लेकिन, उनको दो महीने बाद एक बार फिर परीक्षा देने का मौका भी मिलेगा।उसमें पास करने के बाद वे अगली कक्षा के लिए प्रोन्नत हो सकेंगे अन्यथा एक साल तक फिर उसी कक्षा में पढ़ना होगा। नो डिटेंशन नीति के कारण शिक्षा के स्तर में गिरावट आई, जिसका असर बाद में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं पर पड़ा। कहां जा रहा है कि इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों की शिक्षा का स्तर बढ़ाना और उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार करने का एक स्पष्ट अवसर देना है। नई व्यवस्था के तहत, यदि छात्र दोबारा परीक्षा में भी असफल हो जाता है, तो उसे अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, छात्र को अपनी कमियों को सुधारने के लिए अतिरिक्त अवसर दिए जाएंगे। यह कदम शिक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने और छात्रों की बुनियादी समझ को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है। इस बदलाव का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और छात्रों को अपने प्रदर्शन के प्रति जिम्मेदार बनाना है। केन्द्र सरकार के इस फैसले का अभिभावकों एवं शिक्षाविदों ने स्वागत किया है।

## श्रम संसाधन विभाग के धावा दल ने बाल श्रमिक को कराया विमुक्त



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। श्रम अधीक्षक, दरभंगा किशोर कुमार झा के निर्देश पर बहादुरपुर प्रखंड में श्रम संसाधन विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु गहन छापेमारी की गई। इसी क्रम में आयुष फास्ट फूड, कमर्शियल चौक, लहेरियासराय से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है।श्रम अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग द्वारा जिले में विभिन्न नियोजनों में कार्यरत 26 बाल श्रमिकों को अब तक विमुक्त कराया जा चुका है।विमुक्त बाल श्रमिकों एवं उनके परिवार को विभिन्न विभागों के पुनर्वास हेतु समन्वय कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि धावा दल द्वारा प्रत्येक सप्ताह शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों मे भी सघन अभियान चलाया जा रहा है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि एक ओर जहाँ नियोजकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई जारी है, वही दूसरी ओर बाल श्रम के विरूद्ध सामाजिक जागृति पैदा करने के उद्देश्य से कार्यशाला सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर, बैनर एवं फ्लैक्स लगाए गये है।उन्होंने बाल श्रम जैसी कुप्रथा को सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। धावा-दल में साधना भारती श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बहादुरपुर, दिलीप कुमार श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी केवटी, रजत राउत श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी ताराडीह,नीतीश कुमार श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी किरतपुर, कार्डस संस्था के प्रतिनिधि नारायण कुमार मजमुदार और मधुलता देवी एवं पुलिस बल शामिल थे।

## नवागंतुक छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का किया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से नव आगंतुक छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी उद्भव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि छात्र जीवन का ध्येय उच्च अभिलाषाओं से बंधा होता है। छात्रों को चाहिए कि उसे पूरा करने के लिए वे अनुशासनबद्ध होकर पूरी मिहनत करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के उत्थान के लिए लगातार सक्रिय है। कई छात्र केंद्रित निर्णय लिये गये हैं और परिवर्तन किए गए हैं जिसका परिणाम है कि पिछले दो वर्षों में विश्वविद्यालय के छात्रों ने देश विदेश में नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों को विश्व प्रतिष्ठित इरेसमस मुंडस फेलोशिप भी मिला है। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छात्रों की अहम भूमिका होगी इसलिए छात्रों को अभी से जुट जाना चाहिए। स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डीन डॉ मयंक राय ने कहा कि कुलपति छात्रों के समग्र विकास को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। छात्रों की पढ़ाई से लेकर हास्टल तक में वे स्वयं पहुंच कर सभी चीजों की जांच करते हैं और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हैं। इसी का परिणाम है कि पिछले दो वर्षों में छात्रों का रिजल्ट देश भर में चर्चा का विषय बना है। निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए दूसरा घर है। यहां के अनुशासन और व्यवस्था को बनाए रखना छात्रों की भी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी छात्रों की सहायता को तत्पर रहते हैं। छात्रों के सपनों को साकार करने में विश्वविद्यालय लगातार सक्रिय है। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के लिए रात्रि भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में डीन फिशरीज डॉ पी पी श्रीवास्तव,जलवायु अनुकूल कृषि के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ रत्नेश झा, डॉ एस के सिंह, डॉ सतीश सिंह, डॉ शंकर झा, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराधियों के गोली के शिकार हुए मृतक ई-रिक्शा चालक के परिजनों को राजू सहनी ने उपलब्ध करायी सहायता

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



जिले के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत डढ़िया असाधर गांव निवासी, मृतक गणेश कुमार सहनी के घर फरिश्ता बनकर पहुंचे जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी के प्रतिनिधियों ने मृतक के परिजन से मिलकर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें करीब 6 माह का राशन किरासन उपलब्ध कराया, ताकि मृतक के परिजन को कोई तकलीफ ना हो। इस दौरान जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल भगवानपुर कमला के सरपंच पति जयराम सहनी, वरुण कुमार, ललित कुमार सिंह, चंद्रकांत सिंह, राजेश कुमार, हरेंद्र सहनी, नकुल सहनी, सुजित कुमार, पप्पू सहनी, मंटू पंडित, सियाराम राय, रंजीत साह, उदय राय आदि ने बताया कि, आज उन्होंने समाजसेवी राजू सहनी के द्वारा स्वर्गीय गणेश सहनी की विधवा पत्नी के लिए दिए गए सामानों में 8 बैग चावल, 1 बैग मसुर दाल, 1 क्विंटल आलू, 25 किलो प्याज, 15 लीटर सरसों तेल, 25 किलोग्राम नमक, 5 किलोग्राम मसाला, 3 बैग गेहुं का आटा सहित हजारों रूपए नकद राशि दिया गया है। इस संबंध में पुछे जाने पर मृतक की पत्नी व उनके अन्य परिजनों से मिलने पहुंचे समाजसेवी राजू सहनी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल हरेन्द्र सहनी ने बताया कि, उनलोगों को सुचना मिली कि, जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्तापुर गांव में, पिछले दिनों हुई गोलीबारी की घटना में एक दिव्यांग युवक जो ई रिक्शा चलाकर तथा गांव घर में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था, जिसकी हत्या अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर कर दी थी। जिसकी सुचना उनलोगों ने बड़े भाई समाजसेवी राजू सहनी, जो आसाम में रहकर व्यवसाय करते हैं को दिया। जिसके बाद उन्होंने अपने स्तर से नकदी सहित करीब 30 हजार रूपए की राशन किरासन का सामान मृतक की पत्नी को उपलब्ध करा दिया गया है। यही नही! आने वाले दिनों में भी मृतक के परिवार को समय-समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं इस संबंध में जानकारी के लिए जब वह जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि, खबर के माध्यम से उन्हें यह सुचना मिली कि, उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत अंगारघाट थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव निवासी, गणेश कुमार सहनी जो एक निहायत ही गरीब व दिव्यांग युवक थे, जो ई रिक्शा चलाकर तथा बच्चों को ट्यूशन देकर अपना व अपने परिवार की आजिविका चलाते थे, उनकी हत्या बदमाशों ने गोली मारकर कर दी है। जानकारी मिलते ही तुरंत बाद उन्होंने अपने लोगों को फोन कर इस घटना का जानकारी दिया, तथा उनसे जो बन पड़ा उन्होंने पिड़ित परिवार को उपलब्ध करा दिया है। यही नही! आने वाले दिनों में वह उक्त परिवार की हरसंभव और भी मदद करेंगे। इस दौरान समाजसेवी राजू सहनी ने यह भी बताया कि, वह इस अपार दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। वह पिड़ित परिवार का भाई व बेटा बनकर हरसंभव सहयोग करेंगे। वहीं इस दौरान मृतक गणेश कुमार सहनी के परिजनों व स्थानीय लोगों के चेहरे पर राहत का भाव दिखा। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने समाजसेवी राजू सहनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, ऐसे ही मानवता की सेवा करते रहने का आशीष दिया।

## पुलिस की गाड़ी से ठोकर लगने से किशोर जख्मी



कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

चकमेहसी 112 की गाड़ी को स्थानीय लोगों ने बंधक बनाया। बंधक की सूचना पर दो थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। मालीनगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 सिमरी गांव में मंगलवार की दोपहर एक मिट्टी काटने की सूचना 112 की टीम को मिली, जैसे खनन स्थल पर पहुंची कि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर सिमरी गांव की ओर टेलर पर लोड मिट्टी हाइड्रोलिक ट्रैक्टर्स गिराते हुए भागने लगा, जिससे 112 की टीम के द्वारा पीछा किया। एक बागान की ओर जाने के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 362 के समीप अपने ननिहाल आए एक नौ वर्षीय किशोर ननिहाल के दरवाजे पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। परिजनों ने आरोप लगाया कि 112 टीम की बोलेरो से ठोकर लगने से गंभीर रूप से किशोर जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने ईलाज के लिए पूसा के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। वही जख्मी किशोर कि पहचान कल्याणपुर थाने के गोविंदपुर खजूरी चकजाफर गांव के पप्पू कुमार राय के 9 वर्षीय पुत्र सौरभ सुमन के रूप में की गई। बाद स्थानीय ग्रामीणों ने 112 टीम के पदाधिकारी संजय कुमार सिंह को बधक बना लिया। वही दुर्घटना स्थल से दोनों वाहन के चालक फरार हो गया। दोनों वाहन मौके पर देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध करते हुए वरिय पुलिस पदाधिकारी को बुलाने के बाद छोड़ने की बात कहते हुए पुलिस पदाधिकारी की विरोध करने लगे। सुचना पर अपर थाना अध्यक्ष शम्भू सिंह कल्याणपुर थाने के सव इंस्पेक्टर शिम्पी कुमारी, एस आई रामनाथ राय, संजीव सिंह राजेंद्र यादव दल बल के सहयोग से स्थानीय पुर्व मुखिया विजय शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि के सहयोग से परिजनों को समझाते हुए पुलिस कर्मी व 112 टीम के पदाधिकारी संजय कुमार सिंह को बंधक मुक्त कराया। मिली जानकारी के अनुसार किशोर अपने नाना के श्रद्धा कर्म में हरिनंदन राय के यहां किशोर आया था। जहां ठोकर लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन के कारण ट्रैक्टर चालक टोली लगी ट्रैक्टर लेकर लेकर भागने के दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल होने की बात बताई है। वैसे पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच करने की बात कही है।

## सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने सीमावर्ती गांव गोपालपुर एवं उमगाव में लगाया निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48 वी वाहिनी जयनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सम वाय गंगौर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गाव गोपालपुर में 23 दिसंबर एवं उम गाव में 24 दिसंबर को गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निदेर्शानुसार निशुल्क पशु-चिकित्सा शिविरो का आयोजन किया गया ।इन पशु चिकित्सा शिविर में पशु चिकत्सा विभाग के डा॰ रविकांत और अर्जुन महता के द्वारा गाव गोपालपुर एवं उमगाव के आस-पास के गांवो के लोगो के मवेशियों की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयो का वितरण किया एवं उन्हे बदलते मौसम में पशुओ की देखरेख संबंधी जानकारिया दी या गया।इन पशु चिकित्सा चिकित्सा शिविरो में 60 ग्रामीणो के 217 मवेशियो का इलाज किया गया । पशु चिकित्सको के द्वारा पशु पालको को पशुओ की उन्नत नशलो के बारे में भी जानकारी दी गयी ।स्थानीय लोगो द्वारा सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमाक्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कल्याण कारी कार्यो हेतु बल की प्रशंसा की जा रही है एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के शिविरो का आयोजन करने हेतु आव्हान भी किया गया है ।सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार के तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है ।

## बिना शो कॉज के ही सदर अस्पताल डॉक्टर के वेतन पर लगी महीनों से रोक

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सदर अस्पताल में पदास्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन के लंबित वेतन भुगतान को लेकर उनके आवेदन के आधार पर स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के अवर सचिव ने विद्यानन्द जमादार ने सिविल सर्जन को पत्र भेजकर उनके लंबित वेतन भुगतान के संबंध में जानकारी मांगी है। इसमें उन्होंने पूछा है कि उनका वेतन किस परिस्थिति में रोका गया है और इस संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाए। बता दें कि बिहार विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में स्पष्ट कहा है कि परफॉर्मेंस व टार्गेट के आधार पर कर्मचारियों व पदाधिकारियों का वेतन बंद करने को नियम के विरुद्ध बताया है। विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति के अनुसार यदि यह नियम लागू होता है तो ' इस आधार पर डीएम का भी वेतन बंद होना चाहिए। समिति के जवाब ने सामान्य प्रशासन विभाग कहा कि आगे से ध्यान रखने की बात कही थी। समिति ने वेतन बंद करने वाले पदाधिकारियों पर शोकॉज करने की बात कही है। हालांकि इसके बावजूद भी सदर अस्पताल में पदास्थापित डॉ राजीव रंजन से बिना कारण पृच्छा के उनके वेतन पर रोक लगा दी गई है। उनके लगभग 10 महीनों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसको लेकर उन्होंने सिविल सर्जन और विभाग के अवर सचिव को पत्र लिखकर उनके लंबित वेतन का भुगतान करवाने की गुहार लगायी थी। उसी के आलोक में विभाग के अवर सचिव ने सिविल सर्जन से इसके संबंध में जानकारी मांगी है। वहीं इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने कहा कि डॉ राजीव रंजन विभागीय ट्रेनिंग से बिना बताए चले आए थे और इस पर विभाग का रुपए खर्च हुआ है और उसी को लेकर उनके वेतन पर रोक लगायी गई है। विभाग से इस दिशा में निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एप में इन्वेस्ट करने पर रुपए कमाने का झांसा देकर चार लाख तीन हजार की ठगी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

एक निजी कंपनी के फाउंडेशन एप के माध्यम से रुपए इन्वेस्टमेंट और दोस्तों को उसका स्क्रीनशॉट शेयर करने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस ठगी की घटना को लेकर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बरहेता के देवनारायण साह के चंदन कुमार साह ने साइबर थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार पीड़ित चंदन को व्हाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से एक फाउंडेशन एप का मैसेज आया था। जिसमें कहा गया था कि इस एप में इन्वेस्ट और उसके स्क्रीनशॉट को 10 लोगों को शेयर करने व प्रत्येक लाख रुपए के इन्वेस्टमेंट पर 150 दिनों तक पांच हजार रुपए उसके बैंक अकाउंट में वापस भेजा जाएगा। वह कुबेर फाउंडेशन एप जो किसी संदीप पाठक के नाम से है, पर उन्होंने चार लाख 22 हजार रुपए यूपीआई के माध्यम से भेजा था। उसके बाद बताए गए निदेर्शानुसार उस स्क्रीनशॉट को शेयर भी किया था। उसके बाद चार दिनों तक उनके बैंक अकाउंट में 4750 रुपए की राशि भेजी गई थी। उसके बाद रुपए नहीं आने पर उन्होंने एप के संचालक के दिए गए नंबर पर फोन कर शिकायत थी। उसके बाद बताया गया कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण रुपए उनके अकाउंट पर नहीं गए हैं और इसके ठीक होते ही फिर से रुपए उनके बैंक अकाउंट में जाने लगेगा। वहीं उसके बाद से एप ही बंद हो गया। उन्होंने कुबेर फाउंडेशन एप संचालित करने वाले सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## वीर शिवाजी टी ट्वेन्टी सोनमा को 10 विकेट से रौंदकर बनारस क्वार्टर फाइनल मे पहुंची

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी मधवापुर आर एनजेडिग्री कॉलेज ग्राउंड रामपुर मधवापुर में आयोजित वीर शिवाजी टी ट्वेंटी क्रिकेट सीजन 8 के तीसरे लीग मुकाबले में बनारस ने नेपाल के सोनमा इलेवन को 10 विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर बनारस के कप्तान ओम सागर ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जहा सोनमा इलेवन की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 113 रन ही बना सकी। जिसमे धीरू ने सर्वाधिक 48 जबकि मुकेश ने 14 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी में बनारस की तरफ से अश्विनी ने 4 ऋषभ और युवराज ने 1-1 विकेट लिए।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस की टीम ने 7 ओवर में ही बिना किसी नुकसान के ताबड़तोड़ 114 रन बनाकर 10 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। जिसमें सलामी बल्लेबाज रौनित ने 65 एवं अजयवीर ने 38 रन बनाए। गेंदबाजी में सोनमा के गेदबाज कुछ खास नही कर सके। मैच का मैन ऑफ द मैच बनारस टीम के अश्विनी को मिला जिन्होने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए। मैच के बाद विजेता टीम के कप्तान एवं मैन ऑफ द मैच को आयोजन समिति के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर दोनो टीम के खिलाड़ियो के अलावा हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। टूनार्मेंट के चौथे लीग मैच में बुधवार को पुपरी एवं नेपाल के लादोबेला की टीमों के बीच भिड़ंत होगी।

## दरभंगा का नेता नहीं बेटा बनकर विकास करना जीवन का अंतिम लक्ष्य : डॉ गोपाल जी ठाकुर

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।आमजनों की हर अपेक्षाओं को पूरा करना ही रामराज की असली परिभाषा है।आजादी के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस राजराज की कल्पना की थी वह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी धरातल पर साकार कर रहे हैं। लोकतन्त्र में लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करना हर जनप्रतिनिधियों का नैतिक कर्तव्य बनता है जिसको हकीकत में बदलने के लिए वे ईमानदारी से लगे हुए हैं। सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने लहेरियासराय बलभद्रपुर स्थित स्थित अपने आवासीय कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए आमजनों की समस्याओं को सुनने के बाद निदान के लिए पहल करने के बाद उपरोक्त विचार व्यक्त किए।सांसद डा ठाकुर ने विभिन्न सुदूर देहाती क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं के पहल के सम्बंधित पदाधिकारीयों को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए कहा कि जनतंत्र में जनता मालिक होते हैं जिनका हित सर्वोपरि होता है। सांसद डा ठाकुर ने उपस्थित लोगों के बीच केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जमकर सराहना करते हुए कहा मिथिला के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि दरभंगा का चतुर्दिक विकास आज देश स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है।सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में एलएनएमयू को केंद्रीय शोध विश्वविद्यालय का दर्जा मिलना, एम्स,एयरपोर्ट, आईटी पार्क, तारामंडल, रेलवे आरोबी जैसी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यहां जितने भी कार्य चल रहे हैं आने वाले समय में वह बिहार नहीं देश स्तर पर एक पैमाना बनेगा। इस मौके पर पार्टी नेता संजय कुमार महतो मुनींद्र यादव पिंटू झा सरिता देवी जेडीयू नेत्री श्याम रेखा मिश्रा ऋषि वर्मा दिनेश लाल चंद्रेश राय संजय यादव लालबाबू यादव आशीष मिश्रा दीपक कुमार दिवाकर सहित अन्य मौजूद थे

## संक्षिप्त खबरें

### दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

मुंगेर/संग्रामपुर (मुंगेर)। चंदनिया स्थित सामुदायिक भवन में यूको आईसीटी की अध्यक्षता में दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत बकरी की प्रजाति उसके आवास रखने के तरीके और बकरियां में रोग नहीं हो की प्रशिक्षक बालमुकुंद सिंह ने उपस्थित लोगों के बीच जानकारी दिया।

### लोजपा आर ने युवा प्रकोष्ठ का विस्तार किया

मुंगेर/तारापुर (मुंगेर)। लोजपा आर युवा प्रकोष्ठ के विस्तार को लेकर फजलीगंज में कार्यकताओं और युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी की बैठक जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सिद्धार्थ शर्मा एवं शिवकुमार को महासचिव के लिए मनोनीत किया गया है। आगामी 28 दिसंबर को प्रखंड और नगर कमेटी का विस्तार किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

### शराबी गिरफ्तार

मुंगेर। हवेली खड़गपुर थाना पुलिस ने नशे की हालत में एक शराबी को गिरफ्तार कर उसे लाल घर मुंगेर भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बौखडा गांव के रंजन चौधरी नशे की हालत में हंगामा कर रहे थे लोगों के द्वारा स्थानीय पुलिस को उसके संबंध में सूचना दिया गया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शराबी को गिरफ्तार कर लिया। अनुमंडलीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्रेथ एनालाइजर से जांच पर शराब पीने की पुष्टि हुई।

### 3 जनवरी से परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा

मुंगेर। आगामी 3 जनवरी से यूजी का परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा। इसके लिए मुंगेर विश्वविद्यालय ने स्नातक सेमेस्टर -01 शैक्षणिक सत्र 2024 - 2028 के नियमित और शैक्षणिक सत्र 2023 2017 बैकलॉग के विद्यार्थियों के लिए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दिया है। एम यू के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अमर कुमार के अनुसार इस शैक्षणिक सत्र के नियमित और बैकलॉग के विद्यार्थी 3 जनवरी से 5 जनवरी के बीच 100 बिलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकते सकेंगे।

# सुविधा : कार्यक्रम पदाधिकारी निर्माण के लिए मुखिया को कर चुके है निर्देशत

## 8 पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता



गिद्धौर। मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद प्रखंड के आठ पंचायत में 76 लाख 80 हजार के लागत से आठ खेल मैदान बनाया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री के उद्घाटन के बाद निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है।मुख्यमंत्री द्वारा सभी खेल मैदान का निर्माण कार्य 90 दिन में यानी 15 मार्च तक पूर्ण कर लेना है।सभी मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने को ले मुखिया को निर्देशत कर चुके है और आये दिन देख रेख कर रहे है।मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि सभी पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण होना चाहिए,जिससे बच्चों का खेल में निखार लाया जा सके।खेल के अभाव में बिहार के बच्चे बहुत पीछे है

जिसको लेकर ये मुहिम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुरू किया है।प्रखंड में आठ पंचायत है हरेक पंचायत में खेल मैदान बन रहा है।पतसंडा पंचायत के हाई स्कूल के समीप खेल मैदान बन रहा है,वही सेवा पंचायत में नीचली सेवा में खेल मैदान बन रहा है।वही मौरा, गंगरा, कोल्हुआ, कुंधुर, पुर्वी गुगुलडीह तथा रतनपुर पंचायत में खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। खेल मैदान का निर्माण कार्य 90 दिन में पूर्ण करने का लक्ष्य इस संबंध में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि बिहार सरकार ने सभी खेल मैदान का निर्माण कार्य 90 दिन में पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है और कहा कि 15 मार्च तक कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए,जिसको ले निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।खेल मैदान में अलग-अलग ट्रैक बनेगा क्योंकि खो-खो, बॉलीवॉल, कबड्डी, लॉन्ग जम्प-हाई जम्प सहित कई प्रकार के खेल को ले खेल मैदान तैयार हो रहा है।

# मुंगेर में 57 करोड़ रुपये की लागत से 560 शैय्या का अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बनकर होगा तैयार : डीएम

## बिहार सरकार के द्वारा भवन निर्माण के लिए राशि की दी गई स्वीकृति

प्रात : किरण, संवाददाता



● विद्यालय में नामांकित छात्र/छात्राओं के आवासन, भोजन व पढ़न - पाठन की होगी सुविधा

मुंगेर । अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार पटना के द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय से आनेवाले प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को चयनित कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड के ददरी मौजा में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के निर्माण की स्वीकृति राज्य सरकार के द्वारा प्रदान की गई है। इसकी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि मुंगेर जिले के लिए यह अत्यंत ही हर्ष की बात है कि अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं के लिए 560 आवासन क्षमता वाले आवासीय विद्यालय का निर्माण 568.49 लाख (प्राक्कलित राशि) रुपये से कराया जाना है। इस विद्यालय के निर्माण में अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को चयनित कर उनके सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ होगी।उन्होंने अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के संचालन एवं सुविधाओं के बारे में कहा कि आवासीय विद्यालय में चयनित एवं आवासीय छात्र/छात्राओं को भोजन, वस्त्र, पठन-पाठन इत्यादि सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराना है ताकि उच्च शिक्षा एवं व्यवसायिक प्रक्षेत्रों यथा मेडिकल/इंजिनियरिंग आदि में अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सके तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर संगठन के लोगों ने प्रभार सीओ से किया मुलाकात



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] आगामी 27 दिसम्बर को प्रखंड कार्यालय परिसर में नवयुवक संघ की ओर से दिए जाने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर मंगलवार को संघ के संयोजक एवं अन्य सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचा और प्रभार सीओ आरती भूषण से मुलाकात किया। संयोजक गौरव सिंह राठौड़ ने बताया कि सीओ से मिलकर वर्तमान में अंचल कार्यालय में हो रही गड़बड़ियों को लेकर जानकारी देते हुए धरना प्रदर्शन की जानकारी दी गई। संयोजक ने बताया कि वर्तमान समय मे अंचल कार्यालय में कर्मचारियों एवं दलालों के बीच सांठगांठ से व्याप्त भ्रष्टाचार एवं दाखिल खारिज में जबरन दखल कब्जा करवाना सहित अन्य जमीन से जुड़े विभिन्न मामलों में दलालों द्वारा फरियादियों से मोटी राशि वसूली करना जिसे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लगातार आम जनता हमारे संगठन से इस बात की शिकायत करते हुए मदद की गुहार लगा रहे हैं। इसी को देखते हुए 27 दिसंबर को एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन प्रखंड कार्यालय परिसर में करने का निर्णय लिया गया है ।

# विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के कार्यकर्ता दक्षिण प्रांत अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु हुए रवाना

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई [ झाझा ] अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकर्ता दक्षिण प्रांत अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु महाराजा कॉलेज आरा के लिए रवाना हुआ। मौके पर प्रांत एसएफडी सह संयोजक सूरज वर्णवाल व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन में वर्षों के कार्य की समीक्षा किया जाता है तथा आने वाले साल के लिए योजना बनाई जाती है तथा उसे पारित किया जाता है। अधिवेशन में जाना हम सभी कार्यकर्ता के लिए सौभाग्य की बात है, आज झाझा की धरती से हम लोग आरा के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। जिसमें पूरे दक्षिण बिहार के समर्पित हजारों कार्यकर्ता सम्मिलित होने वाले हैं अधिवेशन के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के अलग-अलग भाषा एवं संस्कृति को देखने एवं समझने का अवसर प्राप्त होगा तथा आगामी दिनों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्य विस्तार एवं कार्य योजना की श्रृंखला तैयार होगी। मौके पर नगर मंत्री नीतीश केसरी, हरिनंदन प्रजापति ने सम्मिलित रूप से कहा कि अधिवेशन हम सबों के लिए एक महापर्व है इसमें वर्ष भर के कार्यों की योजना बनाई जाती है जिससे कार्यकर्ता आने वाले समय में अपने-अपने कैंपस में कार्य करते हैं। यह अधिवेशन चार दिवस यह है इसमें प्रांत तथा राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता का मार्गदर्शन हम सभी छात्र नेताओं को मिलता है जिससे संगठन को एक नई दिशा मिलता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठन होने का कृतिमान स्थापित किया है, विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र रहित तथा राष्ट्रहित में तत्पर रहती है।मौके पर नगर सहमंत्री राजेश यदुवंशी,गुड़िया कुमारी,नगर कार्यकारिणी सदस्य रिंटू कुमार, राहुल कुमार, प्रिंस कुमार ,सोनाली कुमारी, खुशबू कुमारी आदि मौजूद थे।

# मंगलवार को छात्रों ने नशा मुक्ति अभियान में दिखाया उत्साह



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार को झाझा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नशे की लत से बचाव और इसके दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस अभियान में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अभियान में झाझा के पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार बंधुओ ने इस अभियान में हमारा भरपूर सहयोग किया। छात्रों ने हाथों में जागरूकता संदेश वाले पोस्टर और बैनर लिए हुए, ॡनशा छोड़ो, जीवन बचाओॡ और ॡस्वस्थ जीवन ही सच्चा जीवन हैॡ जैसे नारे लगाते हुए शहीद सुनील चौक, फाड़ी चौक, खलासी मोहल्ला, स्टेशन चौक एवं झाझा बाजार आदि जगहों पर पूरे शहर का भ्रमण किया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ० सुरेंद्र निराला ने कहा हमारा उद्देश्य न केवल शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि हमारे छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। यह अभियान इसी दिशा में एक प्रयास है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और छात्रों की इस पहल को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। झाझा पब्लिक स्कूल के इस प्रयास ने न केवल छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी नशा मुक्ति के महत्व को समझाने में अहम भूमिका निभाई।

# हमारी लोक संस्कृति भी इतिहास निर्माण की प्रमुख पारंपरिक स्रोत हैं : डॉ भाष्कर नाथ ठाकुर




प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के महाराजाधिराज लक्ष्मीश्वर सिंह, संग्रहालय के द्वारा संग्रहालयाध्यक्ष डा शंकर सुमन की अध्यक्षता में पुरावशेष एवं कलाकृतिः इतिहास निर्माण के प्रमुख स्रोत विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रो प्रभास चंद्र मिश्र, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा थे। अतिथि डॉ भास्कर नाथ ठाकुर, डॉ अखिलेश कुमार विभु एवं डॉ अमिताभ कुमार, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा थे। अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश संग्रहालयाध्यक्ष डा शंकर सुमन ने किया।

अतिथि डॉ अमिताभ कुमार ने पुरातात्विक अध्ययन के विस्तार को रेखांकित करते हुए कहा कि इतिहास के स्रोत के रूप में पुरातात्विक अध्ययन हेतु पुरास्थलों का उत्खनन सबसे आवश्यक होता है, जो क्षैतिज और लंबवत विधि से किए जाते हैं। इसके साथ ही इन्होंने पुरावशेष के आधार पर क्रमवार इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए डॉ विभु ने कहा कि मिथिला शक्तियों की भूमि रही है। ऐतिहासिक स्रोत को समझे बिना इतिहास का अध्ययन संभव नहीं है। अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए डॉ भाष्कर नाथ ठाकुर ने कहा कि इतिहास का अध्ययन अन्वेषण एवं विश्लेषण की बुनियाद पर टिकी रहती है। हमारी लोक संस्कृति भी इतिहास निर्माण की प्रमुख पारंपरिक स्रोत हैं। साथ ही उन्होंने बलिराजगढ़, खोजपुर, बनगांव, सिमरावगढ़, भीठ भगवानपुर, कन्दाहा, पंचोभ, जयमंगला गढ़, कटरा गढ़, नौलागढ़ इत्यादि पुरास्थलों की ऐतिहासिकता को भी रेखांकित किया।पुरातत्त्व विषय के शोधार्थी मुरारी कुमार झा ने मंच संचालन व धन्यवाद डॉ शंकर सुमन ने किया।इस दौरान गिरिंद्र मोहन ठाकुर, पूर्णिमा कुमारी, पुष्पांजली कुमारी, सोनी कुमारी, कंचन कुमारी, आयशा जमाल, शाहाना खातून, रिया कुमारी, शुभरंजन, कोमल कुमारी, श्रवण कुमार, शैलेंद्र कुमार, अभिषेक आनंद, आयुष कुमार, रौनक कुमार मिश्र, कुमारी पलक आदि शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं ने आलेख प्रस्तुतिकरण किया।

# दर्शन परिषद्, बिहार की नई कार्यकारिणी गठित

## प्रो. पूनम अध्यक्ष एवं डॉ. श्यामल महासचिव निर्वाचित





प्रात : किरण, संवाददाता

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर की अंगीभूत इकाई मारवाड़ी महाविद्यालय, भागलपुर में संपन्न हुए दर्शन परिषद्, बिहार के त्रिदिवसीय 46वें वार्षिक अधिवेशन की आमसभा में कार्यकारिणी का पुनर्निर्वाचन किया गया। इसमें दर्शनशास्त्र विभाग पटना विश्वविद्यालय, पटना की सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह को अध्यक्ष, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर्गत टी. पी. एस. कॉलेज पटना में स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में पटना विश्वविद्यालय पटना के परीक्षा नियंत्रक डॉ. श्यामल किशोर को महासचिव तथा जे. डी. वीमेंस कॉलेज पटना में स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो. वीणा कुमारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। डॉ. शैलेश कुमार सिंह (पटना) एवं डॉ. अभय कुमार सिंह (मुजफ्फरपुर) को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। प्रो. किस्मत कुमार सिंह (आरा), प्रो. पूर्णेंदु शेखर (भागलपुर) डॉ. अवधेश कुमार सिंह (बेगूसराय) तथा डॉ. सुधांशु शेखर (मधेपुरा) को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई। अधिवेशन के दौरान परिषद् की शोध-पत्रिका दार्शनिक अनुगूँज के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दर्शनशास्त्र विभाग पटना विश्वविद्यालय, पटना के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. इंद्रदेव नारायण सिन्हा पुनः प्रधान संपादक बनाया गये। डॉ. नागेन्द्र मिश्र (पटना) एवं डॉ. विजय कुमार (मुजफ्फरपुर) को संपादक का दायित्व दिया गया।

# खेल मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है : अजय नाथ झा

● दिल्ली पब्लिक स्कूल कादिराबाद दरभंगा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

प्रात : किरण, संवाददाता




दरभंगा। दिल्ली पब्लिक स्कूल, कादिराबाद, दरभंगा के वार्षिक खेल-कूद एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ० अजय नाथ झा स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर एलएनएमयू एवं विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि को पाग, चादर, स्मृति चिन्ह एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ झा ने खेल को अपना पैशन बताते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि खेल मानसिक शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रहने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने और टीम वर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमेशा सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। खेलों से सामूहिक चेतना का विकास होता है और नेतृत्व करने की कला विकसित होती है । कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, मशाल जलाते हुए मार्च पास्ट एवं पटाखों के आवाज के साथ किया गया। विद्यालय के खेल शिक्षक रंजीत कुमार, प्रेमकांत, क्रीड़ा प्रभारी अनिल पाठक एवं उप-प्रधानाचार्य मो अली अन्दलिब के नेतृत्व में आज के कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। आज के कार्यक्रम में विभिन्न खेलों को शामिल किया गया । कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को विद्यालय के निदेशक डॉ शोएब अहमद खान, चेयरमैन तुफैल अहमद खान, वरिष्ठ प्राचार्य संजय कुमार झा, प्रधानाचार्या अनुराधा सेन एवं उपप्रधानाचार्य मो० अली अन्दलिब द्वारा विभिन्न प्रकार के मेडलों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# जिला कांग्रेस कमिटी का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को दो ज्ञापन सौंपा



प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सदन मे संविधान निमार्ता डां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ जिला कांग्रेस द्वारा लगातार किए जा रहे कड़े विरोध के क्रम मे मंगलवार को अंबेडकर के सम्मान मे कांग्रेस है मैदान मे कार्यक्रम के तहत एक विशाल मार्च बलभद्रपुर जिला कांग्रेस कार्यालय से लहेरियासराय समाहरणालय तक किया गया। सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी के नेतृत्व में हाथ मे बाबा साहब की तसवीर लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। इसी संदर्भ में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को दो ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बिहार सरकार के मुख्यमंत्री से उत्तर बिहार व मिथिला का केंद्र दरभंगा को बिहार की उपराजधानी बनाने और पटना हाइकोर्ट की एक बेंच दरभंगा मे स्थापित करने की मांग की गई है।मौके पर, पूर्व मेयर अजय जालान, मीडिया प्रभारी मो.असलम, डिप्टी मेयर नाजिया हसन, परमानंद झा, जीवन झा, दयानंद पासवान, पसरफराज अनवर, डां. विजयशंकर झा, मनोज झा, पंकज चौधरी, रतिकांत झा, कन्हैया झा, ई. कामेश्वर झा, प्रो. खादिम हुसैन, राजा अंसारी, सैयद तनवीर अनवर, एजाज अनवर, मो. अंसार, नवीन चौधरी, प्रो. उदयशंकर मिश्र, गणेश चौधरी, राहुल झा, रघुवंश कु. सिंह, धनंजय सिंह, शुशील कुमार सिंह, प्रिंस परवेज, सुनील सिंह, उदितनारायण चौधरी, जयशंकर चौधरी, नारायणजी झा, प्रो. शिवनारायण पासवान, डां. सुरेश राम, मनोरंजन झा, महादेव चौधरी, मो. अंसार, हसमत अंसारी, विशाल कुमार, बसंत झा, अमरनाथ चौधरी, सिबली नोमानी, शाहिन परवेज, मो.मुस्तुफा, मो.जहांगीर, हेमचंद्र झा, विद्यानंद झा, सुधीर यादव, राहुल भागवत, बासुदेव राम, रफी अहमद सहित सैकड़ों की संख्या मे कार्यकर्ता शामिल थे।

# गिद्धौर रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज की जर्जर स्थिति के कारण यात्रियों को सताता है दुर्घटना का भय

## क्षेत्र के रेल यात्री फुट ओवर ब्रिज के सीढ़ी व स्लेब के मरम्मती की कर रहे हैं मांग

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। रेल व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सरकार एवं रेल विभाग हर मुमकिन कवायद अपने अपने स्तर से कर रही है। बावजूद इसके दानापुर रेल मंडल अंतर्गत पड़ने वाले लाखों के रेल विभाग को राजस्व का फायदा देने वाले गिद्धौर रेलवे स्टेशन पर क्षेत्र के रेल यात्रियों व आमजनो को अपनी रेल यात्रा के दौरान इस स्टेशन पर घोर यात्री सुविधाओं का सामना करना पड़ता है। स्टेशन पर जर्जर रेलवे फुट ओवर ब्रिज के कारण रेल यात्रियों को हमेशा इस फुट ओवर ब्रिज से प्लेटफोर्म के एक छोर से दूसरे छोर तक आवागमन में दुर्घटना का डर बना रहता है।

बताते चलें कि गिद्धौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से होकर दो नंबर प्लेट फॉर्म की ओर जानेवाली ऊपरी रेलवे फुट ओवर ब्रिज दिन प्रतिदिन जर्जर होती जा रही है। जिससे यहां कभी भी यात्रियों को निकट भविष्य में दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के रेल यात्री उत्तम कुमार,सुनील सिंह,प्रमोद कुमार,पंकज कुमार,ओंकार पांडेय, सुधीर कुमार,पुष्पा कुमारी,डब्लू सिंह,संजय कुमार आदि बताते हैं कि आवागमन के क्रम में फुट ओवर ब्रिज पर लगा सीढ़ी का स्लेब कमजोर हो जर्जर हो चुका है।

कई जगहों से इसके स्लैब जगह जगह से टूट गये है। जिससे ब्रिज आर पार करने वाले रेल यात्रियों के मन में हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वहीं कई बार रेल यात्रियों द्वारा रात के समय में अंधेरे में टूटे स्लैब के गड्ढे की चपेट में चोट चपेट का शिकार हो घायल हो जाते हैं। अगर रेल विभाग द्वारा समय रहते इसकी मरम्मति के लिए कोई ठोस कारवाई नहीं की गई तो कभी भी यहां भयंकर घटना घट सकती है। रेल प्रशासन को यात्री सुविधा से जुड़ी इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने की जरुरत है।

# अस्पताल की जमीन कब्जा करने के मामले में डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

मुजफ्फरपुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैया की चहारदीवारी एवं शौचालय तोड़कर अस्पताल की 62 फीट जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर उस पर निर्माण कार्य जारी रखने पर सरैया अस्पताल की जमीन बचाओ संघर्ष समिति की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर से मिला। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ समाजवादी लक्षण देव प्रसाद सिंह यूनिवर्सिटी शिक्षक आंदोलन की नेत्री प्रोफेसर भारती सिंहा, समाजवादी शाहिद कमाल, अर्जुन कुमार, भूमाफिया भगाओ अस्पताल बचाओ जन संघर्ष समिति, सरैया के सुनील कुमार एवं उमेश कुमार थे। जिलाधिकारी से वार्ता के दरमियान प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सरैया अंचलाधिकारी, डीसीएलआर,मुजफ्फरपुर पश्चिमी एवं एसडीओ, मुजफ्फरपुर पश्चिमी तीनों द्वारा कराई गई मापी में अस्पताल से पूरब की जमीन अतिक्रमित पाया गया। एसडीओ पश्चिम एवं अंचलाधिकारी द्वारा कराई गई पैमाइश में तो स्पष्ट रूप से 62 फीट जमीन भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किया हुआ साबित हुआ।

# प्लस टु परियोजना उच्च विद्यालय सोनो के समिप लगा कचरे की अंबार , स्थानीय लोगों सहित विधालय के बच्चों को दुर्गंध से हो रही परेशानी



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई / सोनो : प्लस टु परियोजना उच्च विद्यालय सोनो के दिवाल से सटे भारी मात्रा में कचरे की अंबार लगी हुई है ।जिससे निकलने वाली दुर्गंध से आमजनो सहित राहगीरों एवं विधालय मे शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है ।साथ ही कचरे से निकलती इस दुर्गंध से विभिन्न प्रकार के बिमारियाँ फैलने की आशंका बनी हुई है ।सोनो झाझा मुख्य मार्ग एन एच 333 की सडक के किनारे विधालय से सटे चार दिवारी के समिप पिछले कई माह पुर्व से भारी मात्रा मे कचरा जमा हो गई है , जबकि इसी मार्ग से सोनो प्रखंड मुख्यालय के सभी पदाधिकारी ओर कर्मियों एवं विधालय के प्रभारियों सहित अन्य सभी राजनेताओं का आवागमन होती है । लेकिन विधालय के समिप जमा कचरे की अंबार पर अब तक किसी की नजर उस ओर नहीं जा सका है । लिहाजा स्थानीय लोगों ने सडक के किनारे व विद्यालय से सटे जमा इस कचरे को हटवाने की मांग जिला प्रशासन से करते हुए विधालय प्रभारियों पर कानुनी कार्यवाई करने की मांग की है ।

सम्पादकीय

## संसद के कलुषित परिवेश का जिम्मेवार कौन ?

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को ह्यजिसकी लाठी, उसकी भैंसह्व भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। जाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मजाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए खर्च हो जाएं।

## 100वीं जन्म जयन्ती (25 दिसम्बर, 2024) पर विशेषः मैं हूं सदैव अटल

25 दिसंबर 1924 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में श्रीमती कृष्णा देवी-कृष्ण बिहारी वाजपेयी के घर जन्मे अटल बिहारी वाजपेयी के पास चार दशक से अधिक समय का संसदीय अनुभव था। वे 1957 से संसद सदस्य रहे हैं। वे 5वीं, 6वीं, 7वीं लोकसभा और फिर उसके बाद 10वीं, 11वीं, 12वीं और 13वीं लोकसभा में चुनाव जीतकर पहुंचे। इसके अलावा 1962 और 1986 में दो बार वे राज्यसभा के सदस्य भी रहे। वर्ष 2004 में वे पांचवी बार लगातार लखनऊ से चुनाव जीतकर लोक सभा पहुंचे थे। वाजपेयी जी इकलौते नेता हैं जिन्हें चार अलग-अलग राज्यों उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचने का गौरव हासिल है। गौरवशाली कार्यकाल अभूतपूर्व एक प्रधानमंत्री के तौर पर उनका कार्यकाल इतना गौरवशाली रहा कि एक दशक के बाद भी उस कार्यकाल को न सिर्फ याद किया जाता है, बल्कि उस पर अमल भी किया जाता है। इसमें पोखरण परमाणु परीक्षण, आर्थिक नीतियों में दूरदर्शिता आदि शामिल हैं। आधारभूत संरचना के विकास की बड़ी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नदी जोड़ो योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग और स्वर्णिम चतुर्भुज योजनाएं भी इनमें शामिल हैं। बहुत ही कम ऐसे प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने समाज पर इतना सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। हार नहीं मानूंगा स्तुत्य, अटल जी की शिक्षा के दौरान कई साहित्यिक, कलात्मक और वैज्ञानिक उपलब्धियां उनके नाम रहीं। उन्होंने राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य के अलावा दैनिक अखबारों जैसे स्वदेश और वीर अर्जुन का संपादन किया। इसके अलावा भी उनकी बहुत सी किताबें प्रकाशित हुईं जिनमें मेरी संसदीय यात्रा-चार भाग में, मेरी इक्यावन कविताएं, संकल्प काल, शक्ति से शांति, अमर बलिदान, कैदी कविराज की कुंडलियां इमरजेंसी के दौरान जेल में लिखी गई कविताओं का संकलन आदि प्रमुख हैं। कवि मन सदैव अटल आज भी जनमन में आलोकित है। कंठहार हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ...। संयुक्त् राष्ट्रत में गूंजी हिंदी शुचिता की राजनीति के प्रतिपालक अटल बिहारी वाजपेयी 1951 में जनसंघ के संस्थापक सदस्य और फिर 1968-1973 में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष और 1955-1977 तक जनसंघ संसदीय पार्टी के नेता रहे। वह 1977 से 1980 तक जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य के रूप में और 1980 से 1986 तक भाजपा के अध्यक्ष रहे। साथ ही 1980-1984, 1986, 1993-1996 में वे भाजपा संसदीय दल के नेता रहे। ग्यारहवीं लोक सभा के दौरान वह नेता विपक्ष के पद पर रहे। इससे पहले मोरारजी देसाई की सरकार में उन्होंने 24 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979 तक विदेश मंत्री का पदभार भी संभाला। दौरान पहली बार हिंद की हिंदी गूंजी। कंठ था मां भारती के ऐसे सपूत का जिसकी वाकपटुता और भाषण-कौशल के मुरीद विरोधी खेमे में भी रहे। 4 अक्टूबर 1977 को संयुक्त6 राष्ट्रद के मंच से करीब 43 मिनट बोले। वह दौर शीतयुद्ध के चरम का था। पूरी दुनिया किसी न किसी के पाले में थी। भारत की उस वक्तम में गुटनिरपेक्षता की आवाज बुलंद कर रह थे अटल बिहारी वाजपेयी। दृढ़निश्चय के एक साल अटल, अटल के 1998-99 के प्रधानमंत्री के कार्यकाल को दृढ़निश्चय के एक साल के रूप में जाना जाता है। इसी दौरान 1998 के मई महीने में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया था जिन्होंने परमाणु परीक्षण को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। फरवरी 1999 में पाकिस्तान बस यात्रा ने उपमहाद्वीप की परेशानियों को सुलझाने के लिए एक नए दौर का सूत्रपात किया। इसे चहुंओर प्रशंसा मिली। इस मामले में भारत की ईमानदार कोशिश ने वैश्विक समुदाय में अच्छा प्रभाव छोड़ा। बाद में जब मित्रता का यह रूप धोखे के रूप में कारगिल के तौर पर परिलक्षित हुआ तब भी वाजपेयी जी ने विषम परिस्थितियों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया और घुसपैठियों को बाहर खदेड़ने में सफलता हासिल की। नवरत्न में समाहित आदर, अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र के प्रति उनके सेवाओं के मद्देनजर वर्ष 1992 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्हे सर्वश्रेष्ठ संसद सदस्य आदि पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पहले 1993 में कानपुर विश्वदविद्यालय ने मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि से नवाजा था। 2015 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया। गमगीन 16 अगस्त 2018 को भारत के महारत्न अटल, अनंत के नवरत्न में समाहित हो गए। प्रेरणापुंज मै अटल था, मैं अटल हूं और मैं अटल रहूंगा का मूलमंत्र सदैव अटल हो गया। महामना की जन्म शताब्दी पर विनम्र शब्दांजलि!

# देश के अप्रतिम नेता अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत का जश्न

**इसे किसी संगठन या समाज के भीतर निर्णय लेने और लागू करने की प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। शासन केवल व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही आवश्यक नहीं है; यह उद्देश्यों को प्राप्त करने और समुदाय या समूह की आवश्यकताओं को सम्बोधित करने में भी मदद करता है। विश्व बैंक के अनुसार, सुशासन वह तरीका है जिसमें विकास के लिए किसी देश के आर्थिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन में शक्ति का प्रयोग किया जाता है। संस्थाओं को इस तरह से संचालित होना चाहिए कि दूसरों के लिए यह देखना आसान हो कि क्या कार्य किए जा रहे हैं। यह भ्रष्ट आचरण को भी रोकता है। शासक वर्ग को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। इससे लोगों और पूरे समाज की बेहतरी सुनिश्चित होगी।**






**प्रियंका सौरभ**
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार )

भारत में हर साल 25 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया जाता है। पहली बार 2014 में मनाया गया यह दिवस पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुँचे। अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रमुख भारतीय राजनेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संस्थापक सदस्य थे। अपनी वाक्पटुता और काव्य कौशल के लिए जाने-जाने वाले, उन्हें उनके उदार राजनीतिक विचारों और आम सहमति बनाने के प्रयासों के लिए पार्टी लाइनों से परे सम्मान दिया जाता था। वाजपेयी का राजनीतिक करियर पाँच दशकों से अधिक समय ताक चला, जिसके दौरान उन्होंने भारत की घरेलू और विदेश नीतियों को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में, उन्हें 2015 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से साम्मानित किया गया। 25 दिसम्बर, 1924 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में जन्मे अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रतिष्ठित राजनेता, कवि और वक्ता थे। उन्होंने तीन बार भारत के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया और देश के विकास पथ पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनके कार्यकाल में महत्त्वपूर्ण आर्थिक सुधार, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ और भारत की वैश्विक स्थिति में सुधार के प्रयास शामिल थे। वाजपेयी के नेतृत्व की विशेषता लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता थी, जो उनकी जयंती को सुशासन दिवस मनाने का एक उपयुक्त अवसर बनाती है। सुशासन दिवस 2024 न केवल वाजपेयी की विरासत का स्मरण करता है, बल्कि नागरिकों और अधिकारियों से देश के समग्र विकास के लिए पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी शासन को बढ़ावा देने का आग्रह भी करता है। 25 दिसम्बर, 2024 का सुशासन दिवस विशेष महत्त्व रखता है क्योंकि यह अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती है। इस मील के पत्थर को मनाने के लिए, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 19 से 24 दिसम्बर, 2024 तक चलने वाले ह्यप्रशासन गाँव की ओरह्व नामक एक सप्ताह के अभियान की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शासन को जमीनी स्तर पर लाना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशासनिक सेवाएँ ग्रामीण आबादी तक पहुँच सकें। सुशासन दिवस पारदर्शी, जवाबदेह और लोगों की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी शासन के महत्त्व की याद दिलाता है। सुशासन सार्वजनिक संसाधनों और संस्थानों को ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से, भ्रष्टाचार या सत्ता के दुरुपयोग के बिना प्रबंधित करने की एक प्रक्रिया है। यह सुनिश्चित करता है कि कानूनों का पालन किया जाए, मानवाधिकारों की रक्षा की जाए और समाज की जरूरतों को पूरा किया जाए। इसका उद्देश्य नागरिकों की प्रभावी रूप से सेवा करने और शासन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ज़िम्मेदारी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। भारतीय राजनीति में उनके योगदान और पारदर्शी और जवाबदेह सरकार के लिए उनके दृष्टिकोण को मान्यता देना। जागरूकता को बढ़ावा देना, नागरिकों को सुशासन के महत्त्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना। जनता की प्रभावी और नैतिक रूप से सेवा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करना। इसे किसी संगठन या समाज के भीतर निर्णय लेने और लागू करने की प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। शासन केवल व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही आवश्यक नहीं है; यह उद्देश्यों को प्राप्त करने और समुदाय या समूह की आवश्यकताओं को सम्बोधित करने में भी मदद करता है। विश्व बैंक के अनुसार, सुशासन ह्लवह तरीका है जिसमें विकास के लिए किसी देश के आर्थिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन में शक्ति का प्रयोग किया जाता हैह्व। संस्थाओं को इस तरह से संचालित होना चाहिए कि दूसरों के लिए यह देखना आसान हो कि क्या कार्य किए जा रहे हैं। यह भ्रष्ट आचरण को भी रोकता है। शासक वर्ग को लोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। इससे लोगों और पूरे समाज की बेहतरी सुनिश्चित होगी। शासी संस्थाओं को लोगों की चिंताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उचित समय के भीतर उनकी जरूरतों को पूरा करना चाहिए। समाज के सभी वर्गों के लोगों को बिना किसी भेदभाव के सुधार के लिए समान अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। निर्णय समाज के एक बड़े वर्ग की सहमति से लिए जाने चाहिए, ताकि यह किसी के लिए हानिकारक न हो। उपलब्ध संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए ताकि ऐसे परिणाम प्राप्त हों जो उनके समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करें। प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों को बनाए रखने के लिए कानूनी ढांचे को निष्पक्ष तरीके से लागू किया जाना चाहिए। समाज के लोगों को वैध संगठनों या प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी राय व्यक्त करने में सक्षम होना चाहिए। इसमें कमजोर और पिछड़े समूह भी शामिल हैं। सुशासन प्रथाएँ जनता के हितों को बनाए रखने में मदद करती हैं। सुशासन किसी संगठन को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए मौजूदा संसाधनों का इष्टतम और कुशल उपयोग करने में सक्षम बनाता है। सुशासन प्रथाएँ शक्ति और पद के अत्यधिक उपयोग के विरुद्ध जाँच और संतुलन भी सुनिश्चित करती हैं। शासन प्रक्रिया में जनता की भागीदारी तभी प्राप्त की जा सकती है जब सुशासन प्रथाओं को लागू किया जाए। सुशासन दिवस विभिन्न पहलों के माध्यम से नैतिक शासन, पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी पर जोर देता है। इन पहलों का उद्देश्य प्रशासन को अधिक कुशल, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित बनाना है। ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता और सरकारी सेवाओं तक निर्बाध पहुँच को बढ़ावा देता है। नागरिकों को सार्वजनिक सूचना तक पहुँचने के लिए सशक्त बनाकर पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। सरकारी परियोजनाओं पर प्रतिक्रिया प्रदान करके नीति निर्माण मीं नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। पूरे भारत में स्वच्छता, सफाई और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करता है। लाभार्थियों को सीधे सब्सिडी हस्तांतरित करता है, भ्रष्टाचार को कम करता है और लक्षित वितरण सुनिश्चित करता है। कुशल शासन के लिए देरी को सम्बोधित करते हुए सरकारी परियोजनाओं के समय पर निष्पादन की निगरानी करता है।

# एक देश एक चुनाव लागू होने पर कई राज्यों के कार्यकाल घटेगा

**एक साथ चुनाव कराने से वित्तीय और प्रशासनिक संसाधनों की एक महत्त्वपूर्ण राशि की भी बचत हो सकती है, साथ ही चुनाव प्रचार में लगने वाला समय भी बच सकता है। एक साथ चुनाव कराने से चुनाव-संचालित नीति निर्माण का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे सरकारें अल्पकालिक राजनीतिक लाभों के बजाय दीर्घकालिक योजना और कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित कर सकती हैं। चुनाव के दौरान लागू की जाने वाली आदर्श आचार संहिता, विकास परियोजनाओं और नीतिगत निर्णयों में बाधा उत्पन्न कर सकती है।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

केन्द्र सरकार ने शीतकालीन सत्र में 129वें संशोधन विधेयक के रूप में दो विधेयक संसद में पेश कर दिए गए हैं। एक विधेयक एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर है और दूसरा केन्द्र शासित प्रदेशों के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन से संबंधित है। संविधान संशोधन के लिए दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके। बिल को पेश करने को लेकर संसद में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वोटिंग हुई, जिसमें 269 बोट ही सरकार के पक्ष में पड़े जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। अब सरकार ने इन विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति के पास समीक्षा के लिए भेजने का फैसला किया। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो वर्ष 2034 से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराए जाएंगे। एनडीए सरकार एक देश-एक चुनाव को 2029 से पहले पूरी तरह धरातल पर उतारने की तैयारी में है। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर लोकसभा सचिवालय ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित कर दिया है, जिसमें लोकसभा से 27 सदस्य और राज्यसभा से 12 सदस्य शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के सांसद पीपी चौधरी नियुक्त हुए हैं। समिति में लोकसभा के 27 सदस्यों में अध्यक्ष पीपी चौधरी के साथ, सीएम रेशम, बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तम भाई रुपाला, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, भर्तृहरि महताब, संबित पात्रा, अनिल बालुनी, विष्णु दत्त शर्मा, बैजयंत पांडा, संजय जयसवाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, छोटेलाल, कल्याण बनर्जी, टी एम सेल्वागणपति, जीएम हरीश, अनिल यशवंत देसाई, सुप्रिया सुले, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शंभावी चौधरी, के राधाकृषणन, चंदन चौहान और बालशौरि वल्लभनेनी शामिल हैं। वहीं राज्यसभा से 12 सांसदों जिसमें घनश्याम तिवारी, भुवनेश्वर कलिता, डॉ के लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, सांकेत गोखले, पी विल्सन, मानस रंजन, वी विजयसाई रेड्डी शामिल हैं। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में बिहार के जदयू से राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, भाजपा से लोकसभा सांसद संजय जायसवाल और लोजपा (रामविलास) से लोकसभा सांसद शांभवी चौधरी शामिल शामिल हैं। वहीं समिति में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो, शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रा), जन सेन पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा (सपा), माकपा, आप, बीज और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं। एक देश एक चुनाव विधेयक लोकसभा में पेश करने के संबंध में सरकार का कहना है कि एक साथ चुनाव कराना कोई नई अवधारणा नहीं है। देश में पहले यह व्यवस्था थी। इसको लागू करने से देश के विकास की गति तेज होने की पूरी संभावना है। एक साथ चुनाव कराने से सरकार का ध्यान विकासात्मक गतिविधियों और जनता के कल्याण को बढ़ावा देने वाली नीतियों को लागू करने पर केंद्रित रहेगा। देश में पहले भी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव वर्ष 1951, 1957, 1962 और 1967 में एक साथ कराये गए थे। कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण वर्ष 1968 और 1969 में यह बाधित हो गया था। चौथी लोकसभा भी समय से पहले भंग कर दी गई थी। इस कारण वर्ष 1971 में नया चुनाव कराना पड़ा। पांचवीं लोकसभा का कार्यकाल आपातकाल की घोषणा के कारण बढ़ा दिया गया था। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को लेकर असमंजस की स्थिति है। वहीं दिल्ली में फरवरी 2025 में, बिहार में नवम्बर 2025 में, तमिलनाडु में अप्रैल 2026 में, पश्चिम बंगाल में अप्रैल 2026 में, असम में अप्रैल 2026 में, केरल में अप्रैल 2026 में, उत्तर प्रदेश में फरवरी 2027 में, उत्तराखंड में फरवरी 2027 में, पंजाब में फरवरी 2027 में, मणिपुर में फरवरी 2027 में, गुजरात में नवम्बर 2027 में, हिमाचल प्रदेश में नवम्बर 2027 में विधान सभा चुनाव होना है, ऐसी स्थिति में इन सभी राज्यों में एक देश एक चुनाव लागू होने पर कार्यकाल घटेगा। जबकि ह्यएक देश एक चुनावह्व देश के लिए काफी फायदेमंद है। इसमें प्रशासनिक तंत्र और सुरक्षा बलों पर बार-बार पड़ने वाला बोझ कम होगा, चुनावी गतिविधियों में समय की बचत होगी और उस समय को दूसरे उपयोगी कामों में इस्तेमाल किया जा सकेगा। सांसदों और विधायकों का कार्यकाल एक ही होने के कारण उनके बीच भी समन्वय बढ़ेगा। 2014 में एनडीए को सत्ता में आने के बाद से भारतीय जनता पार्टी के लिए यह संशोधन ह्यएक देश-एक चुनावह्व महत्वाकांक्षी योजना है। अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसके पक्ष में बात कही थी। चुनाव सुधार की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। यह सही है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे, तो बार-बार होने वाले विधानसभा चुनावों के खर्च से बचा जा सकेगा। सरकारी कामकाज बेहतर ढंग से हो सकेगा क्योंकि बार-बार चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण कामकाज प्रभावित होता है। चुनावों में प्रत्याशियों और पार्टियों की तरफ से होने वाला बेतहाशा खर्च पर भी अंकुश लगेगा।

## राष्ट्र निर्माण के अटल आदर्श की शताब्दी

मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं...लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं? अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं...कितने गूढ़ हैं। अटल जी, कूच से नहीं डरे...उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे... जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है..कौन जानता किधर सवेरा...आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था... और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है। 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी। वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए। वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए। उनके शासन काल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने ना सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़कर भारत की एकता को भी सशक्त किया। जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल जी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के वर्ग, यानि ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने। उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानवी के जीवन को बदलना ही रहा। उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे ऑपरेशन शक्ति का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था। लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को ये दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है। उन्होंने पूरी दुनिया को ये संदेश दिया, ये पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी, कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया। वाजपेयी सरकार के शासन काल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आईं। करगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा। जब भी आप वाजपेयी जी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयी जी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चचाएँ सीखने का माध्यम बनतीं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना,बुधवार ,25 दिसंबर, 2024



# कायाकल्प:स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार और सुदृढ़ीकरण से आम मरीजों का बढ़ा विश्वास

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। सारण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के कारण मरीजों का विश्वास स्वास्थ्य विभाग में बढ़ा है। खासतौर पर कायाकल्प योजना के तहत किए गए प्रयासों ने इस विश्वास को और मजबूत किया है। कायाकल्प योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर बनाना है, ताकि मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसी कड़ी में, सारण जिले के दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प के मानक के अनुरूप विकसित किया गया है। इस स्वास्थ्य केंद्र को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए सभी जरूरी उपाय किए गए हैं, जिससे मरीजों को बेहतर वातावरण में इलाज मिल सके। कायाकल्प आवार्ड योजना के तहत, स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन राज्य स्तरीय टीम द्वारा किया गया। इस मूल्यांकन टीम में राज्य स्वास्थ्य समिति के डॉ. अनुपम सिंह और पीरामल से डॉ. उत्तम कुमार शामिल थे। टीम ने अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं के अलावा, अस्पताल के साफ-सफाई इंतजाम, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों के रख-रखाव, और चिकित्सा कर्मियों के व्यवहार का भी मूल्यांकन किया। साथ ही, अस्पताल में दिए जा रहे अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं जैसे टीकाकरण, प्रसव कक्ष, एएनसी रूम, ओपीडी, और जांच घर की गहनता से जांच की गई।। इन मानकों के आधार पर अस्पतालों का मूल्यांकन किया जाता है और अच्छे प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना और मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। राज्य स्वास्थ्य समिति के डॉ अनुपम ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों में आठ मुख्य बिंदुओं पर फोकस किया गया है। इनमें अस्पताल का अपना भवन, वहां की स्वच्छता व साफ सफाई, मेडिकल वेस्ट के निष्पादन की व्यवस्था, इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी का क्रियाकलाप, सपोर्ट सर्विस (आउटसोर्स कर्मियों के काम काज व उपलब्धता), हाइजेनिक प्रोमोशन और बी ऑन द बांड्री यानि अस्पताल परिसर के बाहर आसपास वाले क्षेत्रों की साफ सफाई का होना शामिल है। इसके अलावे साईनेज बोर्ड, हर्बल गार्डेनिंग भी की गयी है। सेसमेंट के आधार पर अस्पतालों की रैंकिंग की जाएगी और रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने वाले अस्पताल को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय स्थान के लिए 10 लाख रुपये और तृतीय स्थान के लिए 5 लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, 70 प्रतिशत अंक पाने वाले अस्पतालों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा।

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्रकुमार ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने जो सुधार किए हैं, वे न केवल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि इससे स्वास्थ्य विभाग पर भी मरीजों का विश्वास बढ़ा है। यह योजना स्वास्थ्य संस्थानों को एक नए दृष्टिकोण से देखती है, जिसमें अस्पताल केवल इलाज का स्थान नहीं बल्कि एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण भी होता है, जो मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य की ओर एक बड़ा कदम है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रौशन कुमार ने कहा यह योजना अस्पतालों को स्वच्छ, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित करती है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल मिल सके। सारण जिले के दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किए गए सुधारों की सराहना राज्य स्तर पर की गई है।

# आग लगने से चार फूस के घर जलकर हुआ खाक

## अनाज, बर्तन, कपड़ा समेत लाखों की समप्ति हुई नष्ट

प्रातः किरण, संवाददाता



अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अमनौर कल्याण पंचायत स्थित खोरी पाकर गोबिंद गांव में अचानक आग लगने से चार फुस के घर जलकर खाक हो गई।घटना सोमबार की संध्या का है।घर वाले बाजार गए हुए थे।कुछ लोग खेती बाड़ी में थे।घर पर केवल महिला बच्चे थे।अचानक भोला राय के घरों में आग लगी।आग लगते ही घर के लोग आनन फानन में शोर मचाते घर से निकले।घर गांव के अंतिम छोड़ पर है।जिससे लोग शोर की आवाज देर से सुने।शोर की आवाज सुनते तथा आग की उठती लाफ देख लोटा बाल्टी लेकर दौरे।आग की लपट इतने देर में काफी बढ़ गई।लोग पुलिस को सूचित किया।सूचना मिलते ही अधिकारी तीन फायर बिग्रेड की गाड़ी भेजा।गाड़ी के पहुँचने तक आग चारो घर तक फैल चुका था।घर के लाखों की समाप्ति लोगो के आखों के सामने जल रहा था।घर वाले रोते बिलखते रहे।सब कुछ खाक हो गया।फायर बिग्रेड के कर्मियों ने काफी मसक्कत कर आग को बुझाने में जुटे रहे।आग लगने से बालेश्वर राय भोला राय उदय राय अशोक राय के घर जलकर पल भर में नष्ट हो गए।इन्होंने बताया कि घर मे कपड़ा से लेकर अनाज साइकिल उपस्कर बर्तन बढ़ी समेत लाखो की सम्पति का नुकसान बताया।आग कैसे लगा अचानक आग इतनी भीषण कैसे हो गई किसी को पता नही. को बताया कि जिला कांग्रेस ने महामहिम से मांग की है कि वे इस मुद्दे पर अड़ियल रवैया अपना रही सरकार के गृह मंत्री अमित साह को बर्खास्त कर ये नजीर पेश करे कि चुनाव जीत जाने भर से कोई संविधान निमार्ता बाबा साहेब जैसी विभूति को अपमानित करने की हिमाकत कर पद पर बना नहीं रह सकता ' विशेषकर दलित संवर्ग आज आशा की नजरों से महामही राष्ट्रपति ओर देख रहा है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि लगातार हो रहे दलितों पर अत्याचार और उनकी अवहेलना अब समाज बर्दाश्त नहीं कर सकेगा। कांग्रेस पार्टी दलितों एवं पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई शुरू से लड़ती आई और आगे भी लड़ेगी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर सम्मान यात्रा की समाप्ति के बाद जिला कांग्रेस कमिटी के 8 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी डॉ. अमन समीर को एक ज्ञापन सुपुर्द किया, जिसमें भारत के राष्ट्रपति से अमर्यादित टिप्पणी करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह को अविलंब बर्खास्तगी की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष अजय सिंह ,पूर्व विधायक रघुनंदन मांझी , जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी डॉ.शंकर चौधरी ,पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र कुमार सिंह ,जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन राय , बृजानंद पाठक , सुनीता मिश्रा तथा ब्रजेश सिंह शामिल थे। इसके अतिरिक्त सम्मान यात्रा में शामिल होने वाले सर्वश्री केदारनाथ सिंह ,शैलेश कुमार सिंह ,विलायत हुसैन ,सुधीर कुमार राय ,जितेंद्र कुमार सिंह , जयंत सिंह , हरेश कुमार राय ,सुबोध कुमार जायसवाल ,राम स्वरूप राय आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम नीतीश को आनंदी का भुजा और मछली का अचार भेंट किया गया

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। घोटवा टोला में प्रगति यात्रा के दौरान परंपरागत हस्तकरघा स्टॉलों के निरीक्षण के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आनंदी का भुजा और मछली का अचार भेंट स्वरूप दिया गया। मछली विक्रेता राम सिंह ने बताया कि मछली के अचार व्यवसाय से थरुहट क्षेत्र के दर्जनों आदिवासी महिलाएं मेरे द्वारा ट्रेनिंग प्राप्त कर जुड़ रोजगार कर रही है। लेकिन राम सिंह ने निराशा जाहिर करते हुए कहा कि जो सहायता सरकार के द्वारा इस व्यवसाय के उन्नति के लिए मिलना चाहिए था,वह अबतक नहीं मिला है।बतादें की राम सिंह द्वारा मछली से बने विभिन्न प्रकार के अचार बनाकर खुदरा और ऑनलाइन बेचा जाता है। राम सिंह समेत इस व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी मुख्यमंत्री को आनंदी का भुजा और मछली का अचार भेंट कर फुले नहीं समा रहे हैं।

### अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

परसा। शितलपुर सिवान एसएच 73 पर थाना क्षेत्र के परसा हाई स्कूल चौक के समीप हवाई ध्रुव से बालू ले जा रहे एक ट्रक को जब्त करते हुए चालक को किया गिरफ्तार. इस संबंध में सीओ चंदन कुमार ने सोमवार को ट्रक मालिक वह चालक पर खनन विभाग के तहत प्राथमिकी दर्ज दर्ज कराई गई है दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.गिरफ्तार ट्रक चालक बिटू कुमार पिता राम ब्रत राय घर अवतारनगर थाना क्षेत्र सनका गाँव निवासी बताया जाता हैं. इस संबंध में पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार चालक को गुरुवार को भेजा जाएगा.

### हॉकर टूना सिंह की हार्ट अटैक से मौत,मचा कोहराम

रिविलगंज ।रिविलगंज हॉकर सह पाकार एवं मांझी थाना क्षेत्र के मझनपुरा निवासी 45 वर्षीय टूना सिंह का हार्ट अटैक से मंगलवार की अहले सुबह मौत हो गई।बताया जाता है कि हॉकर टूना सिंह कैंसर पीड़ित थे,जिसके कारण वो बीमार चल रहे थे।मंगलवार की अगले सुबह 3 बजे के करीब उनका हार्ट अटैक आ गया, जिसे उनका आवाज निकलना बंद हो गया।सूचना मिलते पर उनके मौसेरा बड़े भाई बसंत सिंह पहुंचे,जहां आनन फानन में रिविलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया,प्राथमिकी उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल छपरा में रेफर कर दिया,जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।मृतक टूना सिंह का एक पुत्री है।जो छात्रा है।वही मौत की सूचना सारण जिला पत्रकार संघ को मिलने के बाद सैकड़ों की संख्या में पत्रकार उनके गांव पहुंचे जहां परिजनों का ढाढस बढ़ाया।

### पत्रकार का हार्ट अटैक से हुआ मौत, पत्रकार संगठनों ने जताया शोक

छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय सहारा ,छपरा कार्यालय से जुड़े पत्रकार टुन्ना सिंह का निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन की खबर मिलते ही सारण जिला के प्रिंट ,इलेक्ट्रॉनिक एवं बेब पोर्टल से जुड़े पत्रकारों में शोक की लहर दौर गई। सारण जिला के मांझी प्रखंड अंतर्गत मझनपुरा ग्राम वासी 40 वर्षीय टुन्ना सिंह कैंसर रोग से पीड़ित थे । अचानक तबियत अर्ध रात्रि बिगड़ी । अस्पताल ले गए ।

जहां कुछ ही मिनटों में उनकी सांसे रुक गई और चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वैसे उनका निधन हार्ट अटैक से हो गया।

# बीमार गिद्ध को रखा गया मेडिकल निगरानी में, किया जा रहा उपचार

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित (गिरदर्शन) गोलघर के सामने सड़क पर बीमार गिद्ध को वनकर्मियों ने पकड़कर वन विभाग के मेडिकल निगरानी में रखा है।बतादें की वाल्मीकिनगर स्थित गोलघर के सामने एक गिद्ध गिरा हुआ था जिसपर आवारा कुत्ते लगे हुए थे,तभी गश्ती पर निकले वल्चर गाइड दो कर्मियों की नजर उस पर पड़ी और गिद्ध को सुरक्षित कुत्तों से बचाते हुए अन्य वन कर्मियों को इसकी जानकारी दी। रेंजर शिवकुमार राम ने बताया कि उड़ने में अक्षम गिद्ध को वन विभाग के मेडिकल ऑब्जर्वेशन में रखा गया है उसे दवाइयां और शक्तिवर्धक दवाएं दी जा रही है। फिलहाल उसे पिंजड़े में रखा गया है।उसके स्वस्थ होते वीटीआर के जंगलों में दोबारा छोड़ दिया जाएगा।

# अभिजीत ने जीता मिस्टर बिहार का खिताब

प्रातः किरण, संवाददाता



लहलादपुर। न्यू बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन बिहार ने पटना में आईबीबीएफ का आयोजन किया, जिसमें लहलादपुर प्रखंड के भटवलिया गाँव निवासी अभिजीत कुमार शर्मा ने मिस्टर बिहार का खिताब जीता है.

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष संस्था मिस्टर बिहार की प्रतियोगिता कराती है, जिसमें शारिरिक रुप से मजबूत व बॉडीबिल्डर युवक-युवतियाँ इसमें प्रतिभागी बनते हैं. इसी क्रम में पटना में आयोजित इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन में प्रखंड क्षेत्र के भटवलिया गांव निवासी रमेश शर्मा के बड़े पुत्र अभिजीत कुमार शर्मा ने 75 किलो वर्ग में भाग लिया था. जिसमें उसने जीत हासिल किया और संस्था ने उसे मिस्टर बिहार के खिताब से नवाजा. 75 किलो वर्ग में कूल पांच फाइनल प्रतिभागियों को पराजीत कर अभिजीत ने खिताब झपटने में कामयाब रहा. अभिजीत प्रखंड मुख्यालय जनता बाजार में लोगों को स्वास्थ्य व सुडौल शरीर बनाने के लिये जीम चलाते हैं तथा प्रशिक्षण भी दिया करते हैं. इस जीत में पाये सफलता के लिए उसने अपने गुरु हरियाणा निवासी अरुण सोनी, माता श्रीमती ज्ञानती देवी पिता रमेश शर्मा को विशेष श्रेय दे रहा है, जिन्होंने इसके कामयाबी में अपना सहयोग दिया है.

अभिजीत के इस जीत पर तमाम लोगों ने बधाई दिया, जिसमें पूर्व मुखिया मदन राय, किशुनपुर लौवार पंचायत के मुखिया राकेश कुमार साह, युवा नेता अजीत कुमार कुशवाहा, अभिनेता अभिषेक भोजपुरिया, अजीत कुमार यादव, जदयू नेता दीपक सिंह, जीतेन्द्र सोनी, विशाल रॉय, अमरजीत शर्मा, मनीत कुमार आदि शामिल हैं.

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा किया गया माल्यार्पण



छपरा कोर्ट।छपरा विधि मंडल के अटल कक्ष में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी समारोह के पूर्व संध्या पर उनके संदेशों को याद किया गया और उनके चलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रकाश रंजन निकू पवन कुमार श्रीवास्तव सुमंत कुमार द्विवेदी भाजपा नेता चरण दास अधिवक्ता दुर्गेश प्रकाश बिहारी प्रकाश चंद्र वर्मा अविनाश शंकार अखिलेश सिंह रंजीत पांडे शंभू प्रसाद गुप्ता नंदकिशोर राय उमाशंकर भारती सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित का संचालन भाजपा नेता चरण दास एवं धन्यवाद ज्ञापन सुमन कुमार द्विवेदी ने दिया।

# जिला उपभोक्ता आयोग में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाई गई

## 24 से 30 दिसम्बर तक उपभोक्ता सप्ताह के रूप में मनाई जाएगी

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा । जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्य मंजू सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस आयोग के सभागार में मनाया गया। अध्यक्ष ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के बारे में कहा कि 24 दिसंबर 1986 को तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने इस अधिनियम को पूरे भारत में लागू किया था। भारत के संसद में सांसदों द्वारा यह अधीनियम पारित किया गया था। 1 जुलाई 1987 को जम्मू कश्मीर राज्य छोड़कर समस्त देश में यह अधिनियम लागू हुआ। अभी लगभग 700 सौ अदालत देशभर में काम कर रहे हैं। 2019 में अधिनियम में कुछ संशोधन भी किया गया।

आयोग के सदस्य मंजू सिंह ने भी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में उपभोक्ताओं को मिलने वाले अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। 24 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर तक उपभोक्ता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा । उपभोक्ताओं के जागरूकता के लिए प्रचार वाहन से भी शहर में प्रचार किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर अधिवक्ता उमाशंकर सिंह सिया राम सिंह अगम नारायण सिन्हा रामनारायण प्रसाद राज किशोर ओझा अशोक सिंह राजीव कुमार सिंह प्रदीप कुमार राजेश पाण्डेय राकेश बिहारी पांडे उपेन्द्र कुमार सिंह रौशन कुमार सहित आयोग के कर्मचारी तथा आवेदक भी मौजूद थे।

# सोनपुर मेले में सीप और शंख से निर्मित वस्तुएं को जमकर खरीदारी कर रहे लोग

प्रातः किरण, संवाददाता



सोनपुर। आधुनिकता के इस दौर में भी समुद्र तटों पर पाए जाने वाले सीप और शंख निर्मित वस्तुओं का क्रेज कम नहीं हुआ है। यह देखना हो तो विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले मे लगी हस्त शिल्प दुकानों में आईये। इन दुकान पर सीप और शंख से बने अनेक ऐसी आधुनिक वस्तुएं हैं जो मेलार्थियों को आकर्षित कर रही है. सीप व शंख से बने समाग्री खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। मेले मे आये दर्जनों दुकानों पर सीप से बने आकर्षक बटन, कान की बाली, झुमका, लाइट स्टैंड, कंगन, शंख,पूजा के सामान ड्राइंग रूम में सजाने वाली सीप से बने अन्य आकर्षक सजावट के सामान व दैनिक उपयोग मे आने वाली समाग्री को मेलार्थी अपने मनपसंद सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी कर रहे है। सीप से बने यह सामान ग्राहकों को खूब भा रहे हैं। दुकनदार मो. अरमान बताते हैं कि मेहसी स्थित उनके फैक्ट्री में अनेक मजदूर काम करते हैं और इन वस्तुओं को तैयार करते हैं। हस्त शिल्प से बनी यह वस्तुएं अनेक स्थानों पर बिक्री के लिए दुकानदार उनके यहां से ले जाते हैं। उनका यह पुश्तैनी कारोबार लंबे समय से चल रहा है। बताते हैं कि सीप निर्मित इन वस्तुओं की विशेषता यह है कि पानी में भी यह खराब नहीं होता बल्कि और निखर उठता है। जो जैसा समान है उसी अनुसार समान के दाम है.

# 285.6लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक चार पहिया वाहन बरामद, एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के नहर पथ तरैया फुलवरिया के बीच अमनौर पुरैना पुलिया के पास वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने उजले रंग के टिगोर गाड़ी से भरा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया।घटना मंगलवार की सुबह का है।थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मकेर की तरफ से आ रही गाड़ी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छुपाकर ले जा रहे है।सूचना मिलते ही पुलिस अमनौर थाना अंतर्गत पुरैना पुलिस चेक पोस्ट के पास तत्काल सघन रूप से वाहन जांच शुरू हो गई।उजले रंग के आ रही टिगोर गाड़ी को गस्ती कर रही पुलिस ने रोक कर छान बिन शुरूकर दिया।पुलिस गाड़ी के अंदर देखा तो दंग रह गये।गाड़ी के अलग अलग खण्डों में अंग्रेजी शराब छुपाया गया था।पुलिस ने गाड़ी व शराब को जप्त कर चालक को हिरासत में लेकर थाना लाया गया।सघन पूछताछ की गई।इसके बाद गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभ्युक्त पूर्वो चम्पारण के मधुबन थाना क्षेत्र के लोहरगावा निवासी नागेंद्र प्रसाद के पुत्र रीतिक कुमार रौशन बताया जाता है।पुलिस गाड़ी से 285.06लीटर अंग्रेजी शराब के साथ टिगोर गाड़ी को बरामद किया है।गिरफ्तार अभ्युक्त के बिरुद्ध कांड संख्या 429/24 धारा 30( ए)47 बिहार मधनिषेध एवम उत्पाद अधिनियम दर्ज कर छपरा जेल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि धंधेबाज शराब का खेप तरैया नहर मार्ग होते हुए चकिया मोतिहारी की तरफ ले जा रहा था।एक जनवरी के उत्सव के लिए धंधेवाज शराब का भंडारण करने में जूटे हुए है।पुलिस की पैनी नजर से कोई बच नही सकता है।टीम में पशिक्षु दरोगा जयंत सिंह मो अख्तर आयुष कुमार रोहित कुमार सरोज राय समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।,

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय को मिलेंगे 20 करोड़ रुपए

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा को 20 करोड रुपए बहुत जल्द ही मिलने वाले हैं। बताते चलें कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना के तहत देश के विभिन्न विश्वविद्यालय को शोध अनुसंधान एवं विभिन्न आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 383.20 करोड़ रुपए का अनुदान बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे । इसके तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय के हिस्से में 20 करोड रुपए आने वाले हैं। इन रू से विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब, लाइब्रेरी का डिजिटल बनाया जाना, बिल्डिंगों का निर्माण आदि पर खर्च होगा जिससे पठान पठान आदि को सुदृढ़ हा बनाने में विश्वविद्यालय प्रशासन को आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जेपीयू के महाविद्यालयों को भी मिला आर्थिक लाभ वही बताते चले की जय प्रकाश विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले गोपेश्वर महाविद्यालय हथुआ तथा डीएवी कॉलेज सिवान को भी पांच पांच करोड रुपए इस योजना के तहत उपलब्ध होने वाले हैं। ये महाविद्यालय इन रुपयों से अपने अपने महाविद्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासेस इत्यादि के निर्माण तथा पठन-पाठन की सामग्री आदि सुदृढ़ करने के कार्य में खर्च करने हैं जिससे इन महाविद्यालय के छात्रों को पठन-पाठन में सुविधा होगी तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा उत्पन्न होगी।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचने की जरूरत : प्रदेश अध्यक्ष

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बड़े पैमाने पर विकास हुआ है, शिक्षा स्वास्थ्य सहित हर सेक्टर में विकास की गति तेज हुई है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संकल्प के साथ 2025 के चुनाव में 225 जीतने का लक्ष्य रखा गया है ' उक्त बातें पूर्व सांसद सह अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बात करते हुए कही ' बता दें कि अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी अतिपिछड़ा जन संवाद यात्रा के तहत कपूरी रथ से छपरा पहुंचने पर जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जमकर स्वागत किया ' प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने प्रेस मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं, अपने शासनकाल में बिहार में बड़े पैमाने पर विकास किया है, कोई भी सेक्टर विकास से अछूता नहीं है, उनकी मंशा है कि समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक विकास की रौशनी पहुंचे ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बिहार पहले वाला बिहार अब नहीं रहा, विकास की रौशनी हर गली मोहल्ले में पहुंची है ' शिक्षा के स्तर में बड़े पैमाने पर काम हुआ है, आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी छात्रों को हायर एजुकेशन के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराया गया है ' कमजोर छात्रों के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड मिल का पत्थर साबित हो रहा है, और शिक्षा के क्षेत्र में बिहार के बड़े पैमाने पर छात्र स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेकर अपना करियर बना रहे हैं ' प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने प्रेस मीडिया को संबोधित करते यह भी कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र भी 2005 के पहले से काफी बेहतर हुआ है, गरीबों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, उन्होंने कार्यकताओं को सरकार की कल्याणकारी योजना को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया ' उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा कपूरी रथ निकालने का उद्देश्य

अति पिछड़ा समाज को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें जागृत करना है । उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आगामी 2025 के चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संकल्प है कि विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतने का लक्ष्य है ' इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कपूरी रथ पूरे बिहार में भ्रमण कर रही है, यह राथ आज छपरा पहुंची है, इसके बाद कपूरी रथ सिवान के लिए प्रस्थान करेगी ' प्रेस कॉन्फ्रेंस में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा समाज के उत्थान के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर जननायक कपूरी ठाकुर के सपनों को साकार करने का काम किए है । इस अवसर पर मुख्य रूप से अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन राजभर, अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण पंडित,डॉ0 विशाल सिंह राठौर ,डॉ अभदेश राजभर,गुड्डू चंद्रवंशी,संजय चंद्रवंशी,पिंटू चंद्रवंशी, हरेश महतो रंगलाल महतो ,मोहन पंडित, जहांगीर एवं अभिषेक कुमार सिंह आदि थे।

# बेतिया राज की जमीन पर तमाम बसावट व दुकान की जमीन पर कानूनी अधिकार को लेकर माले ने किया जन प्रतिरोध सभा

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया । बिहार विधानसभा में भाजपा- नितीश सरकार द्वारा बेतिया राज की सम्पत्तियों को निहित करने वाला विधेयक 2024 दोनों सदनों से भाजपा- जदयू विधायकों ने मेज थप्प - थप्पाकर पास कर दिया गया था. जिसके खिलाफ बेतिया राज भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा और भाकपा माले रेड क्रॉस कैम्पस में जन प्रतिरोध सभा का आयोजित किया. सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बेतिया राज सम्बंधित जो काला कानून बना है उसे वापसी तक आंदोलन जारी रहेगा. आगे कहा कि दुनिया मे नियम है पहले लोग बसते है फिर उसके बाद कागज बनते हैं. बिहार भू काश्तकार अधिनियम 1885 आने के बाद ही दखल कब्जा के आधार पर बिहार लोगों के पास खाता खतियान बना था, इसलिए बिहार सरकार भी बेतिया राज की जमीन पर बसें लोगों को दखल कब्जा के आधार पर कानूनी अधिकार दे.

आगे कहा कि भाजपा जदयू नेताओं द्वारा राज की जमीन पर से लोगों को उजाड़ कर जैविक पार्क और उधोग बनाने की बात कर रहे है. बस्तियों पर बुलडोजर चला कर तो कोई अम्बानी को देने की बात कर रहा है इन नेताओं को पहचानने की जरूरत है.

राजस्व मंत्री दिलीप जयसवाल द्वारा दिया जा रहा ब्यान पर विधायक ने कहा कि जो भी बातें मंत्री जी बोल रहे की लोगों को घबराने की जरूरत नही है सेटलमेंट हो जाएगा उसे कानून में शामिल करें क्यों की पचास हजार से अधिक लोगों को जीवन को तबाह करने वाला यह काला कानून है इसमें सुधार करना होगा.

माले नेता सुनील राव ने कहा कि बेतिया शहर के 80 भू- भाग पर बने घर/ मुहल्ला/ दुकान सभी अतिक्रमण का संज्ञा देकर हटाने की बात कानून कर रहीं. इस जन विरोधी कानून को भाजपा जदयू सरकार ने पास किया है, यह बेतिया के लोगों को अपमानित करने वाला कानून है, यह सरकार जनता को रोज रोज अपमान कर रहीं हैं, यहा तक की संसद भवन में अमित शाह ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी को अपमानित करने का काम किया. जनता सब का हिसाब लेगी. इंकलाबी नौजवान सभा जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि न्याय के जो प्रकृतिक नियम है. कि न्याय के लिए आप किसी भी न्यायालय में जा सकते हैं. इस अधिकार को आप कैसे रोक सकते हैं. यह कानून विस्थापित लोगों के पुनर्वास के सवाल पर चुप है. एक वाक्य में कहा जाए कि यह कानून संविधान के खिलाफ है तो कोई गलत नहीं होगा.

बेतिया राज भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि पहले से ही कानून है कि सरकारी जमीन पर 30 वर्षों तक रहने और अपना कब्जा प्रमाणित करने पर कानूनी हकदार हो जाता है जैसे कानून को भी ताख पर रख दिया गया है. यह कानून संविधान के मौलिक अधिकारों का खुला उलंघन करता है,

यह कानून न्यायलय में जाने से रोकता है इस कानून को में बदलाव तक आंदोलन जारी रहेगा

# दरियापुर में शिक्षकों ने संकल्प सभा का किया आयोजन

दरियापुर।स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित हिल टॉप चिल्ड्रन एकेडमी के परिसर में शिक्षक संघ के द्वारा एक संकल्प सभा सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष पूरण कुमार एवं पाटलिपुत्र विश्वद्यालय के डीन डॉ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिस प्रकार कुम्हार हर प्रकार की मिट्टी से से अपने मुताबिक बर्तन नहीं बना सकता या बढ़ई हर प्रकार की लकड़ी पर एक जैसा ही प्रहार नहीं कर सकता है,ठीक उसी प्रकार किसी भी विद्यालय के शिक्षक सभी बच्चो को एक जैसा नहीं बना सकते है।लेकिन हमें जरूरत है बच्चो में सीखने की कला विकसित करने की। वहीं शिक्षक समाज को सरकार के समक्ष अपनी बातों को पुरजोर तरीके से रखने के लिए आवश्यक है संघ का मजबूत होना।इसके लिए सभी शिक्षकों को संघ के नेतृत्व पर भरोसा रखते हुए उनका समर्थन करने की जरूरत है।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नेतृत्वकर्ता को भी संघ के सभी सदस्यों की समस्याओं को भी समझना होगा। वहीं संघ के प्रदेश अध्यक्ष पूरण कुमार ने कहा कि विगत 24 दिसंबर 2005 को पटना की सड़क पर इसी संघ के हजारों साथियों के साथ सरकारी तंत्र से संघर्ष हुआ था।सैकड़ों साथी घायल हुए थे।परन्तु इसी संघर्ष का सुखद परिणाम रहा कि सभी संविदा पर बहाल शिक्षा मित्र को 2006 से नियोजित बनाते हुए 60 साल की सेवा बहाल की गई।यही कारण है कि उसी समय से इस संघ के द्वारा प्रत्येक साल इस दिन संकल्प सभा का आयोजन किया जाता है।प्रदेश महासचिव जयंत सिंह ने भी संघ के द्वारा किए गए संघर्षों और उसके परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई।इसके साथ ही कार्यक्रम को प्रदेश कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, सचिव हीरालाल यादव,पंकज कुमार,बांका जिलाध्यक्ष संजय कुमार,सारण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र राम आदि थे।

# खलिहान में लगी आग 2 एकड़ की धान जलकर राख

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । काराकाट थाना क्षेत्र के जयश्री पंचायत के पदमनपुर गांव में खलिहान में रखी दो किसानों कि दो एकड़ धान की फसल आग लगने से जलकर राख हो गई। किसान पदमनपुर गांव निवासी स्वर्गीय राम बचान यादव के पुत्र सत्यनारायण सिंह और बसंत सिंह बताए जा रहे है। जिनका खलिहान में रखे लगभग दो एकड़ की धान की बोझा जलकर राख हो गई। घटना सोमवार की शाम की बताया जा रहा हैं। खलिहान में अचानक आग की लपटे व धुंआ उठता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया । जब तक गांव के लोग खलिहान तक पहुंचे तब तक आग तेजी से पूरे खलिहान में फैल चुकी थी । ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की अथक प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही कर पाया। किसानों ने आनन फानन के स्थिति में दमकल विभाग की टीम को फोन पर सूचना दी। जहां सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । लेकिन तब तक लगभग 2 एकड़ धान का फसल की बोझा जल कर राख हो गई थी। पीड़ित किसानों ने कहा कि इस अगलगी की घटना से काफी क्षति हुई हैं। उन्होंने कहा की धान की फसल जलने से अनाज के साथ उन्हे पशुओं की चारा के लिए समस्या उत्पन हो गई है। दोनो किसानों ने सरकार व अधिकारी से उचित मुआवजा देने की मांग की है। जयश्री पंचायत के सरपंच सह सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्णा सिंह ने गरीब किसान को सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग किया है। सरपंच ने कहा कि इस आग की घटना में किसान के पास अनाज के साथ साथ पशुओं की चारा की समस्या उत्पन हो गई है। और किसान को एक बड़ी आर्थिक चोट लगी है। सरपंच ने सरकार से दोनो किसानों को उचित मुआवजा देने का मांग किया हैं।

# जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भोजपुर ने जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव ग्राम का किया दौरा

## क्लस्टर योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । जिला पदाधिकारी भोजपुर और पुलिस अधीक्षक भोजपुर ने जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव ग्राम का दौरा किया एवं क्लस्टर योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन, जीविका भवन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, राम गुलाम उच्च विद्यालय में निमार्णाधीन खेल मैदान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पंचायत सरकार भवन में आरटीपीएस काउंटर को शीघ्र संचालित करने, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आकर्षक वाल पेंटिंग कराने और सभी वार्डों में सेवाएं सक्रिय करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने जीविका भवन के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीआरडीए डायरेक्टर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# जगदीशपुर अनुमंडल स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, ककीला का किया गया निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिला पदाधिकारी भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर ने जगदीशपुर अनुमंडल स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, ककीला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज के खेल मैदान को विकसित करने और पूरे खेल परिसर में डिजिटल साइनेज बोर्ड एवं आकर्षक वाल पेंटिंग स्थापित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही, उन्होंने पॉलिटेक्निक कॉलेज में निर्मित विभिन्न प्रयोगशालाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और उन्हें और अधिक सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने का निर्देश दिया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीआरडीए डायरेक्टर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संस्कृति पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया क्रिसमस डे

- विद्यालय के बच्चों ने लगाया विभिन्न प्रकारों का खाने पीने का स्टॉल
- कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यअतिथि कमांड्र नवनीत ज्वाइंट डायरेक्टर रक्षा मंत्रालय ने दीप प्रज्वलित कर किया




प्रातः किरण संवाददाता

आरा । पूर्व क्रिसमस उत्सव का आयोजन संस्कृति पब्लिक स्कूल कयमनगर आरा के प्रांगण में किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडर नवनीत ज्वाइंट डायरेक्टर रक्षा मंत्रालय ने किया। इन्होंने विद्यालय में आयोजित बाल मेला , पुस्तक मेला एवं बच्चों द्वारा बनाए गए विविध व्यंजन जो बिना अग्नि के प्रयोग के बनाए गए काफी सराहना किया।

उन्होंने बच्चों को अपने संबोधन में शिक्षा का महत्व ,आत्मविश्वास एवं जीवन में बड़े सपने देखने पर बल दिया। क्योंकि जब तक बड़े सपने नहीं होंगे बड़ा लक्ष्य हासिल नहीं हो सकता।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ आलोक सिंह ने बच्चों के लिए उत्तम शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में समान रूप से हिस्सा लेने पर बल दिया।

विद्यालय की प्राचार्य जाकिया यास्मीन ने बच्चों की छुपी प्रतिभा को देख स्तब्ध हो गई एवं पुस्तक मेले से कई पुस्तक खरीद कर पुस्तक का हमारे जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस मेले के सफल आयोजन पर सभी बच्चों के साथ शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर उपस्थित दीपक तिवारी ,रौशन सिंह ,अमरेश मिश्रा ,अभिजीत तिवारी ,अनिल सिंह एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# बहुजन समाज पार्टी जिला भोजपुर के तत्वधान में जिला समाहरणालय के समक्ष दिया गया धरना

प्रातः किरण संवाददाता



आरा।भोजपुर जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन ह्लबहुजन समाज पार्टीह्व जिला भोजपुर के तत्वधान में जिला पदाधिकारी भोजपुर के समक्ष दिया गया।

विरोध-प्रदर्शन का मुख्य बिंदु केंद्रीय गृह मंत्री भाजपा नेता अमित शाह के द्वारा परम पूज्य डॉ.बाबा साहब के ऊपर संसद में अपमानजनक टिप्पणी किया गया, जिससे पूरे देश के बहुजन समाज में रोष उत्पन्न हो गया है।

पूरे देश के बहुजन समाज का मांग है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी पूरे देश के सामने माफी मांगे कि हमसे भारी भूल हुआ है, देश के बहुजन समाज माफी दे!

धरना कार्यक्रम संविधान निमार्ता बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद आरंभ हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मान्यवर संजय मंडल (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बसपा) एवं श्री हुलास राम (प्रदेश सचिव बसपा) की गरिमा में उपस्थित हुई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता- रविंद्र कुमार (जिलाध्यक्ष बसपा) एवं मंच संचालन- जे.डी गोल्ड अमरदीप (जिला महासचिव भोजपुर) ने किया, इस कार्यक्रम में निम्नांकित व्यक्तियों ने अपना विचार अभिव्यक्त कियेः-

अर्जुन पासवान, पप्पू राम, संतोष कुमार राव, रंजीत पासवान, लाल बादशाह कुशवाहा, सुमित्रा देवी, लक्ष्मण पासवान, ददन सिंह चंद्रवंशी, धर्मेंद्र राम, जय कुमार, राजेंद्र पाल, सत्यनारायण राम, प्रेम सागर, लाल बाबू जी, संत रामबरत, संत श्री भगवान जी एवं सैकड़ो बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया मातम पूर्ति




काराकाट(रोहतास) । काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मोथा निवासी 69 वर्षीय मदन पांडेय पिता स्वर्गीय गुप्तेश्वर पांडेय का आकस्मिक निधन पर पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। आपको बता दे की सामाजिक कार्यकर्ता ददन पांडेय ने कहा कि मेरा भाई बहुत ही अच्छा विचार के शांत स्वभाव वाले थे। इनका हृदय गति रुक जाने के कारण अचानक मौत हो गई। इससे काफी दुखी हूं कि समय भी नहीं दिए की कहीं दवा भी कराई जाए। इस घटना को सुनकर के सामाजिक कार्यकर्ता राजनीतिक कार्यकर्ता उनके द्वार पर पहुंचने लगे। मौके पर ब्राह्मण समाज सेवा संघ के अध्यक्ष प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष रजनीश पांडेय, उपसचिव अनंत तिवारी, जोन्ही पैक्स अध्यक्ष अरुण दूबे, ददन पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, मनोज पाण्डेय सहित कई लोगों मौजूद रहे। ब्राह्मण सेवा संघ के सदस्यों सहित उपस्थित लोगों ने 2 मिनट मौन रहकर मृत आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। प्रभु उनको अपने चरणों में स्थान दें।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती विद्या मंदिर में गणित मेला का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। सरस्वती विद्या मंदिर, महाराजा हाता, आरा में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के पावन अवसर पर विद्यालय के बाल गणितज्ञों द्वारा विद्यालय परिसर में भव्य गणित मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडेय, ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा अनेक प्रकार के गणितीय खेल, मॉडल, गणितीय प्रयोग, गणितीय पहेलियां, गणितीय रंगोली, पत्र वाचन आदि के माध्यम से अपनी गणितीय प्रतिभा का अनोखा प्रदर्शन किया गया। प्रधानाचार्य और विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी ने रामानुजन के व्यक्तित्व एवं गणित में उनके योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। आज के इस कार्यक्रम में भैया बहनों की उपस्थिति रही।

### अखिल भारतीय किसान महासभा की बिक्रमगंज में हुई बैठक

बिक्रमगंज(रोहतास) । बिक्रमगंज शहर के ढीबरा मोहल्ला में स्थित स्थानीय विधायक अरुण सिंह के आवास पर मंगलवार को अखिल भारतीय किसान महासभा, रोहतास जिला कमेटी की एक बैठक विधायक की अध्यक्षता में की गई। बैठक में किसानों की समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। साथ हीं हो रही उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए रणनीति तैयार करने पर चर्चा हुई। डीएपी, यूरिया की कालाबाजारी, इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण नहीं होना, हर खेत तक विद्युतीकरण नहीं करने, नहर का रिमॉडलिंग नहीं होने को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि सरकार अभिलंब इन विषयों पर ध्यान नहीं देती है तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। बैठक में राजेश राम, राजेंद्र सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, विजेंद्र पटेल, डॉ नागेंद्र सिंह, कामता यादव, कृष्णा पासवान, प्रमोद कुमार, पप्पू कुमार, उदय पासवान, अजीत कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### अगलगी में दस बीधे का बोझा जल कर राख

नोखा। थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में अगलगी में दस बीघे की धान की बोझा जल करके राख हो गई। घटना को लेकर के बताया जा रहा है कि सोमवार को लगभग 12 बजे रात्रि में खलिहान में रखे गए धान के बोझे में यह अगलगी कि घटना हुई। जहा धान की कटाई कर के खलिहान में धान की बोझा रखी गई थी। जिसमें आग लग गई। 3 किसानों की लगभग दस बीघे की धान का बोझ में आग लगने से जल करके राख हो गई।

# पूर्व प्रधानमंत्री के जयंती शताब्दी वर्ष की तैयारी को लेकर बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती शताब्दी वर्ष के तहत उनका जन्मदिन 25 दिसम्बर को भाजपा ह्यसुशासन दिवसह्न के रूप में मनाएगी साथ ही 26 दिसम्बर वीर बाल दिवस के मौके पर विधानसभा के सभी मंडलो में बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसको लेकर नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा की अध्यक्षता में काराकाट विधानसभा, भाजपा की बैठक डुमरांव रोड स्थित भाजपा कार्यालय में की गई।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज उपस्थित थे। राज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का 25 दिसंबर को जन्म जयंती पूरे देश में ह्लसुशासन दिवसह्व के रूप मनाते हैं। विधानसभा में बूथ स्तर तक इसको लेकर कार्यक्रम होंगे। 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर विधानसभा के प्रत्येक बूथ, मंडल व जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना है। 25 दिसंबर को बूथ स्तर तक अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी व अन्य कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। साथ हीं उनके योगदानों पर चर्चा कर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम किया है। उनके कार्यकाल के समय सक्रिय रहे हैं।

उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सुशासन दिवस पर मंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम चौपाल लगाकर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार और मोदी सरकार की किसान कल्याण उपलब्धि व योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों से क्षेत्र में आए सुधार पर चर्चा की जाएगी। इसी के साथ हीं 26 दिसंबर को भाजपा वीर बाल दिवस मनाएगी। इस दिन मंडल स्तर पर विशेष सभा का आयोजन होगा। साथ ही सामूहिक रूप से स्थानीय गुरुद्वारा में जाकर शब्द कीर्तन, प्रभात फेरी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मंडल स्तर पर बौद्धिक संगोष्ठी, विचार गोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में नवीन चंद्र साह, धनंजय सिंह, अखिलेश पांडेय,मुन्ना पाण्डेय ,ललित मोहन सिंह, सत्येंद्र पाठक, अजीत सिंह, सुरेश गुप्ता, लव मिश्र, गौतम तिवारी, गोपेश प्रसाद, विनोद पासवान, संजय तिवारी, रूबी देवी सहित कई कार्यकर्ता, पदाधिकारी, उपस्थित थे।

# भोजपुर के लाल पियूष ने रोल बॉल में गोल्ड मेडल जीतकर देश स्तर पर किया आरा बिहार का नाम

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। मनोहर पारिकर इनडोर स्टेडियम गोवा में आयोजित चतुर्थ रॉल बॉल एशियार्ड चैंपियनशिप में 11 देशों के टीम ने भाग लिया,जो कि 16 से 19 दिसंबर तक चला,जिसमें फाइनल में भारत और ईरान की टीम पहुंची, इस फाइनल मुकाबले में भारत के अनुभवी गोलकीपर एवं बिहार भोजपुर के लाल पियूष पाण्डेय ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 11/4 से ईरान को हराकर भारतीय पुरुष टीम को गोल्ड मेडल दिलाया! वहीं पियूष टाटा रोल बॉल स्केटिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करते है, जहां वो झारखंड कि ओर से खेलते है! पिछले वर्ष पियूष के शानदार प्रदर्शन से स्टेट रोल बॉल में झारखंड कि टीम विजई हुई थी,और पियूष के शानदार प्रदर्शन के कारण भारतीय रोल बॉल टीम के चयनकताओं द्वारा उन्हें नेशनल गोल कीपर के रूप में चयनित किया गया।

वहां भी पियूष ने अपने प्रतिभा को विश्व स्तर पर लोहा मनवाया! 22 वर्षीय पियूष पाण्डेय मूल रूप से भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड़ के भदवर गांव के रहने वाले है, उनके पिताजी श्री रमेश दत्त पाण्डेय भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ता एवं किसान है! मध्यम वर्गीय परिवार में जन्म लेकर पियूष ने जिले सहित प्रदेश एवं देश स्तर पर भी अपने आप को निखारा है! वहीं पियूष पाण्डेय भोजपुर जिले के जनसुराज के नेता सौरभ पाण्डेय के ममेरे भाई है! इस उपलब्धि के बाद पियूष एवं उनके परिजनों के पास बधाई देने वालों का तता लगा रहा।

जिसमें जन सुराज के नेता कमलेश तिवारी जी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ बक्सर के प्रभारी एवं पियूष के चाचा श्री कमलेश दत्त पाण्डेय जी, पूर्व मुखिया प्रत्याशी गौरा अविनाश पाण्डेय जी, भाजपा नेता राजेन्द्र तिवारी जी,गंगाधर पाण्डेय जी,धीरज पाण्डेय जी,मनोरंजन तिवारी जी, एवं सामाजिक कार्यकर्ता निकेश पाण्डेय जी, बजरंग दल भोजपुर के संयोजक अमित पाण्डेय जी,विमलेश दत पाण्डेय ,अभिषेक पांडे एवं जिले के अन्य प्रतिनिधि एवं शुभचिंतकगण।

# जगदीशपुर प्रखंड में ग्राम पंचायत दवा के पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में एक ग्राम सभा का किया गया आयोजन

जगदीशपुर । जगदीशपुर प्रखंड में ग्राम पंचायत दवा के पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की मुखिया सुम लता ने किया ग्राम सभा में उपस्थित जनता ने बारी-बारी से अपने विचार को रखा ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सभी का सहयोग का समर्थन सभी लोगों ने किया ग्राम पंचायत दवा में राशन कार्ड शौचालय निर्माण श्रम कार्ड जॉब कार्ड पर विस्तृत चर्चा हुई कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के मुखिया कुसुम लता ने जनता के बीच सभी योजनाओं को बारी-बारी से बताया ग्राम पंचायत की ओर से अनेकों मुद्दा उठाया गया जैसे कि किसानों को खेती के लिए सिंचाई पहन की आवश्यकता एवं क्षेत्र तक गाड़ी को जाने के लिए रोड का कार्य का निर्माण पान की सफाई गांव में एक विवाह भवन का निर्माण महिलाओं के द्वारा उठाया गया महिलाओं ने रोजगार से संबंधित भी चचाएं की पंचायत में सुरक्षा दृष्टि को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग पंचायत के द्वारा किया गया पंचायत की योजनाओं को बारी-बारी से पूरा करने का आश्वासन पंचायत के मुखिया सुम लता ने दिया कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत सचिव संजीव कुमार कौशिक लेख पाल सूरज कुमार रोजगार सेवक ओझा जी आरटीपीएस रविंद्र राम स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय तिवारी तकनीकी सहायक जयंती कुमारी वार्ड सदस्य अशोक चौधरी दीपक कुमार ने भाग लिया।

# पुलिस ने हथियार और मोटरसाईकिल के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

आरा। आरा नगर थाना अंतर्गत सपना सिनेमा मोड़ के पास दिनांक-23.12.2024 संध्या गस्ती के क्रम में नगर थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिला कि सपना सिनेमा मोड़ के पास तीन व्यक्ति एक मोटरसाईकिल के साथ किसी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा है। सूचना का सत्यापन हेतु सपना सिनेमा मोड के पास पहुँचे तो तीनों व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगे। जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। जिसकी विधिवत तलाशी लेने के कम में उसके पास से 01 देशी पिस्टल, 02 जिंदा कारतूस, 01 मोबाईल एवं 01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। इस संबंध में आरा नगर थाना कांड सं0-839/24 दि०-23.12.24 धारा-25 (1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। फरार अभियुक्त कि गिरफ्तारी हेतु पुसिल के द्वारा सघन छापामारी किया जा रहा है।

# जन सुराज जिला युवा कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। जन सुराज पार्टी जिला युवा कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय परिसर में युवा जिलाध्यक्ष कुमार शिवम की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में मुख्य रूप से संगठन को और मजबूत व विस्तार करने पर चर्चा की गई ।बैठक को संबोधित करते हुए युवा जिलाध्यक्ष कुमार शिवम ने बताया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में युवाओं की बड़ी भूमिका होगी। जहा सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर मौन है वहीं इस बार युवा शक्ति नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस लिया है।

वहीं राज्य पारिषद के सदस्य ई. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर को प्रदेश युवाध्यक्षता व पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा के नेतृत्व में शुरू होने वाली राज्य व्यापी बाईक रैली में सारण जिले के तमाम युवा उसे सारण की धरती पर आगमन को एतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से जिला युवाध्यक्ष कुमार शिवम, राज्य पारिषद सदस्य ई. अजीत कुमार सिंह, नगर युवाध्यक्ष सरताज,महिला नगर अध्यक्ष प्रीति रानी,मनोहर राम, मनु लाल भगत, विकास कुमार, पवन कुमार, डॉ.पार्थ सारथी, राघवेंद्र सिंह, पप्पू राम, नौशाद आलम, आर्यन तिवारी,राजीव चौधरी, मो.एरिक रजा, हानि सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे ।बैठक का संचालन कार्यालय प्रभारी नवनीत यादव ने किया।

# राजापट्टी रेलवे स्टेशन यार्ड से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

मशरक। छपरा थावे रेलखंड के मशरक थानाक्षेत्र अंतर्गत राजापट्टी रेलवे स्टेशन यार्ड के 6 हजार वर्गफुट भूखंड से रेल प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया। मंगलवार के सुबह से ही आरपीएफ एवम जीआरपी जवान भारी संख्या में राजापट्टी स्टेशन पहुंचे जिन्हे देख अतिक्रमण करने वाले लोगो में हरकंप मच गया। जिला प्रशासन द्वारा नामित दंडाधिकारी मशरक सीओ सुमंत कुमार , आईओडबल्यू सिधवलिया अरविंद कुमार , प्रभारी निरीक्षक रेसुब थावे जंक्शन देवेंद्र प्रताप, जीआरपी पुअनि रमेश कुमार सिंह के देखरेख में पुलिस बल एवम रेल कर्मियों ने जेसीबी की मदद से 25 गुमटी, 20 झोपड़ी एवम रेलवे द्वारा आवंटित भूखंड से अधिक में निर्माण करने वाले दुकान के छज्जे को तोड़ दिया । रेल अधिकारी के मुताबिक राजापट्टी में 6 हजार वर्गफुट जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपया है।

# गोदरेज एग्रोवेट की शीतकालीन रणनीति मछली पालन उद्योग को बदलने के लिए तैयार

नालंदा। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड अपनी अभिनव शीतकालीन रणनीति के शुभारंभ के साथ मछली किसानों के सामने आने वाली मौसमी चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। जैसे-जैसे तापमान गिरता है, मछलियों का पाचन धीमा होता है और पोषक तत्वों का अवशोषण सीमित होता है, जिससे खेत की उत्पादकता कम होती है। जवाब में गोदरेज एग्रोवेट ने किसानों का समर्थन करने और ठंड के महीनों के दौरान मछली के स्वास्थ्य को अनुकूलित करने के लिए डिजाइन किया गया एक बहुआयामी दृष्टिकोण पेश किया है। कंपनी में एक्वाफीड बिजनेस के सीईओ ध्रुबज्योति बनर्जी ने नवाचार के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म और समुदाय-संचालित पहलों का लाभ उठाकर, हम एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं।

# संकल्प का कोई विकल्प नही होता, सेवा नियमितता बहाल करें राज्य सरकार :मंटु

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ ,भोजपुर इकाई द्वारा पुष्प वाटिका, आरा में संघर्ष सह संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु, मुख्य अतिथि प्रोफेसर विश्वनाथ ठाकुर, बीड़ी कालेज बिहिया एवं जिला कमिटी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु एवं संचालन संदेश के प्रखण्ड अध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विश्वनाथ ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने कहा कि 24 दिसम्बर 2005 को अहिंसात्मक तरिके से आन्दोलन कर रहे शिक्षा मित्रों पर तत्कालीन सरकार द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया था ' जिससे हजारों लोग बुरी तरह घायल हुए थे और सैकड़ों लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया जो अभी भी चल रहा है। संघ ने इसे नौकरी पर्यन्त संघर्ष दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया। संघर्ष का 19 वां वर्षगांठ धुम- धाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष मंटु ने बताया कि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित होकर अपनी अस्मिता और प्रतिष्ठा के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नही होता।अतएव सभी शिक्षक संकल्प लें कि शिक्षकों को प्रताड़ित करने वाली सरकार को 2025 में उखाड़ फेंके । उन्होंने बताया कि 2005 में संघर्ष के बदौलत ही हमारा नियोजन




वाद समाप्त हुआ और 60 वर्ष की नौकरी और मानदेय के रुप में 4000 देने की घोषणा तत्कालीन सरकार के द्वारा किया गया था । जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान , कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद एवं जिला महासचिव सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने कहा कि शिक्षको के द्वारा दी जा रही शिक्षा से समाज निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर होता है ' लेकिन सरकार शिक्षकों को प्रताड़ित करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विश्वनाथ ठाकुर ने कहा कि सरकार शिक्षकों को आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रुप से प्रताड़ित कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात करती है,जो कतई संभव नही है ' बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु, जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान, संजय कुमार सिंह , सदाकत हुसैन, नन्द किशोर सिंह, जिला महासचिव सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद शौकत अली,जिला सचिव उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष क्रमशः किंग अभिषेक क्षत्रप, निर्भय कुमार सिंह , रितेश कुमार , सत्येन्द्र दुबे , राणा जी सिंह, विजय सिंह, लाल बाबु सिंह , संतोष कुमार ,सचिव जयप्रकाश ठाकुर, राजेन्द्र यादव , विजय सिंह , हरेन्द्र कुमार , शिक्षक गणपति प्रसाद,अरविंद कुमार सिंह, कमलेश कुशवाहा, हरेन्द्र कुमार सिंह, राजेश कुमार रंजन,शशीभुषण पाल, प्रेमजीत, विनय कुमार यादव,चन्द्रभानु पाण्डेय,अनिल कुमार, राजेश कुमार, लक्ष्मी कुमारी,शिक्षिका मधु लता, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

# सरस मेला में अपर्च्युनिटी फार आर्ट एंड क्राफ्ट के रंग कलाकारों द्वारा की गई कत्थक, झिझिया, कजरी एवं एकल नृत्य की प्रस्तुति

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जीविका द्वारा आयोजित बिहार सरस मेला अब समापन की ओर अग्रसर है ' 12 दिसंबर से प्रारंभ हुए सरस मेला का समापन 26 दिसंबर (गुरुवार) को होना है ' लिहाजा आगंतुक अपने पसंद एवं जरुरत की हर वस्तु, परिधान, सजावट के सामान , फर्नीचर और व्यंजन आदि की जमकर खरीददारी कर रहे हैं ' सरस मेला में आगंतुकों की बढती संख्या इस बात का भी प्रमाण है कि लोग अपने पुराने दौर में लौट रहे हैं ' मेला में शिल्प की खरीददारी में उत्तरोत्तर वृद्धि यह भी दशार्ती है कि आधुनिकता के वर्तमान दौर में ग्रामीण शिल्प और देशी व्यंजनों का क्रेज फिर से बढ़ रहा है ' दादा- परदादा के जमाने के शिल्प, उत्पाद एवं व्यंजन को देख लोग हर्षित हैं और अपने बच्चों को भी बता रहे हैं कि देखो ये कभी हमारे यहाँ हुआ करता था या फिर दादी चने की साग और बाजरे की रोटी बना कर हमें खिलाती थी ' सरस रसोई में लोग देशी व्यजनो के प्रति लोगों का आकर्षण यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि लोग अब देशी व्यंजनों का लुत्फ उठाकर अपना और अपने बच्चों का स्वाद बदल रहे हैं ' सरस मेला परिसर स्वाद,संस्कृति , परम्परा एवं शिल्प के आदान-प्रदान का केंद्र बना हुआ है ' बिहार समेत 25 राज्यों की सहभगिता भारत देश की संस्कृति एवं परंपरा की नाजिर पेश कर रही है ' खुबसूरत कलाकृतियाँ और देशी व्यंजन देश की खूबसूरती को बयां कर रही है ।

जीविका दीदियों द्वारा संचालित दीदी की रसोई में युवा पीढ़ी का देशी व्यंजनों के प्रति क्रेज देखते ही बन रहा है ' दही बड़ा और चुडा झ्रदही युवाओं को खूब भा रहा है ' समूह में नवयुवक झ्र युवतियां आ रहे हैं और देशी व्यंजनों का स्वाद ले रहे हैं ।

बिहार के हस्तशिल्प और व्यंजन अन्य प्रदेशों से आई हुई स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमियों को भी आकर्षित कर रहे हैं ' मणिपुर के इम्फाल से श्रीमती नाउसा दूसरी बार बिहार सरस मेला में आई हैं ' नाउसा गर्म कपडे यथा साल, स्वेटर, टोपी, स्टाल आदि की बिक्री कर रही हैं साथ ही अपने प्रदेश की शिल्प से लोगों को अवगत करा रही हैं ' 12 दिनों में उन्होंने 1 लाख रुपये से अधिक की बिक्री की है ' नाउसा बिहार मे मिले मान-सम्मान से काफी खुश हैं ' नाउसा को बिहार और बिहारीपन काफी पसंद हैं ' वो बताती हैं कि बिहार के लोग काफी तहजीब से बात करते हैं और काफी सम्मान देते हैं ' नाउसा बिहार की सिक्की कला को मणिपुर में भी स्थापित करना चाहती हैं ' उन्हें सिक्की और बांस से बने उत्पाद काफी पसंद है ' इसी तरह आगरा, उत्तर प्रदेश से आई रहनुमा भी बिहार सरस मेला में आकर काफी उत्साहित हैं ' उन्हें बिहारी व्यंजन काफी पसंद है । बिहार की मधुबनी कला से रहनुमा प्रभावित हैं और आगरा में भी इसे व्यवसाय के तौर पर शुरू करना चाहती हैं ' रहनुमा एम्ब्रायडरी वर्क के अंतर्गत बने पर्स, टॉप , सूट , गाउन आदि की बिक्री कर रही हैं । 12 दिनों में उन्होंने लगभग 2 लाख रुपये के उत्पादों एवं परिधानों की बिक्री की है ' रहनुमा बताती हैं कि हस्तशिल्प के लिए बिहार सरस मेला बड़ा बाजार है । वह बार-बार बिहार आना चाहती हैं ।

12 दिनों में खरीद-बिक्री का आंकड़ा 15 करोड़ 37 लाख पार कर गया है ' सोमवार को लगभग 1 करोड़ 37 लाख रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई।

# सक्षमता परीक्षा उतीर्ण शिक्षकों को दिया गया औपबंधिक नियुक्ति पत्र

प्रातः किरण संवाददाता



दिघवारा नगर ।सक्षमता प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अंचल के 201 नियोजित शिक्षकों को मंगलवार को दिघवारा बीआरसी पर आयोजित कार्यक्रम में औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया ।शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) सह दिघवारा की प्रभारी बीईओ प्रियंका रानी व लेखापाल संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया ।नियुक्ति पत्र पाने के बाद शिक्षक शिक्षिकाओं के चेहरे खिले दिखे ।डीपीओ प्रियंका रानी ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने के बाद शिक्षक 1 से 7 जनवरी तक अपने पूर्व के ही पदस्थापित विद्यालय में ही योगदान करेंगे और विशिष्ट शिक्षक बनने के साथ राज्यकर्मी भी बन सकेंगे ।उनलोगों की चिरप्रतीक्षित मांग पूरी हो जाएगी ।डीपीओ ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से पूरे मनोयोग से पढ़ाने का आग्रह किया ।उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को हरसंभव सुविधा देने की कोशिश हो रही है और स्कूलों में शैक्षणिक माहौल बदला है जिससे अभिभावकों का विश्वास लौटा है ।लेखापाल संजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में 201 नियोजित शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया जिसमें वर्ग 1 से 5 के 94 सामान्य शिक्षक,इसी वर्ग के 12 उर्दू शिक्षक,वर्ग 6 से 8 के 25 शिक्षक,उर्दू वर्ग के 01 शिक्षक,वर्ग 9 से 10 के 66 शिक्षक और वर्ग 11 से 12 के 03 शिक्षक शामिल हैं ।जिन शिक्षक शिक्षिकाओं ने औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्राप्त किया उनमें नसीम अहमद, फिरोज आलम,हृदयानंद यादव,आनंद कुमार,शैलेंद्र कुमार,अविनाश रंजन,अखिलेश कुमार सिंह,हिमांशु शेखर,पुतुल कुमारी,आरती कुमारी,अविनाश कुमार,अंजली कुमारी,तारकनाथ गुप्ता,शोभा कुमारी,मिंटू कुमार,नेहा कुमारी,चंदन कुमार महतो, विश्वंभर यादव,जूली कुमारी,प्रीति कुमारी,शैलेंद्र कुमार राय,नीरज कुमार,धर्मेंद्र कुमार आदि थे

# 124 स्वयं सहायता समूह के बीच किया गया दो करोड़ 51 लाख का ऋण राशि का वितरन




प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई उदाकिशुनगंज अंतर्गत पृथ्वी जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ परिसर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मधेपुरा के तत्वाधान में एक साख शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 124 स्वयं सहायता समूहों के बीच दो करोड़ 51 लाख की राशि बैंक द्वारा उनके जीविकोपार्जन हेतु दिया गया। जिला परियोजना प्रबंधक नील कमल चौधरी एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक कुंदन प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। इस मौके पर प्रबंधक सूक्ष्म वित्त सह सामुदायिक वित्त सह प्रखंड मैंटर देवाशीष जायसवाल, प्रखंड परियोजना प्रबंधक उदाकिशुनगंज मनोरंजन कुमार सिंह, एसबीआई के नोडल अधिकारी अनुराग कुमार, मुख्य प्रबंधक नीरज संतोषी, शाखा प्रबंधक नरेंद्र कुमार उपस्थित थे। प्रखंड स्तर पर वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए क्षेत्रीय समन्वयक प्रभारी सह वित्तीय समावेशन नोडल सविता कुशवाहा, निक्की रानी, कविता कुमारी, पूजा कुमारी, शश नितिन कुमार सीएलएफ कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समूह से आईं 250 जीविका दीदियों के साथ संकुल संघ से जुड़े कैडर उपस्थित थे।

# पीपरा करौती पंचायत में ई-रिक्शा से उठाया जाएगा कूड़ा, हरी झंडी दिखाकर किया ई-रिक्शा को रवाना

प्रातः किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के पिपरा करौती में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का मुखिया नीलू देवी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकिशोर झा और स्वच्छता पर्यवेक्षक मंटू कुमार आदि द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही घर-घर कूड़ा कलेक्शन वाहन (ई-रिक्शा) गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ज्ञात हो कि नगरपालिका की तर्ज पर गांव के लोगों का कूड़ा ठेला, ई-रिक्शा के माध्यम से आरआरसी सेंटर ले जाया जाएगा। मौके पर मुखिया नीलू देवी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके अलावा पंचायत को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए लोगों के बीच जागरूकता भी फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर गांव मुहल्ले को पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त, पॉलीथिन मुक्त सामुदायिक प्रसाधन भवनों का निर्माण, ठोस व गीला कचरा निस्तारण प्रबंधन कर मॉडल पंचायत बनाने के लिए का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि गांव को साफ रखने के लिए यह जरूरी है कि हम कचरे को एक निश्चित स्थान पर रखें। इससे हमें साफ-सफाई तो मिलेगी ही, गांव में बीमारियों से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि कचरा यत्र-तत्र फेंकने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके कई दुष्प्रभाव होते हैं जो सीधे नहीं दिखते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि अपने घर के आगे और गांव को स्वच्छ रखें, सभी लोग घरों के आगे लगे डस्टबिन का ही प्रयोग करें. हमें कचरे को यत्र-तत्र फेंकने की आदत छोड़नी पड़ेगी। वही स्वच्छता पर्यवेक्षक मंटू कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत को कूड़ा-कचड़ा मुक्त बनाने के उद्देश्य से रिसोर्स रिकवरी सेन्टर (आरआरसी) का निर्माण कराया गया है। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने कहा कि संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सरकार जब जनता के लिए इतना कुछ कर रही है तो आम जनता का भी कुछ दायित्व बनता है। कचरा जहां भी बिखरा हुआ मिले सभी को एक जगह जमा करें।। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार यादव, उप मुखिया मनीराम, वार्ड सदस्य दीपक कुमार, मनोहर शाह, मनोज कुमार, विपिन राम, सुखदेव महतोआदि थे।

# बाईक लूटने का प्रयास कर रहे एक अपराधी को लोगों ने पकड़ा, दूसरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददात



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र में बाईक लूटने का प्रयास करने के आरोप में दो अपराधी पकड़े गए हैं।एक अपराधी को लोगों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। जबकि दूसरे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि सोमवार को दिन में करीब तीन बजे सिकेन्द्र मरान्डी पिता फागु मराण्डी गांव शाहपुर संथाली वार्ड संख्या छह थाना ग्वालपाड़ा जिला मधेपुरा अपने मोटरसाईकिल एचएफ डिलक्स से शाहपुर से अपने घर आने के क्रम में चानो पोखर से पश्चित नहर पुल के पास दो लड़का हथियार दिखाकर इनका मोटरसाईकिल छिनने लगा। जिसे सिकेन्द्र मरान्डी द्वारा पिन्टु कुमार सिंह उम्र करीब 30 वर्ष पिता बैकुन्ठ सिंह, अंकित कुमार सिंह उर्फ आना सिंह पिता बबलु सिंह दोनों गांव शाहपुर वार्ड संख्या आठ थाना ग्वालपाड़ा जिला मधेपुरा के रूप में पहचान किया गया। उसके बाद दोनों अपराधी भागने का प्रयास किये। जिस पर सिकेन्द्र मरान्डी द्वारा एक लड़का अंकित कुमार सिंह उर्फ आना सिंह को पकड़ कर पुलिस को सुपूर्द किया गया। इस संबंध में ग्वालपाड़ा थाना में एक मामला दर्ज किया गया ।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मधेपुरा द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदाकिशुनगंज के नेतृत्व में पुनि रवि कुमार पासवान थानाध्यक्ष ग्वालपाड़ा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी का एक टीम गठित किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दूसरे अपराधकर्मी पिन्टु कुमार सिंह को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र की बरामदगी हेतु प्रयास किया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का पूर्व का अपराधिक इतिहास भी रहा है। छापेमारी अभियान में पुनि रवि कुमार पासवान थानाध्यक्ष ग्वालपाड़ा,

पुअनि सुनील कुमार यादव, सअनि ब्रजेश कुमार, पीटीसी मुकुन्द सिंह, थाना के सशस्त्र बल एवं कर्मी शामिल थे।

## शहजादपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई चोरी, गायब किया खेल कूद का सामान

नयानगर (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र के शहजादपुर पंचायत स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय के कमरा का ताला तोड़ कर खेल कूद के सामान की चोरी कर ली गई। इस मामले को लेकर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. लालकुन कुमार ने बताया कि विद्यालय में सुरक्षा में तैनात रात्रि प्रहरी के द्वारा घटना की जानकारी दी गई। घटना रविवार की ही बताई जा रही है। तदोपरांत डॉ. कुमार ने घटना की जानकारी मोबाइल फोन के माध्यम से बुधामा ओपी प्रभारी जीउत राम को दिया। इधर सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी अपने दल बल के साथ विद्यालय पहुंच कर छानबीन शुरू की। इधर प्रशासनिक कार्यवाई के लिए विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा थाने में आवेदन देने की बात कही है। वही विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया चोरी की गई खेल के समान में उपलब्ध तीन क्रिकेट बल्ला दो क्रिकेट गेंद, विकेट, बॉलीवॉल, बैडमिंटन सहित छह कॉर्क आदि शामिल है। शहजादपुर पंचायत स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चोरी की घटना का अब तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है आवेदन मिलते ही अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कल्पना शर्मा हुई सम्मानित

औरंगाबाद। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुटुंबा की संसाधन शिक्षिका को आज बिहार शिक्षा परियोजना परिषद औरंगाबाद के कार्यालय में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो ने जिला स्तरीय सह सांस्कृतिक एवं खेल कूद कार्यक्रम 2024 में विशेष आवश्यकता वाले बच्चियों (श्रवण निःशक्त) को सांस्कृतिक कार्यक्रम सिखाने एवं बच्चियों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य हेतु संसाधन शिक्षिका कल्पना शर्मा को प्रमाण पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया ।सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो ने कहा कि कल्पना शर्मा निश्चित रूप से एक कर्तव्यनिष्ठ एवं बच्चों के प्रति समर्पित शिक्षिका है ।वहीं बीआरपी लाल बहादुर ने बताया कि शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होता है जो खुद तिल - तिल जल के दूसरों को प्रकाशित करता है ।यही कार्य शिक्षिका कल्पना शर्मा ने किया है ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीआरपी विजय कुमार सिंह, राकेश कुमार , श्याम बाबू , राजीव कुमार, आनंद वर्मा , सुनील कुमार , दीपक वर्मा , अमित सिंह , कन्हैया लाल , धर्मेंद्र प्रसाद, जय सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे धन्यवाद ज्ञापन बीआरपी राजीव कुमार ने किया ।

## खलिहान में लगी आग लाखों के धान के फसल जलकर राख

कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़का गांव में एक खलिहान में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई। जिसमें खेत में रखे लाखों रुपए के धान के फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़का गांव निवासी किशोर कुणाल जो सात बीघे में लगे धान के फसल को काटकर खलिहान में लाए थे जिसे बीती रात असामाजिक तत्वों ने खलिहान में रखे धान के फसल में आग लगा दी जिसमें लगभग तीन लाख रुपए के फसल जलकर पूरी तरह से राख हो गए।

## मानिकपुर पुलिस ने एक शराबी को किया गिरफ्तार

कुर्था (अरवल) पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर अवैध शराब कारोबारियो एवं शराबियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान के तहत मानिकपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैथा लोदीपुर गांव से एक शराबी को गिरफ्तार किया। इस बाबत मानिकपुर थानाध्यक्ष पीयूष जायसवाल ने बताया की कैथा लोदीपुर गांव निवासी विकास कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया जिसे मानिकपुर थाने लाकर ब्रेथ एलवाइजर मशीन से जांच की गई जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई इसके बाद न्यायालय भेजा गया।

## गेहूं लदा ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटा

दिघवारा नगर ।दिघवारा अमनौर सड़क मार्ग पर थाना क्षेत्र के लोचना चंवर के पास मंगलवार की सुबह गेहूं लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नीचे गड्ढे में जा गिरा ।घटना उस समय घटित हुई जब ट्रक का चालक ट्रक को लेकर यूपी के देवरिया से हाजीपुर ले जा रहा था तभी वह अनियंत्रित होकर चंवर में गिर गया ।घटना में ट्रक पर सवार चालक व खलासी बाल बाल बच गया ।पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

## मारपीट के दो आरोपी को भेजा गया जेल

शेरघाटी मारपीट मामले में फरार चल रहे हैं अभियुक्त को शेरघाटी थाने के पुलिस ने थाना क्षेत्र के घुज्जी गांव के रहने वाला विजय पासवान अशोक मांझी भंगिडीह को गिरफ्तार कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मारपीट मामले के मुख्य आरोपी फरार चल रहा था ।

## एक बाईक पर सवार होकर आए थे तीन बदमाश, युवक की गोलीमार कर की गई हत्या

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र में लगातार हो रहे आपराधिक वारदात से लोग सकते में हैं। ताजा घटनाक्रम उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र की है। जहां सोमवार की संध्या बैखौफ बदमाशों ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 17 के महेशुआ गांव जाने वाली सड़-क के लोनिया चक मुहल्ले के समीप रामदेव सहनी के 41 वर्षीय पुत्र टुनटुन सहनी की गोली मारकर कर हत्या कर दी गई। परिजनों के मुताबिक हत्या की वजह मृतक के पुत्री का आरोपी के द्वारा नहाते हुए वीडियो बनाने का विरोध जताना बताया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में हुई बिहार पुलिस के एएसआई की मौत परिजनों में मचा कोहराम, आसपास शोक की लहर

प्रातः किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड अंतर्गत औराय पंचायत के चोंगाही वार्ड संख्या आठ निवासी बिहार पुलिस कपिल देव कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत होने से परिजनों में कोहराम मच हुआ है। आपको बता दे की हाजीपुर में सोमवार की देर रात 8 बजे ड्यूटी से डेरा लौटने के क्रम यह हादसा हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कपिलदेव कुमार को एएस आई में प्रोन्नति मिली थी वे 13 जनवरी को पी टी सी प्रशिक्षण में भाग लेने वाले थे। उक्त घटना के बारे में उनके परिजनों ने बताया कि हरदेव मंडल के 36 वर्षीय पुत्र कपिल देव कुमार 2010 में बिहार पुलिस पद पर चयन हुआ था जो वर्तमान में अभी पटना मेयर सीता साह के अंगरक्षक के रूप में कार्यरत थे। वहीं बताया जा रहा है कि पटना मेयर सीता साह के साथ किसी कार्यक्रम में गए थे मेयर सीता शाह को छोड़कर वाइक पर सवार होकर वो अपने डेरा की ओर लौट रहे थे। इसी क्रम में हाजीपुर पुल पर ट्रक से जोरदार ठोकर लगने के कारण मौके पर ही कपिल देव कुमार की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते हीं परिजनों में कोहराम मच गया हुआ है परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन बन गया है।

## जिला अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक



मधेपुरा। जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक सोमवार को समाहरणालय स्थित डीएम कार्यालय वेश्म में आहुत की गई। बैठक में सहायक निदेशक, खान एवं भूतत्व, मधेपुरा, खान निरीक्षक, मधेपुरा, जिला परिवहन पदाधिकारी, मधेपुरा श्रीमति निकिता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, मधेपुरा/उदाकिशुनगंज, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मधेपुरा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि बिना सी टी ओ प्राप्त कुल 3 ईंट-भट्ठो का संयुक्त जाँच कर संचालन पर रोक लगाते हुए प्रतिवेदन अवलोकनार्थ उपस्थापित करें ।कार्य विभागों के कार्य संवेदको द्वारा पूर्व में सम्पन्न किये गये कार्यों के बावत वर्तमान में कटौती की जाने वाली रॉयल्टी/मालिकाना फीस की दर के संबंध में विभाग से मंतव्य प्राप्त कर आर डब्ल्यु डी मधेपुरा/उदाकिशुनगंज को अवगत करा दें। नीलाम पत्र में वसूली हेतु नीलाम पत्र पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर बी /डब्ल्यू एवं डी /डब्ल्यू निर्गत करावें ।जिला नियंत्रण कक्ष में बालूघाटों युनिट-01 अधिष्ठापित सी.सी.टी.वी कैमरा का फीडबैक की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। एवं जोलियाचाही बालूघाट से पुल के पास हो रहे अवैध बालू खनन के विरूद्ध छापेमारी कर खनन पर पूर्णतः रोक लगाना सूनिश्चित किया जाय।

## टेमा भेला मुखिया की 93 वर्षीय मां का निधन, शोक की लहर

ग्वालपाड़ा (मधेपुरा)। ग्वालपाड़ा प्रखंड के टेमा भेला पंचायत के मुखिया विजय कुमार बिमल की माता धर्म परायण महिला उर्मिला देवी का 93 वर्ष में सोमवार की रात्रि करीब 8 बजे गृह निवास टेमा भेला गांव में निधन हो गया। इनके निधन पर पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं समाजवादी लोगो की भीड़ देखी गई। सभी लोगो ने उनके शव पर फूल माला अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर सवेंदना प्रकट करते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## सीडब्ल्यूजेसी, एवं एल पी ए से संबंधित उच्च न्यायालय पटना में दायर वादों को यथाशीघ्र करें निष्पादित :डीएम

मधेपुरा । जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार में समन्वय-सह-समीक्षात्मक बैठक सोमवार को आहुत की गई। बैठक में विधि शाखा के समीक्षा के क्रम में सी डब्ल्यू जे सी, एवं एल पी ए से संबंधित माननीय उच्च न्यायालय पटना में दायर वादों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया। विशेषकर जिन विभागों के पास 1 या 2 मामले लंबित है। सीएम जनता दरबार, सी.पी ग्राम, आयुक्त कार्यालय के प्राप्त परिवाद पत्र एवं जिला जनता दरबार में परिवाद का निष्पादनके निर्देश दिये।

# घर-घर जाकर मतदाताओं को जगाना शुरू करें: मनोज भारती



प्रातः किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। जन सुराज पॉटी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती एक दिवसीय दौरे पर आज मुंगेर पहुंच कार्यकत्ताओं में जोश जगाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा 2025 के विधान चुनाव की तैयारी के साथ-साथ बुथ कमिटी की भी तैयारी रहनी चाहिए। कार्यकताओं का आहवान करते हुए कहा कि चुनाव की बिगुल बजने वाली है।आप लोग तैयार रहें। श्री भारती ने कहा पार्टी गठन के बाद पहली यात्रा के क्रम में यह पहली यात्रा है। इस यात्रा के माध्यम से प्रत्येक मतदाताओं को जगाने का प्रयास हमलोग शुरू कर दें। घर घर चल कर पार्टी के संन्देश से मतदाताओं को अवगत कराएं। इसके साथ ही अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर पार्टी की सदस्यता दिलवाएं। जिससे 2025 के चुनाव में पार्टी उभर कर मजबूत हो सके।

कार्यक्रम में जन सुराज अध्यक्ष मनोज भारती के साथ राज्य कोर कमिटी सदस्य लल्लन यादव, वासिम नैयर, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र मंडल, जिला महासचिव हिमांशु कुमार, जिला युवा अध्यक्ष समीर मधुकर, जिला सचिव रोहित कुमार सिन्हा, सर्वर अली सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ' छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए।

विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

# नगर परिषद के सफाई कर्मचारी मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। नगर परिषद क्षेत्र के सफाई कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर चले गए हैं। सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को लंबित मजदूरी भुगतना व अन्य मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। वहीं काम को बंद रखा। नगर परिषद कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों ने बताया कि मजदूरी का भुगतान प्रायः विलम्ब से किया जाता है। सफाईकर्मी की दैनिक मजदूरी में कटौती किया जाता है। पिछले ढ़ाई साल से पीएफ कटौती का हिसाब नहीं दिया जाता है। इस हदतक कि पीएफ कटौती का खाता संख्या भी नही बताया गया है। न ही पीएफ में जमा रुपए का ही पता चल पा रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा पुछे जाने पर अब नगर परिषद कार्यालय के कर्मी कह रहे हैं कि कोई पीएफ का रूपया नहीं मिलेगा। सेफ्टी कीट के बगैर ही सड़े-गले अपशिष्ट एवं जीवों को उठाना पड़ता है। पूर्व में साफ-सफाई का काम ओवरटाइम कराया गया है। ओवरटाइम काम का भुगतान अब तक नही किया गया है। जब समुचित जानकारी मांगी जाती है तो कार्यालय के कर्मी फटकार लगाकर भगा देते हैं। सफाईकर्मियों को बार बार हटाने की धमकी दी जा रही है।

सभी सफाईकर्मियों का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नही की जाती है, तबतक हड़ताल जारी रहेगा।

इसे लेकर सफाई कर्मचारियों ने नप कार्यपालक पदाधिकारी और जिलाधिकारी को आवेदन समर्पित किया है।

जिसमें सफाई कर्मियों का ओवरटाइम कार्य का राशि देने और दो माह का सरकारी दर से भुगतान करने की बात कही गई है ।इस संबंध में सफाईकर्मी का पीएफ खाते में कटौती दो साल आठ महीना तक हुआ है। लेकिन कुछ सफाई कर्मी को ही यूएएन नंबर मिला है।

उसमें राशि कम दिखाई देता है। बताया गया है कि 25 सफाई कर्मियों का ओवर टाइम कार्य कराया गया लेकिन भुगतान नहीं हुआ है। सफाई एजेंसी के द्वारा अगस्त माह तक हुआ। लेकिन सितंबर माह से भुगतान कार्यालय द्वारा नहीं किया गया है। एक भी सफाई कर्मी को राशि नहीं मिला। सभी सफाईकर्मी को अक्टूबर माह और नवंबर माह का भुगतान नहीं हुआ है।

## मत्स्य विभाग की मधुबनी में संचालित केन्द्र एवं राज्य योजनाओं की प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक की गई

पटना। निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जिला मधुबनी के राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक निदेशक, महोदय के कक्ष में आहूत की गई। सर्वप्रथम पर निबंधन संबंधित समीक्षा की गई। निदेशक मत्स्य ने प्रत्येक प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित कर निबंधन करने का निदेश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाओं की समीक्षा की गई। निदेशक मत्स्य, के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत विभिन्न अवयवों की समीक्षा की गई। समीक्षा में जिला के उपलब्धि पर निदेशक मत्स्य द्वारा असंतोष प्रकट किया गया। तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत सभी अवयवों का दिसम्बर माह के अंत तक पूरा करे। निदेशक महोदय के द्वारा निदेश दिया गया कि उक्त जिला अपने क्षेत्रीय प्रभारी (मत्स्य प्रसार पदाधिकारी एवं मत्स्य विकास पदाधिकारी) को शत-प्रतिशत आवेदन सृजित करने का निदेश दिया गया। साथ हीं टक्र ढङ्क१३' पर लाभुकों की विवरणी उपलब्धि के अनुरूप सभी मत्स्य प्रसार पदाधिकारी एवं मत्स्य विकास पदाधिकारी को अद्यतन करने का निदेश दिया गया ।

# ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु को मिल सकता है खेल रत्न

## खेल मंत्रालय खुद नॉमिनेट करने को तैयार, मनु बोलीं- अवॉर्ड मेरा अंतिम लक्ष्य नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक्स में 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर को सरकार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड दे सकती है। खेल पुरस्कारों के लिए शॉर्ट लिस्ट किए गए खिलाड़ियों में मनु भाकर का नाम नहीं था।भारतीय निशानेबाज ने कहा, मैं अवॉर्ड के लिए उत्साहित तो हूं, लेकिन वह मेरा अंतिम लक्ष्य नहीं हैं। एक एथलीट के रूप में मेरी भूमिका अपने देश के लिए खेलना और प्रदर्शन करना है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने मनु भाकर का नाम खेल रत्न के लिए नहीं भेजा था, लेकिन इस पर विवाद के बाद अब एसोसिएशन नॉमिनेशन के लिए खुद खेल मंत्रालय के पास पहुंची है। खेल मंत्रालय भी अब खुद मनु के नॉमिनेशन की तैयारी कर रहा है।। मंत्रालय आर्टिकल 5.1 और 5.2 के तहत मनु को नॉमिनेट कर सकता है। नियम में कहा गया है कि अगर खिलाड़ी खेल रत्न के लिए दी गई गाइडलाइंस को पूरा करता हो तो वो खुद ही अपना नाम अवॉर्ड के लिए भेज सकता है। इसके अलावा मंत्रालय के पास भी ऐसे 2 नाम भेजने के अधिकार होते हैं।

**अभी नाम तय नहीं हुए- खेल मंत्रालय** - खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा- अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक हफ्ते में पुरस्कारों का खुलासा हो सकता है। खेल मंत्री एक या दो दिन में इस पर फैसला लेंगे। फाइनल लिस्ट में मनु का नाम होने की पूरी संभावना है।

एक दिन पहले मनु भाकर के पिता रामकिशन भाकर ने कहा था कि खेल रत्न



अवॉर्ड के लिए मनु की उपेक्षा की गई है। उनके इस बयान के बाद नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट विवादों आ गई। पहले इस सूची में मनु भाकर का नाम नहीं था।

**मनु के पिता ने नाराजगी जताई थी** - कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि खेल रत्न की नॉमिनेशन लिस्ट में मनु भाकर का नाम नहीं है। इस पर मनु भाकर के पिता ने नाराजगी जाहिर की। मनु के पिता ने कहा कि मनु ने अवॉर्ड के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसे नजरअंदाज किया गया। भारत में ओलिंपिक खेलों की अहमियत नहीं है। देश के लिए खेलने और पदक जीतने का क्या फायदा, जब सम्मान के लिए हाथ फैलाना पड़े। वह पिछले दो-तीन साल से लगातार सारे पुरस्कारों के लिए आवेदन कर रही है और मैं इसका गवाह हूं।

● **मैं इसकी हकदार हूं- खेल रत्न न मिलने के बाद मनु भाकर** - पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ने इस पुरस्कार की हकदार हैं या नहीं, इसका अंतिम फैसला देश की जनता पर छोड़ दिया है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का फैसला करने वाली समिति द्वारा उनके नाम की सिफारिश नहीं करने और इसके बजाय भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का नाम खेल रत्न पुरस्कार के लिए आगे बढ़ाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। मनु के पिता राम किशन ने कहा कि बेटी ने मुझसे कहा है कि उसे लगता है कि वह इसके लायक हूं। देश को फैसला करने दीजिए।वहीं, खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र ने कहा है कि अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक सप्ताह में पुरस्कारों का खुलासा होने पर उसका नाम सूची में होगा। अगस्त में पेरिस ओलंपिक में मनु एक ही खेलों में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी बन गई जब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

## मनु भाकर की खेलरत्न के लिए अवहेलना, कोच जसपाल राणा ने उठाए सवाल



दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए मनु की अनदेखी किये जाने पर आड़े हाथों लिया है। राणा ने कहा, 'मैं उन सभी को जिम्मेदार ठहराऊंगा। कोई कैसे कह सकता है कि मनु ने आवेदन नहीं किया। उसने एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा है। उसका नाम तो अपने आप आना चाहिए। क्या अधिकारियों को पता नहीं है कि मनु भाकर कौन है और उसकी क्या उपलब्धि है। इस अपमान से उसकी प्रगति में बाधा पहुंचेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुरस्कार के लिए खिलाड़ियों के सीधे आवेदन करने की अनिवार्यता खेल के हित में नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि मनु ने पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं किया है लेकिन उनके पिता रामकिशन भाकर ने कहा कि उन्होंने आवेदन किया है। राणा ने कहा, 'यह हैरानी की बात है। कोई शीर्ष खिलाड़ियों पुरस्कार के लिए आवेदन या अनुरोध क्यों करे। उसे तो अपने आप पुरस्कार मिलना चाहिए। उसकी अनदेखी कैसे हो सकती है। कोई व्यवस्था तो होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'क्या हर खिलाड़ी को पता है कि कैसे आवेदन करना है। क्या इसका कोई तुक है कि सिर्फ खिलाड़ी ही आवेदन कर सकता है। महासंघ, साइ या मंत्रालय क्यों नहीं।

### मनु ने पेरिस ओलिंपिक में डबल मेडल जीते थे

मनु भाकर ने अगस्त-सितंबर महीने में आयोजित पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे।

## भारत ने 19 टी वर्ल्ड कप के लिए टीम घोषित की

### निकी प्रसाद को मिली कप्तानी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले जाने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने टीम की घोषणा की जिसका नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी जबकि सानिका चालके उप-कप्तान होंगी। टीम में कमलिनी जी और भाविका अहिरे के रूप में दो विकेटकीपर हैं, जबकि तीन स्टैंडबाय खिलाड़ी नंदना एस, इरा जे और अनादि टी को भी टीम में शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लेंगी जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत मौजूदा चैंपियन है और उसे मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह मलेशिया (21 जनवरी) और श्रीलंका (23 जनवरी) के खिलाफ मैच खेलेगा। ग्रुप चरण के मैच 19 से 23 जनवरी के बीच खेले जाएंगे। इनमें प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम 25 से 29 जनवरी के बीच होने वाले सुपर सिक्स में जगह बनाएंगी।

**भारतीय टीम** - निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस। स्टैंडबाय खिलाड़ी- नंदना एस, इरा जे, अनादि टी।

### टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट 2025

## कारुआना होंगे टॉप सीड ,विश्व चैम्पियन गुकेश भी लेंगे भाग



**वाइक आन ज़े , नीदरलैंड (एजेंसी)।** निर्विवाद तौर पर दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट और शतरंज का विम्बलडन कहे जाने वाले 87वें टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की सूची घोषित कर दी गई है। 17 जनवरी से 2 फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाले मास्टर्स ग्रुप में दुनिया के नंबर 2 ग्रैंडमास्टर फाबियानो कारुआना शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होंगे वहीं भारत के शतरंज इतिहास के सबसे युवा विश्व चैम्पियन डी गुकेश के भी इसमें भाग लेने से रोमांच चरम पर होगा खासतौर तब जबकि लगातार दो शतरंज ओलंपियाड में फाबियानो को गुकेश नें हराया है ।

**मास्टर्स ग्रुप- टॉप 10 में से 5 खिलाड़ी शामिल** - इस बार टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर 2, 4, 5, 6 और 9 रैंक के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय खिलाड़ियों का भी मजबूत प्रतिनिधित्व रहेगा, जिसमें भारत के अर्जुन एरिगैसी, गुकेश डी , विदित गुजराती, और प्रज्ञानानंदा रमेशबाबू और पिछले साल के चैलेंजर्स विजेता जीएम लियोन ल्यूक मेंडोंका शामिल हैं।

# विमेंस-बंगाल ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन चेज किया

### तनुश्री के 113 रन और 3 विकेट; हरियाणा की शेफाली ने 197 रन बनाए

**राजकोट (एजेंसी)।** सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी में बंगाल ने हरियाणा के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन चेज करने का रिकॉर्ड बनाया है। सोमवार को क्वार्टर फाइनल मैच में बंगाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। हरियाणा से ओपनर शेफाली वर्मा के शानदार 115 बॉल पर 197 रन की मदद से टीम ने 50 ओवर में 389 रन बनाए।

जवाब में बंगाल ने 49.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 390 रन का टारगेट हासिल किया। टीम से तनुश्री सरकार ने 113 रन बनाए और 3 विकेट भी लिए। यह मुकाबला राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला गया।

**नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट का रिकॉर्ड टूटा** - महिला लिस्ट ए क्रिकेट में इससे पहले सबसे बड़ा रन चेज का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट टीम के नाम दर्ज था। साल 2019 में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स ने केंटरबरी के खिलाफ 309 रन के लक्ष्य का हासिल कर रिकॉर्ड बनाया था। महिला इंटरेशनल क्रिकेट में श्रीलंका के नाम सबसे ज्यादा रन चेज करने का रिकॉर्ड है। टीम ने इसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रन के लक्ष्य को हासिल किया था।



**पिछली 2 सीरीज से टीम से बाहर** - हरियाणा के लिए शेफाली वर्मा ने 115 गेंदों पर 197 रनों की पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 22 चौके और 11 छक्के लगाए। सीनियर महिला वन-डे ट्रॉफी में उनका यह दूसरा शतक है। शेफाली ने इससे पहले उत्तर प्रदेश के खिलाफ 98 गेंदों पर 139 रनों की पारी खेली थी।

अब तक 7 पारियों में शेफाली ने 527 रन बनाए हैं और रन चार्ट में टॉप पर हैं। शेफाली का शानदार प्रदर्शन ऐसे समय में देखने को मिला है, जब वह टीम इंडिया से बाहर चल रही हैं। पिछले दो सीरीज से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। शेफाली ने इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट में 6 वनडे मैचों में 18 की औसत से केवल 108 रन बनाए हैं।

**बंगाल को ओपनर्स ने दिलाई शतकीय शुरुआत** - 390 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल के ओपनर्स ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। सास्थी मंडल ने 52 और धारा गुज्जर ने 69 रन की पारी खेली। दोनों ने 9 ओवर में ही 100 रन जोड़ लिए थे। तीसरे नंबर पर बैटिंग के लिए उतरी तनुश्री सरकार ने शानदार शतक जड़कर टीम को मजबूती प्रदान की। सरकार ने 113 रन की पारी खेली जबकि विकेटकीपर प्रयंका बाला ने नाबाद 88 रन बनाए। रिशिता बासू ने नाबाद 11 रन बनाए। उन्होंने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर टीम को जीत दिलाई।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले विराट कोहली ने बदला हेयरस्टाइल, पुरानी यादें हुई ताजा

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेलबर्न एयरपोर्ट पर महिला पत्रकार से बहस के बाद विराट कोहली की एक नई वीडियो सामने आई है। कोहली क्रिकेट आइकन तो है ही साथ ही साथ फैशन और हेयर स्टाइल के मामले में भी एक ट्रेंडसेटर हैं। अपने बोल्ड लुक के कारण वह हमेशा क्रिकेट फैंस के प्रभावित करने में सफल रहते हैं। एक बार फिर कोहली ने ऐसा ही काम किया है। कोहली की नए हेयरस्टाइल में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे क्रिकेट फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। उनके नवीनतम इंटेंस लुक ने प्रशंसकों की पुरानी यादों जिंदा कर दी हैं।



कोहली अक्सर अपने हेयरस्टाइल को लेकर प्रयोग करते रहे हैं। उनका प्रत्येक नया लुक उनकी फैशन समझ और बदलाव को अपनाने के आत्मविश्वास को दर्शाता है। यह कोहली ही थे जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में स्टाइलिश हेयरस्टाइल और टैटू की शुरूआत की। उन्हें देखते देखते अन्य क्रिकेटर भी इसका अनुसरण करते दिखे। कोहली अब बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए तैयार हो रहे हैं। ऐसे में नए स्टाइल में वह नए सिरे से पारी शुरू करने की कोशिश करेंगे।

बता दें कि बीते दिन ही मेलबर्न एयरपोर्ट पर कोहली की ऑस्ट्रेलिया की एक महिला पत्रकार से बहस हो गई। यह घटना तब हुई जब कोहली अपनी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और अपने बच्चों के साथ मेलबर्न में उतरे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के चैनल 7 के एक पत्रकार ने परिवार का एक वीडियो बनाया, जिससे कोहली नाराज हो गए। क्रिकेटर विशेष रूप से अपने परिवार की गोपनीयता में घुसपैठ से परेशान थे। उन्होंने पत्रकार से संपर्क किया और ली गई तस्वीरों और वीडियो को देखने का अनुरोध किया। इसके बाद कोहली ने उनसे अपने परिवार की कोई भी तस्वीर या फुटेज हटाने के लिए कहा, जबकि उन्हें उनमें से किसी को भी अकेले रखने की इजाजत दी। ऑस्ट्रेलियाई कानून के तहत, सार्वजनिक स्थानों पर मशहूर हस्तियों की तस्वीरें खींचने या फिल्माने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, जिससे मामला जटिल हो सकता है। उन्होंने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा कि अपने बच्चों के साथ, मुझे कुछ गोपनीयता की आवश्यकता है। आप मुझसे पूछे बिना फिल्म नहीं बना सकते।

## विनोद कांबली के स्वास्थ्य पर डॉक्टरों ने दी जानकारी, विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है क्रिकेटर

मुंबई (एजेंसी)। विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो रहा है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कांबली को बेचैनी महसूस होने के बाद सोमवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि कांबली निम्न रक्तचाप और मूत्र मार्ग के संक्रमण (यूटीआई) सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ति हैं, लेकिन उन पर इलाज का असर हो रहा है।

उनकी हालत 'स्थिर' हो रही है। डॉक्टरों ने बताया कि सोडियम और पोटैशियम में असंतुलन के कारण उनमें जकड़न और गतिशीलता संबंधी समस्याएं देखी गई। उन्होंने कहा कि उनके मस्तिष्क में पिछले स्ट्रोक के कारण बने थक्के भी पाए गए, जिससे न्यूरोडीजेनेरेटिव परिवर्तन हुए। इसके कारण उनकी याददाश्त और अंगों का तालमेल प्रभावित हुआ है।

## बेन स्टोक्स 3 महीने के लिए क्रिकेट से रहेंगे दूर, न्यूजीलैंड के खिलाफ चोट के कारण होगी सर्जरी

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करानी होगी और वे कम से कम तीन महीने तक क्रिकेट के सभी प्रारूपों से बाहर रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार 33 वर्षीय स्टोक्स को इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन गेंदबाजी करते समय चोट लगी थी। इस साल यह दूसरी बार है जब स्टोक्स की बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, इससे पहले अगस्त में द हंड्रेड में खेलते समय भी उन्हें यही चोट लगी थी।



इंग्लैंड ने कहा कि डरहम के ऑलराउंडर स्टोक्स की जनवरी में सर्जरी होगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने जारी एक बयान में कहा है कि बेन स्टोक्स जनवरी में हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाएंगे। इसके बाद वह रिहैब की प्रक्रिया के कारण कम से कम तीन महीने के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे।

स्टोक्स ने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे पास अभी बहुत कुछ बचा है और अपनी टीम और इस शर्ट के लिए मुझे बहुत खून, पसीना और आंसू बहाने हैं। उन्होंने आगे कहा, एक कारण है कि मेरे शरीर पर हमेशा के लिए फीनिक्स का टैटू गुदवा लिया गया है। चोट के कारण स्टोक्स को भारत के व्हाइट-बॉल दौरे और जनवरी और फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल नहीं किया गया था। उन्हें जनवरी में दक्षिण अफ्रीका की फ्रैंचाइजी टी20 लीग एस20 में स्ब्ढ केप टाउन के लिए खेलना था, लेकिन अब वे टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे।

स्टोक्स काउंटी चैंपियनशिप के पहले दौर के लिए फिर से फिट होने का लक्ष्य रखेंगे, जिसमें 4 अप्रैल को डरहम का सामना नॉटिंघमशायर से ट्रेंट ब्रिज में होगा, हालांकि यह सर्जरी से उनकी रिकवरी पर निर्भर करेगा। स्टोक्स ने अपने करियर को लंबा करने के लिए मार्च से मई तक होने वाली 2025 इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में प्रवेश करने से इनकार कर दिया।

# रोहित ने कोहली का समर्थन किया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर विराट कोहली के संघर्ष को लेकर चिंताओं को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए टीम में लंबे समय के अपने साथी का पूर्ण समर्थन करते हुए मंगलवार को कहा, 'आधुनिक समय के महान खिलाड़ी अपने रास्ते को खुद तय कर लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे पर कोहली ने पांच पारियों में 5, 100 नाबाद, 7, 11 और तीन रन बनाए है। इस दौरान उनका औसत 31.50 रन का रहा है। खुद भी खराब दौर से गुजर रहे रोहित को लय हासिल करने की उम्मीद है। जब उनसे कोहली के संघर्षों के बारे में सवाल पूछा गया तो चेहरे पर मुस्कान के साथ इसका जवाब दिया।

जब एक पत्रकार ने रोहित से पूछा कि खराब दौर से गुजर रहे मौजूदा युग के किसी महान खिलाड़ी को आप सलाह देना पसंद करेंगे या उनके हालात पर छोड़ देंगे। भारतीय कप्तान ने कहा, 'आप ने ही कहा कि वह मौजूदा दौर के महान खिलाड़ी है। मौजूदा दौर के महान खिलाड़ी अपना रास्ता खुद तय कर लेते हैं। कोहली एमसीजी में नेट अभ्यास सत्र में भाग लेने वाले सबसे शुरुआती



बल्लेबाजों में से एक थे और रोहित प्रमुख बल्लेबाजों में सबसे आखिरी में अभ्यास करने पहुंचे। भारतीय कप्तान ने आखिरी 20 मिनट में सिर्फ दो शॉट खेले और बाकी गेंदों को विकेट के पीछे जाने दिया। वह गेंद पर आक्रमण करने की अपनी नैसर्गिक प्रवृत्ति को नियंत्रित करने की कोशिश करते दिखे। अभ्यास के दौरान

### आधुनिक समय के महान खिलाड़ी अपना रास्ता खुद बनाते हैं

रोहित गेंदबाजों खासकर हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा से चौथे स्टंप की लाइन में गेंदबाजी करने को कहा। इस दौरान वहां लगभग 500 की संख्या में मौजूद प्रशंसकों में से किसी ने कहा, 'रोहित भाई पुल मारो ना। रोहित से जब उनकी बल्लेबाजी क्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने थोड़ा चिढ़ते हुए कहा, 'इसके बारे में चिंता न करें। मुझे लगता है कि कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इस बारे में हमें टीम के अंदर चर्चा करनी चाहिए। मुझे हर संवाददाता सम्मेलन में इस सवाल का जवाब नहीं देना चाहिए। टीम में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की जगह तनुष कोटियान के चयन के बारे में पूछे जाने पर भारतीय कप्तान ने एक बार फिर चुटिले अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने चेहरे पर बड़ी मुस्कान के साथ कहा, 'कुलदीप के पास वीजा नहीं है। रोहित ने फिर बताया कि कुलदीप चोट से पूरी तरह से उबरे नहीं है। उन्होंने कहा, 'अक्षर अभी पिता बने हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं तनुष बुरा गेंदबाज है लेकिन वह यहां विकल्प के तौर पर है। पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है और इसके आखिरी दो मैच मेलबर्न और सिडनी में होंगे।

## पंत, गिल, जायसवाल एक ही नाव पर सवार, उनकी मानसिकता से छेड़छाड़ नहीं करना चाहते

यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल अपनी अनियमित फॉर्म के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में एक जैसी स्थिति में है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि इन तीनों में से किसी पर भी अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा क्योंकि इससे स्थिति और जटिल हो जाएगी। जायसवाल ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 161 रन की मैच जिताने वाली पारी खेली थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया जबकि गिल और पंत अभी तक खेले गए तीन टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। रोहित ने इन तीनों बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, 'गिल, जायसवाल और पंत जैसे खिलाड़ी एक ही नाव पर सवार हैं। वे जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। हमें चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहिए। जायसवाल पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खेल रहा है। वह पहले ही दिखा चुका है कि वह क्या करने में सक्षम है। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और जब आपके पास उसके जैसा खिलाड़ी हो तो आप उसकी मानसिकता में बहुत अधिक छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे। रोहित ने कहा, 'उसे जितना संभव हो उतना स्वच्छंद होकर खेलने दें तथा उसकी बल्लेबाजी को लेकर बहुत अधिक विचार करके उस पर अतिरिक्त बोझ नहीं बनने दें। वह किसी अन्य की तुलना में अपनी बल्लेबाजी के बारे में बेहतर समझ रखता है और उसने अभी तक इसी तरह से क्रिकेट खेली है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल ने राजनीतिक कारणों से, नफरत पैदा करने के लिए किया परभणी का दौरा- फडणवीस

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि परभणी में हिरासत में मारे गए एक दलित व्यक्ति के परिजनों से मिलने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दौरा 'केवल राजनीतिक कारणों से' और 'नफरत पैदा करने' के लिए किया गया था। राहुल गांधी ने इससे पहले आज दिन में परभणी में सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों से मुलाकात की और कहा कि सोमनाथ इसलिए मारे गए क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। सोमनाथ उन 50 से अधिक लोगों में शामिल थे जिन्हें 10 दिसंबर को बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास लगी संविधान की प्रतिकृति के अपमान के बाद भड़की हिंसा के बाद गिरफ्तार किया गया था।

परभणी में शंकर नगर निवासी सोमनाथ (35) को परभणी जिला केंद्रीय जेल में रखा गया और छाती में दर्द तथा बेचैनी की शिकायत के बाद एक सरकारी अस्पताल में 15 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि पुलिस ने सोमनाथ सूर्यवंशी को मार डाला और यह 'शत प्रतिशत हिरासत में मौत' का मामला है। पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, ''राहुल गांधी सिर्फ राजनीतिक कारणों से आए हैं। उनका काम लोगों में नफरत फैलाना है। हम सभी मामलों की जांच कर रहे हैं। मामला अदालत में है।''

गृह मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, ''अगर यह साबित हो जाता है कि मौत पुलिस की पिटाई से हुई है, तो किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।'' राज्य सरकार ने परभणी हिंसा के मामले में न्यायिक जांच का आदेश दिया है। विधानसभा के 21 दिसंबर को समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान फडणवीस ने बताया कि सोमनाथ सूर्यवंशी ने एक मजिस्ट्रेट से कहा था कि उन्हें प्रताड़ित नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई प्रमाण नहीं मिलता।

### लोगों की जिंदगी में बेहतर बदलाव लाना केजरीवाल का मकसद - मनीष सिसोदिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की सियासत गर्म है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेता मनीष सिसोदिया सोमवार को कहा कि लोगों की जिंदगी में बेहतर बदलाव लाना ही अरविंद केजरीवाल की राजनीति का मकसद है। आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर मनीष सिसोदिया ने कहा, लोगों में बहुत उत्साह है। लोगों की जिंदगी में बदलाव लाना अरविंद केजरीवाल की राजनीति और सरकार में आने का मकसद है। कोई आदमी करोड़ों रुपए टैक्स देता है, अगर वो 60 की उम्र में रिटायर होता है, भले वो सरकारी नौकरी, प्राइवेट जॉब से रिटायर हो, उसके सामने इलाज का संकट होता है। अभी तक जो करोड़ों रुपए टैक्स दे रहा था, अब उसको कोई पूछता ही नहीं है। पांच लाख रुपये के इलाज के लिए लोगों को तरसना पड़ता है। केजरीवाल का मानना है कि लोगों के जीवन में यहां पर आसानी लाई जा सकती है। इसी सिलसिले में सोमवार को जंगपुरा विधानसभा से संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन की शुरुआत हुई। हमारी टीम के लोग रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं और लोगों में बहुत उत्साह है। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर के दिल्ली के पिछले 10 सालों में बदहाल वाले बयान पर उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल लोगों के जीवन में खुशहाली ला रहे हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा, महिलाओं को सम्मान राशि देकर और सुरक्षा के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाकर और बुजुर्गों के लिए योजना लाकर केजरीवाल लोगों के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। वहीं, अनुराग ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी बता दे, गाजियाबाद, नोएडा या जिन राज्यों में उनकी सरकार है, वहां पर उन्होंने अगर ऐसा किया हो।

### मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद वाले बयान पर

# रामभद्राचार्य ने कहा, वह संघ के संचालक, हिंदू धर्म के नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के बयान कि कुछ लोग मंदिर-मस्जिद से जुड़ा मुद्दा इसलिए उठाते हैं, ताकि वो स्वयं हिंदुओं को बड़े नेता के रूप में स्थापित हो सके। इस पर रामभद्राचार्य ने कहा, यह उनका व्यक्तिगत बयान हो सकता है, वह संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं। दरअसल, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि मंदिर-मस्जिद से जुड़ा मुद्दा कुछ लोग इसलिए उठाते हैं ताकि वे स्वयं को हिंदुओं के नेता के रूप में स्थापित कर सकें। विशेष रूप से, राम मंदिर के संदर्भ में ऐसी बातें ज्यादा देखने को मिल रही हैं।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर मीडिया से बात करते हुए स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि उनका यह बयान व्यक्तिगत हो सकता, इससे हमारा कोई लेना देना नहीं है, क्योंकि वो हमारे अनुशासक नहीं है। वो संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं। उन्होने स्पष्ट किया कि हमारा ध्यान सदैव धर्म के अनुशासन और सत्य पर रहता है। जहां-




जहां हिंदू धर्म के प्रमाणित स्थल हैं, वहां हमारी उपस्थिति होगी। जहां भी प्राचीन मंदिरों के प्रमाण उपलब्ध होंगे, हम उन्हें दोबारा स्थापित करने का प्रयास करेंगे। यह हमारे लिए कोई नई कल्पना नहीं है, बल्कि सत्य के आधार पर हमारी संस्कृति और धर्म का संरक्षण है।

उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के दौरान मारे गए लोगों की घटना को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन?होंने कहा कि? हिंदुओं को एक होना चाहिए, उनका ध्रुवीकरण नहीं होना चाहिए। पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार इस पर कदम उठा रही है, लेकिन अब और कठोर कदम उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहूंगा कि वो कठोर रुख अपनाएं। इसके साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ के आयोजन पर उन्होंने खुशी जाहिर की।

बता दें कि मुंबई में कांदिवली के ठाकुर विलेज में भव्य राम कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध संत स्वामी रामभद्राचार्य महाराज द्वारा सात दिनों तक कथा सुनाई जाएगी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कांदिवली ठाकुर विलेज में राम कथा के आयोजन का उद्देश्य केवल धर्म का प्रचार-प्रसार करना है। रामभद्राचार्य ने इसे श्रद्धालुओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक पवित्र अवसर बताया।

## हरियाणा में प्रशासनिक फेरबदल, आईपीएस सौरभ सिंह बने सीआईडी चीफ

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में रविवार को प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। यहां पर आईपीएस सौरभ सिंह को सीआईडी चीफ और आईपीएस आलोक मित्तल को एडीजीपी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी शासित हरियाणा में बड़ा प्रशासनिक फेर बदल हुआ है। यहां पर 1993 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक मित्तल को एंटी करप्शन ब्यूरो और एडिशनल रेजिडेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी सौरभ सिंह को एडीजीपी/सीआईडी नियुक्त किया गया है। हरियाणा में नई सरकार के गठन के बाद से प्रशासनिक फेरबदल लगातार जारी है।

इसे पहले दो दिसंबर को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई थी। प्रदेश सरकार ने 44 अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की थी। आईएएस अनुराग रस्तोगी को सबसे अहम वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर), वित्त विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और आईएएस सुमिता मिश्रा को गृह सचिव नियुक्त किया गया था। वहीं, आईएएस सुधीर राजपाल को स्वास्थ्य एवं एविएशन विभाग के साथ चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान और आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस अफसर अशोक खेमका को अनिल विज के महकमे की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आईएएस अधिकारी डी सुरेश को हरियाणा भवन नई दिल्ली का रेजिडेंट कमिश्नर और उद्योग विभाग एवं वाणिज्य विभाग का प्रधान सचिव, आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्र को हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण, नई दिल्ली का मुख्य प्रशासक, फरीदाबाद व गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और नागरिक उड्डयन विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया था।

## फरीदाबाद में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या पता लगाने में जुटीं 25 टीमें, सीआईडी भी सतर्क



**फरीदाबाद , एजेंसी।** स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। इस बाबत शहर में 25 टीमें गठित की गई हैं। सभी थाने से गठित एक-एक टीम अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे ऐसे विदेशियों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का दावा है कि अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।

जानकारी के अनुसार स्मार्ट सिटी में शरणार्थी के रूप में काफी संख्या में रोहिंग्या रह रहे हैं। उन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा शरणार्थी का कार्ड दिया गया है। शहर में शरणार्थी के रूप में 147 रोहिंग्या रह रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि शरणार्थी के तौर पर हर मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके बावजूद आशंका है कि शहर में बांग्लादेश के नागरिक अवैध रूप से रह रहे होंगे, जिससे देश की सुरक्षा को खतरा है। अधिकारियों का कहना है कि टीमें जांच अभियान चला रही है।

**मुखबिर तंत्र मजबूत कर रहे:** अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की पहचान के लिए पुलिस मुखबिर तंत्र मजबूत कर रही है। सीआईडी आदि को भी सतर्क किया गया है। इस बाबत क्राइम ब्रांच की टीम को भी निर्देशित किया गया है कि वह संबंधित क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

### दिल्ली से भागकर फरीदाबाद आ सकते हैं

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। आशंका है कि वो फरीदाबाद भाग कर आ सकते हैं। ऐसे में फरीदाबाद पुलिस सतर्क है। पुलिस आयुक्त ने सभी पुलिस उपायुक्त को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में इस ओर विशेष ध्यान देकर निगरानी का स्तर बढ़ाए और लगातार जांच कराई जाए।

## गुरुग्राम टू दिल्ली तक बनेगा मेट्रो का नया रूट, द्वारका से रेजांगला चौक के बीच 8 किमी लंबे मार्ग में होंगे 7 स्टेशन



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम से दिल्ली तक मेट्रो का एक और नया रूट बनाया जाएगा। हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी) ने गुरुग्राम के रेजांगला चौक से लेकर द्वारका सेक्टर-21 तक प्रस्तावित मेट्रो की डीपीआर मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय को भेज दी है। 8.40 किलोमीटर लंबे इस मेट्रो रूट के निर्माण में करीब 1892 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में इस मेट्रो मार्ग को लेकर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री की तरफ से इस मेट्रो मार्ग को लेकर जल्द ही शहरी विकास एवं आवासीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात करके इस परियोजना को मंजूरी प्रदान करने का आग्रह किया जाएगा। बता दें कि, हरियाणा सरकार में मुख्यमंत्री रहने के दौरान खट्टर ने इस मेट्रो मार्ग के लिए डीपीआर तैयार करने के आदेश जारी किए थे।

**डीपीआर में 7 स्टेशन प्रस्तावित:** राइट्स की तरफ से इस मेट्रो मार्ग की डीपीआर में 7 स्टेशन प्रस्तावित किए हैं। इसमें गुरुग्राम में चार, जबकि दिल्ली में तीन स्टेशन का निर्माण होना है। गुरुग्राम में पालम विहार, चौमा, सेक्टर-110ए और सेक्टर-111 में मेट्रो स्टेशन तैयार होंगे, जबकि दिल्ली में दिल्ली के सेक्टर-28, आईआईसीसी और द्वारका के सेक्टर-21 में मेट्रो स्टेशन का निर्माण करने की योजना है। पालम विहार में तीन मंजिला इंटरचेंज स्टेशन का निर्माण होगा, जो मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक प्रस्तावित मेट्रो (ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो) से जुड़ेगा।

**8.40 किलोमीटर लंबा होगा मेट्रो रूट:** गुरुग्राम में मेट्रो मार्ग की लंबाई करीब 4.90 किलोमीटर होगी, जबकि दिल्ली में यह लंबाई 3.50 किलोमीटर होगी। इस मेट्रो के निर्माण के लिए 60539 वर्गमीटर जमीन की आवश्यकता पड़ेगी, जिसमें मेट्रो स्टेशन और डिपो तैयार किया जाएगा। इसके अलावा 25 हजार वर्ग मीटर जमीन अस्थायी तौर पर कास्टिंग यार्ड बनाने के लिए चाहिए।

**मुख्यमंत्री आज प्रोजेक्ट की समीक्षा करेंगे:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को गुरुग्राम की मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में इसको लेकर बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीएमआरएल, एचएमआरटीसी, नगर निगम, जीएमडीए, एचएसआईआईडीसी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, एचएसवीपी, भूमि अधिग्रहण विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## चीन की अदालत ने स्कूली बच्चों को कुचलने वाले को मृत्युदंड दिया, सजा पर दो साल रहेगी रोक



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की एक अदालत ने पिछले महीने दक्षिणी हुनान प्रांत में प्राथमिक विद्यालय के छात्रों और अभिभावकों की भीड़ को अपनी कार से कुचलने के जुर्म में एक व्यक्ति को सोमवार को मौत की सजा सुनाई। हालांकि, मौत की सजा पर दो साल तक रोक रहेगी। 'चांगडे इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट के बयान के अनुसार, लगभग 30 लोगों को कुचलने की घटना के बाद हमलावर हुआंग वेन को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक घायल होने वालों में 18 बच्चे थे।

सरकार के आदेशों के बाद सोशल मीडिया पर हमले के वीडियो हटा दिए गए थे और घटना के बारे में सरकारी प्रतिष्ठानों से केवल संक्षिप्त बयान जारी किए गए। अदालत ने हमलावर को मौत की सजा सुनाई लेकिन इस पर दो साल रोक रहेगी। अगर दोषी व्यक्ति सजा पर रोक की अवधि के दौरान कोई और अपराध नहीं करता है तो आम तौर पर मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदल दिया जाता है।

अदालत ने कहा कि हुआंग ने 19 नवंबर को निवेश किए गए धन गंवाने के बाद हताशा में अपनी कार से भीड़ को कुचल दिया। एक हथियार से लोगों पर हमला करने के प्रयास के बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत के बयान में कहा गया है, ''हुआंग वेन के निशाने पर मुख्यत : प्राथमिक विद्यालय के छात्र थे। उसके आपराधिक इरादे बेहद घृणित थे। हुआंग के हमले के एक सप्ताह पहले दक्षिणी झुहाई शहर में एक व्यक्ति ने खेल परिसर में अभ्यास कर रहे लोगों को वाहन से कुचल दिया था, जिसमें 35 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।



### ऐतिहासिक सांताक्रूज घाट का एक हिस्सा बहा

**सैकरामेंटो, एजेंसी।** प्रशांत महासागर में आए एक शक्तिशाली तूफान में कैलिफोर्निया का ऐतिहासिक सांताक्रूज घाट का एक हिस्सा तबाह हो गया है। हादसे में दो लोग लापता हैं और एक को बचा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रशांत महासागर में आए एक चक्रवाती तूफान के चलते समुद्र में ऊंची लहरें उठीं, जिससे सांताक्रूज घाट का एक हिस्सा तबाह हो गया। तूफान के चलते सांताक्रूज घाट के आसपास रहने वाले लोगों को समुद्र तट पर जाने से मना कर दिया गया है। साथ ही आसपास के होटल्स से पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

## गोद लिए बेटों के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया गया समलैंगिक कपल, अदालत ने सुनाई 100 साल जेल की सजा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के जॉर्जिया में क गे कपल को अदालत ने सजा सुनाई गई है। गे पल को अपने बेटों के साथ यौन शोषण करने के मले में दोषी पाए जाने के बाद,100 साल जेल की जा सुनाई गई। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने वाल्टन काउंटी स्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय के हवाले से बताया ; दो आरोपियों, विलियम डेल जूलोक और जाचरी लॉक को ये सजा सुनाई गई है। विलियम 34 साल हैं, जबकि जाचरी 36 साल के हैं। उन्होंने दो ईयों को गोद लिया था, जो अब 12 और 10 साल हो गए हैं। इन बच्चा का पालन पोषण गे कपल ने पन्न अटलांटा उपनगर में किया है। मिली जानकारी अनुसार, वाल्टन काउंटी पुलिस को सूचना मिली थी कि एक गूगल अकाउंट पर साल 2022 में बच्चों के दुष्कर्म से संबंधी कंटेंट अपलोड किया गया है।

**जांच में सामने आई सच्चाई :** जांच के दौरान पुलिस ने हंटर लॉलेस नामक व्यक्ति को पकड़ा, जिसने बताया कि उसे जाचरी जुलॉक नामक युवक ने आपत्तिजनक कंटेंट भेजा था। पुलिस ने जब इसकी जांच की तो जो सच्चाई सामने आई, जिसे सुन सब हैरान रह जाएंगे। पुलिस ने बच्चों के यौन शोषण मामले में दो आरोपी जाचरी जुलॉक और विलियम डेल जूलोक को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि दोनों समलैंगिक हैं और कपल की तरह साथ रहते थे। दोनों ने जिन दो बच्चों को गोद लिया था, उन्हीं के साथ दुष्कर्म किया।

**सोशल मीडिया पर शेयर की अश्लील फोटोः** इन दोनों (जाचरी जुलॉक और विलियम डेल) के दोस्तों में से एक ने पुलिस को बताया कि जाचरी ने एक बार स्नैपचैट पर बच्चों के साथ दुष्कर्म करने वाली फोटो भी शेयर की थी, इसके साथ उन्होंने लिखा था, मैं आज रात अपने बेटे के साथ कुछ गलत करने जा रहा हूं।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबीयत बिगड़ी



### बुखार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबीयत सोमवार (स्थानीय समय) को अचानक खराब हो गई। जानकारी के मुताबिक, बुखार समेत कुछ अन्य शिकायतों के बाद उन्हें वाशिंगटन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ एंजेल उरेना हवाले से बताया गया कि क्लिंटन का स्वास्थ्य अच्छा है। 78 साल के डेमोक्रेटिक नेता को कई जांचों और निगरानी के लिए मेडस्टार जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उरेना ने कहा, उनका स्वास्थ्य अच्छा है और उन्हें जो बेहतरीन देखभाल मिल रही है, उसके लिए वे बहुत आभारी हैं।

**कमला हैरिस के लिए प्रचार करते दिखे थे:** अमेरिका में हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में बिल क्लिंटन काफी सक्रिय रहे थे। उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए प्रचार भी किया था। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने संबोधन भी दिया था। तब क्लिंटन ने कमला हैरिस की जमकर तारीफ की थी। बिल क्लिंटन ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ने के मुश्किल फैसले के लिए जो बाइडन को भी सराहा था। ट्रंप पर निशाना साधते हुए क्लिंटन ने कहा था, डोनाल्ड ट्रंप सिर्फ मैं, मैं करते हैं। अगली बार जब आप उन्हें सुनें तो इस पर ध्यान दें कि वह कितनी बार अपना जिक्र करते हैं। हालांकि, चुनावों में हैरिस को ट्रंप के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था।

**अमेरिका के 42वें राष्ट्रपति के तौर पर 1993 से 2001 तक संभाला पदः** क्लिंटन अमेरिका के 42वें राष्ट्रपति थे। उन्होंने 1993 से 2001 तक इस पद की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति को कई बार स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लंबे समय तक सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ के बाद 2004 में उनकी बाईपास सर्जरी हुई। फिर साल 2010 में उनकी कोरोनरी आर्टरी में स्टेंट की एक जोड़ी लगाई गई। इसके बाद 2021 में वह मूत्र संक्रमण संबंधी समस्या से जूझे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) | RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129